You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-80 | सोमवार, 21 अप्रैल 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



डिजिटल महाकुम्भ का दावा करने वाली सरकार के ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरे हादसे के समय कहां गायब हो गए थे। सोशल मीडिया में हुए प्रचार से लोगों में त्रिवेणी पावन जल के प्रति अथाह आस्था बढ़ गई और करोड़ों श्रद्धालु यहां उस पावन बेला में पुण्य अर्जित करने पहुंचे। लेकिन व्यवस्था ठीक नहीं थी।
अखिलेश यादव

मेरठ के सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. उमंग मित्तल को रोबोटिक सर्जरी में मिली फ़ेलोशिप 11

शिवसैनिकों ने फूंका सीएम ममता का पुतला 12

### मुख्यमंत्री योगी ने किया बांध पर बन रहे फोरलेन मार्ग का निरीक्षण

# हावर्ट बांध पर फोरलेन निर्माण से यातायात की समस्या होगी दूर : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

गोरखपुर,। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह हावर्ट बांध पर बन रहे फोरलेन सड़क के निर्माण कार्यों का बहरामपुर रेगुलेटर नम्बर एक के पास स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने फोरलेन की ड्राइंग मैप का अवलोकन कर प्रोजेक्ट की प्रगति की जानकारी ली और कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग (निर्माण खंड-2) के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गोरखपुर चारों ओर से जल से घिरा हुआ क्षेत्र है। इसके पूरब में रामगढ़ताल, उत्तर की तरफ चिलुआताल, पश्चिम की तरफ राप्ती नदी और पश्चिमोत्तर में रोहिन नदी गोरखपुर महानगर को घेरे हुए है। रोहिन नदी से बचाव के लिए माधोपुर तटबंध बना हुआ है। राप्ती और रोहिन नदी का संगम डोमिनगढ़ में होता है और इसके बाद राप्ती नदी गोरखपुर के पश्चिम की ओर से बहती है। राप्ती नदी की बाढ़ से बचाव के लिए हावर्ट बांध बना हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में यदि कहीं बाढ़ आ जाती है तो गोरखपुर महानगर ही महत्वपूर्ण केंद्र होता है जहां से बचाव के कार्य सुगमता से संपन्न होते हैं। बाढ़ से शहर के बचाव के लिए दशकों से मांग हो रही थी। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2017-18 में इसी क्षेत्र में जब हावर्ट बांध पर जब राप्ती नदी का लेवल उठ रहा था तब बाढ़ से बचाव के लिए अत्यंत संवेदनशील स्थिति बन गई थी। काफी मशक्कत के बाद तटबंध को बचाया जा सकता था। इसे देखते हुए और यातायात की समस्या से भी निजात दिलाने के लिए एक नई व्यवस्था बनाई गई है। इसमें राजघाट से डोमिनगढ़ तक फोरलेन की सड़क बन रही है। डोमिनगढ़ में एक रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण हो रहा है। हावर्ट बांध के बाद माधोपुर तटबंध को भी फोरलेन से जोड़ते हुए महेसरा को जोड़ने की कार्रवाई होगी। सीएम योगी ने कहा कि इससे सिटी के बाहर-बाहर फोरलेन की बेहतरीन कनेक्टिविटी मिल जाएगी। राजघाट, टीपीनगर से होते हुए नेपाल जाने वाले मार्ग पर जाने के लिए यात्रियों को शहर के अंदर जाने की जरूरत नहीं रहेगी। इस फोरलेन से सीधे महेसरा और फिर वहां से सोनौली मार्ग पर जाना आसान होगा। यही स्थिति मालभाड़ा पर भी लागू होगी। उन्होंने कहा कि यहां पास में स्थित साहबगंज ● शेष पेज 11 पर



### आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश से जनहानि होने पर राहत राशि का तत्काल हो वितरण : मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश, ओलावृष्टि को लेकर जिलों में अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नज़र रखें। आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश जैसी आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें। वहीं दुर्घटना में घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकारीगण सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन करते हुए आख्या शासन को भेजें। जिससे इस सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही करायी जा सके। ● शेष पेज 11 पर

### आयुष के बढ़ते बाजार का अग्रणी राज्य बनेगा उत्तर प्रदेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का जोर अब हेल्थ टूरिज्म पर है। इसमें चिकित्सा की परंपरागत विधा आयुष पर खासा फोकस है। आयुष में बिना किसी दुष्प्रभाव के निरोग और रोग होने पर इलाज का यह एक परंपरागत एवं प्रभावी जरिया है। योग सहित आयुर्वेद की वैश्विक स्तर पर बढ़ती लोकप्रियता इसके संभावनाओं को और बढ़ा रही है। हर किसी के लिए उपयोगी होने के कारण आज पूरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) मनाती है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हर्बल उत्पादों को मान्यता देना भारत के लिए एक सुअवसर हो सकता है। आयुर्वेद की यह लोकप्रियता और वैश्विक स्वीकार्यता भारत के स्वदेशी ज्ञान और विरासत की संपन्नता ● शेष पेज 11 पर

# प्रधानमंत्री आज सिविल सेवकों को करेंगे संबोधित

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली,। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 अप्रैल को 17वें सिविल सेवा दिवस पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक दिवसीय सिविल सेवा दिवस सम्मेलन में राष्ट्र के सिविल सेवकों को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी जिलों और केन्द्र व राज्य सरकारों को चिन्हित प्राथमिकता कार्यक्रमों और नवाचारों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री समग्र विकास और



नवाचारों की कहानियों की एक ई-पुस्तकें जारी करेंगे। कैबिनेट सचिव डॉ. टीवी सोमनाथन की अध्यक्षता में ल्लसिविल सेवा सुधार- चुनौतियां और अवसरङ्क पर एक पूर्ण सत्र होगा। इसके अलावा विभिन्न कार्यक्रमों के चार अलग-अलग सत्र होंगे। शहरी परिवहन को मजबूत करने संबंधी एक सत्र की अध्यक्षता केन्द्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री व बिजली मंत्री मनोहर लाल करेंगे। आयुष्मान भारत पीएम जन आरोग्य योजना और आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से स्वस्थ भारत को बढ़ावा देने पर सत्र की अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा करेंगे, जबकि मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के माध्यम से महिलाओं और बच्चों के लिए पोषण को बढ़ावा देने संबंधी सत्र की अध्यक्षता केंद्रीय ● शेष पेज 11 पर

# सपा दलितों की हितैषी नहीं हो सकती: मायावती

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कंाग्रेस व भाजपा आदि की तरह ही सपा भी अपनी नीयत व नीति में खोट-द्वेष है, इस कारण सपा कभी भी दलितों-बहुजनों की सच्ची हितैषी नहीं हो सकती है। वोटों के स्वार्थ की खातिर लगातार छलावा करती रहेगी, जबकि बसपा 'बहुजन समाज' को शासक वर्ग बनाने के लिए हमेश संघर्ष करती रहेगी। मायावती ने रविवार को एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, 'कंाग्रेस-भाजपा की तरह सपा में



भी गरीबी, जातिवादी शोषण व अन्याय-अत्याचार आदि को समाप्त करने की इच्छाशक्ति नहीं है। दलितों को संवैधानिक अधिकार देकर उनका वास्तविक कल्याण व उत्थान करना तो दूर की बात है। इसके कारण वे मुख्यधारा से कोसों दूर हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि सपा के लोगों ने हमेशा बसपा के साथ विश्वासघात किया है। ● शेष पेज 11 पर

### शारिक साठा और सहयोगी सिंकदर की 2.31 करोड़ की संपत्ति जब्त

संभल। जनपद में शाही जामा मस्जिद के दूसरे सर्वे के दौरान 24 नवंबर 2024 में हुई हिंसा में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। हिंसा में शामिल शारिक साठा और उसके साथी सिकंदर की 2.31 करोड़ की संपत्ति जब्त की। अब इस जमीन को जनकल्याण के कार्यों में लाया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने रविवार को बताया कि जनपद जो हिंसा हुई थी, उसमें ऑटो लिफ्टर गैंग का सदस्य शारिक साठा का नाम जांच में आया था। दोनों के खिलाफ वर्ष 2009 में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपितों की संपत्ति के बारे में छानबीन की तो पता चला कि शारिक साठा ने पत्नी गुले रोशन और सिकंदर ने पत्नी सजा परवीन के नाम पर तुर्तिपुर इल्हा में स्थित 268 वर्गमीटर ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### रुद्राभिषेक कर मुख्यमंत्री योगी ने की चराचर जगत के कल्याण की कामना

गोरखपुर। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और चराचर जगत के कल्याण की प्रार्थना की। गोरखनाथ मंदिर स्थित पीठाधीश्वर आवास के प्रथम तल पर शक्तिपीठ में मुख्यमंत्री योगी ने देवाधिदेव महादेव को विल्व पत्र, कमल पुष्प, दूर्वा, मधु, घृत, अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित करने के बाद फलों के रस से रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान कराया। यह अनुष्ठान हवन के साथ पूर्ण हुआ। रुद्राभिषेक अनुष्ठान के उपरांत योगी ने प्रदेशवासियों के देवाधिदेव महादेव से चराचर जगत के कल्याण और आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की।

### ममता बनर्जी ने भाजपा पर लगाया पश्चिम बंगाल में सांप्रदायिक तनाव भड़काने का आरोप

कोलकाता। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य की हालिया घटनाओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा पश्चिम बंगाल में सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री ने यह आरोप एक खुले पत्र के माध्यम से लगाया, जिसमें उन्होंने राज्यवासियों को सतर्क रहने की अपील की। ममता ने लिखा, ''भाजपा और उसके सहयोगी अचानक पश्चिम बंगाल में बेहद आक्रामक हो गए हैं। इनके सहयोगियों में आरएसएस भी शामिल है। ये लोग एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना की आड़ में जानबूझकर उकसावे की राजनीति कर रहे हैं।''
ममता ने लिखा, ''हम सबको प्रेम करते हैं, मिलकर रहना चाहते हैं। हम दंगों की निंदा करते हैं और उसके सख्त खिलाफ हैं। ये लोग हमें बांटने की साजिश कर रहे हैं ताकि संकीर्ण राजनीति लाभ हासिल किया जा सके। मुख्यमंत्री ने शांति और एकता बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि हिंसा के पीछे मौजूद अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने जनता से आपसी अविश्वास से बचने और सतर्क रहने की भी अपील की।

# छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने किए 20 आईपीएस अफसरों के तबादले

एजेंसी

रायपुर। राज्य सरकार ने कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त और अधिक सुव्यविस्थत करने के उद्देश्य से आज 20 आईपीएस अफसरों के तबादले कर द?िए हैं। रविवार को जारी आदेश में 9 जिलों के एसपी और दो जिलों के आईजी बदल दिए गए हैं। जारी सूची के अनुसार, पवन देव- अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक, पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन रायपुर। अंकित कुमार गर्ग - पुलिस महानिरीक्षक, एसआईबी, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर। ध्रुव गुप्ता - पुलिस महानिरीक्षक, सीआईडी, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर। दीपक कुमार झा - पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज। अभिषेक शांडिल्य - पुलिस महानिरीक्षक, राजनांदगांव रेंज। बालाजी राव सोमावार - पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था, विशेष शाखा, पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर। अजातशत्रु बहादुर सिंह - पुलिस महानिरीक्षक, गुप्तवार्ता, विशेष शाखा, पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर। विवेक शुक्ला - एआईजी, सीआईडी, पुलिस




मुख्यालय नवा रायपुर। राजेश कुमार अग्रवाल - पुलिस अधीक्षक, सरगुजा। विजय अग्रवाल - पुलिस अधीक्षक, दुर्ग। जितेंद्र शुक्ला - सेनानी, 5वीं वाहिनी, छसबल जगदलपुर। भावना गुप्ता - पुलिस अधीक्षक, बलौदाबाजार-भाटापारा। सूरज सिंह - पुलिस अधीक्षक, धमतरी। त्रिलोक बंसल - पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ, बघेरा। लक्ष्य शर्मा - पुलिस अधीक्षक, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई। अंजनेय वार्ष्नेय - पुलिस अधीक्षक सारंगढ़-बिलाईगढ़। पुष्कर शर्मा - सेनानी, वीआईपी वाहिनी, माना। योगेश कुमार पटेल - पुलिस अधीक्षक, ● शेष पेज 11 पर

### हिमाचल में चल रही कांग्रेस की मिस मैनजमेंट वाली नॉन फरफॉर्मिंग गवर्नमेंट : जेपी नड्डा

धर्मशाला। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं उर्वरक व रसायन मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि सुक्खू सरकार बार-बार केंद्र से पैसे नही मिलने का झूठा राग अलाप रही है जबकि केंद्र से हिमाचल को भरपूर आर्थिक सहायता मिल रही है। जेपी नड्डा ने कहा कि वर्तमान में हिमाचल में चल रही कांग्रेस सरकार मिस मैनजमेंट वाली नॉन फरफॉर्मिंग गवर्नमेंट है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने तीखे शब्दों में कहा कि कांग्रेस से यदि सरकार नहीं चल रही हैं, तो उन्हें छोड़ देनी चाहिए। ऐसे दूसरों पर आरोप लगाकर अब जनता को बरगलाना बंद कर देना चाहिए।

रविवार को चंबा दौरे से लौटने के बाद कांगड़ा के गगल में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार में मिस मैनजमेंट की हद पार की जा रही है। नड्डा ने कहा कि मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि कौन सा पैसा है, जो केंद्र से दिया नहीं गया है, उसके बारे में बताएं। अब कांग्रेस से अपने कुप्रबंधन से सरकार नहीं चल रही है, तो उन्हें छोड़ देनी चाहिए। ● शेष पेज 11 पर

# डा. बिंदेश्वर पाठक ने महात्मा गांधी के स्वच्छता ही सेवा के विचार को मूर्त रूप दिया: राजनाथ

### 'सुलभ इंटरनेशनल' के संस्थापक डॉ. बिंदेश्वर पाठक की प्रतिमा का रक्षा मंत्री ने किया अनावरण

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ । लखनऊ के सांसद व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लखनऊ में 'सुलभ इंटरनेशनल' के संस्थापक स्वर्गीय डॉ. बिंदेश्वर पाठक की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी के 'स्वच्छता ही सेवा' के विचार को मूर्त रूप देने का काम डॉ. बिंदेश्वर पाठक ने किया। डा. पाठक की स्थापित संस्था 'सुलभ इंटरनेशनल' ने न केवल लाखों लोगों को स्वच्छता का अधिकार दिलाया बल्कि उनके लिए सम्मानजनक जीवन की राह भी खोली। राजनाथ सिंह ने कहा कि डॉ. बिंदेश्वर पाठक केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक आन्दोलन थे। वे दूरदर्शी सामाजिक उद्यमी थे। जिन्होंने भारत के स्वच्छता परिदृश्य को नई दिशा दी। उन्होंने यह साबित किया कि यदि सेवा का भाव सच्चा हो तो समाज में गहराई तक बदलाव लाया जा सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि डॉ. बिंदेश्वर पाठक खुले में शौचालय की जीवनशैली के विरुद्ध थे। सामुदायिक शौचालयों का निर्माण यह सामाजिक क्रांन्ति थी। वह एक सामाजिक आन्दोलन की शुरूआत कर एक अमानवीय प्रथा से लोगों को निजात दिलाने का काम किया। गांधी का नाम ● शेष पेज 11 पर



### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महापौर सुषमा खर्कवाल का लिया कुशलक्षेम

लखनऊ,। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को महापौर सुषमा खर्कवाल का कुशलक्षेम जानने उनके आवास पर पहुंचें। राजनाथ सिंह ने महापौर सुषमा के पैर टूटने के बारे में हाल लिया और उनके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। रक्षा मंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि खेल महाकुंभ के शुभारंभ के अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल के पांव पर चोट आ गयी थी। अस्पताल में डॉक्टरों की जांच में फैक्चर निकलने पर पैर पर प्लास्टर लगाया गया है।

# कृषि क्षेत्र में भारत-ब्राजील सहयोग की मजबूत शुरुआत

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । केंद्रीय कृषि एवं किसान मंत्री शिवराज सिंह चौहान की ब्राज़ील यात्रा से दोनों देशों के बीच कृषि क्षेत्र में सहयोग की मजबूत शुरुआत हुई है। ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की 15 वीं बैठक में ब्राजीलिया गए श्री चौहान ने ब्राजील के खेतों का दौरा किया और भारतीय संदर्भ में कृषि तकनीक को जांचा परखा और समझा। उन्होंने टमाटर सोयाबीन और मक्का की खेती में विशेष तौर पर रुचि दर्शायी और प्रक्रियाओं तथा मशीनों को भारत में स्थापित करने पर विचार विमर्श किया। उन्होंने भारत में सोया उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने की संभावना तलाशने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय किसानों को कृषि का मशीनीकरण का लाभ दिलाने के लिए तकनीक आवश्यक है।

केंद्रीय मंत्री के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी के साथ.साथ यह दौरा भारत और ब्राजील के बीच कृषि व्यापारए तकनीक और नवाचार को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

श्री चौहान की ब्राजील यात्रा सिर्फ कूटनीतिक नहीं बल्कि भारतीय कृषि के लिए तकनीकी नवाचार उत्पादन बढ़ोतरी और वैश्विक साझेदारी की दिशा में ठोस पहल है जिससे किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सकता है। ब्रासीलिया में हुई 15वीं ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की बैठक में भारत के साथ ही मेजबान ब्राजील तथा रूस चीन दक्षिण अफ्रीका सऊदी अरब मिस्र संयुक्त अरब अमीरात इथियोपिया इंडोनेशिया और ईरान सहित ब्रिक्स सदस्य देशों के कृषि मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

श्री चौहान की यह यात्रा भारत और ब्राजील के बीच कृषि सहयोग को नयी दिशा देने वाली है। इससे दोनों देशों के बीच कृषि व्यापार को बढ़ावा मिल सकेगा। उन्होंने ब्राजील के साथ जलवायु अनुकूल सोयाबीन किस्मों मशीनीकरण प्रिसिजन फार्मिंग और सतत कृषि पद्धतियों पर ज्ञान साझाकरण की इच्छा जताई। उन्होंने ब्राजील के कृषि मॉडल मैकेनाइजेशन सिंचाई और रिसर्च से सीखने एवं भारतीय कृषि में लागू करने की इच्छा भी व्यक्त कीए ताकि अपने किसानों को ● शेष पेज 11 पर




- भारतीय किसानों को कृषि का मशीनीकरण का लाभ दिलाने के लिए तकनीक आवश्यक है
- बैठक में भारत के साथ ही मेजबान ब्राजील तथा रूस चीन दक्षिण अफ्रीका सऊदी अरब मिस्र संयुक्त अरब अमीरात इथियोपिया इंडोनेशिया और ईरान सहित ब्रिक्स सदस्य देशों के कृषि मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए

# मुर्शिदाबाद से मालदा तक यातना की डगर

एजेंसी

कोलकाता । मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज, धुलियान और सूती से दंगाई कट्टरपंथी इस्लामी हमलावरों से भागकर जान बचाने वाले सैकड़ो हिंदू परिवारों की कहानी सिर्फ हिंसा की नहीं, बल्कि उस दोहरी यातना की है, जो उन्होंने पहले दंगाई मुस्लिम भीड़ और फिर ममता सरकार की पुलिस से झेली। ये कहानी बंगाल के उस कड़वे सच की है, जहां शरण की तलाश में मालदा पहुंचे सैकड़ों मासूमों को एक मुस्लिम अधिकारी की निगरानी में दोबारा उन्हीं ज़ख्मों से गुजरना पड़ा, जिनसे वे जान बचाकर भागे थे। शरण नहीं, बंधन मिला11 अप्रैल को जुमे की नमाज के बाद वक्फ अधिनियम में संशोधन के खिलाफ प्रदर्शन की आड़ में जिस तरह मुस्लिम भीड़ ने पूरे इलाके में हमले किए, वह किसी पूर्व नियोजित हिंसा से कम नहीं था। दो दिन तक चली इस बर्बरता में घर जलाए गए, दुकानों को लूटा गया, महिलाओं को पीटा गया और पुलिस मूकदर्शक बनी रही। जो जान बचाकर भागे, उन्होंने भागीरथी नदी पार की और मालदा पहुंचे। यहां परलालपुर हाई स्कूल के दरवाज़े उनके लिए स्थानीय लोगों ने खोले थे, लेकिन जल्द ही इस दरवाज़े को पुलिस ने बंद कर दिया—शाब्दिक नहीं, बल्कि मानवीय रूप से। ● शेष पेज 11 पर



- दंगाइयों से जान बचाकर भागे लोगों को पुलिस ने और भी अधिक तड़पाया
- पुलिस ने नहीं मिलने दिया परिवारों से, खराब गुणवत्ता का खाना मिला, लगातार मिलती रहीं पुलिस की धमकी

# नफरत की दुकान को बंदकर मोहब्बत की दुकान खोल रही कंग्रेस : इं. संतोष कुमार मिश्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। रालोद को छोड़ कंग्रेस में शामिल हुए इंजीनियर संतोष कुमार मिश्रा के गोरखपुर पर आगमन पर कंग्रेस जनों ने माल्यार्पण कर उनका जोरदार ढंग से स्वागत किया। स्वागत के बाद प्रेस से मिलिए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंजीनियर संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि कंग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर हमने कंग्रेस को ज्वाइन किया है। उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद से कंग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मुझे जिम्मेदारी सौंपी है, उस जिम्मेदारी को निश्चित तौर पर निभाऊंगा। मिश्रा ने कहा कि बढ़ती हुई महंगाई की मार जहां आम जनता को झेलना पड़ रहा है वहीं बेरोजगारी से त्रस्त नौजवान विदेश में एंड क्रेन पर क्रेन जाकर जिला की जिंदगी जीने को मजबूर हैं किसान अपनी फसलों को आपदा की मार झेल रहा है आपदा से बचा तो बिचौलियों की मार से बचना कठिन है, ''कहां तो तय था चिराग हर घर के लिए, मयस्सर नहीं अब शहर के लिए'' कहावत चरितार्थ है?। आज वर्तमान में केंद्र एवं प्रदेश की सरकार की किसानों के फसलों की आमदनी दोगुनी करने की बात कहने वाली सरकार प्रोफ़ेसर एमएस स्वामीनाथन आयोग का गठन 18 नवंबर 2024 को हुआ।उससे डेढ़ गुना की बात आई उसे भी लागू नहीं किया गया। दोगुना की बात तो दूर है। उन्होंने कहा कि जनता के हितार्थ विपक्ष की भूमिका अहम होती है, संघर्ष, सत्याग्रह के रास्ते सत्ता पक्ष को आईना दिखाना कर्तव्य है। मिश्र ने कहा कि देश की बड़ी अदालत सांसद एवं राज्यसभा दोनों सदनों में कंग्रेस पार्टी द्वारा वक्फ बिल का विरोध देश हितार्थ जो चर्चा में आया। उससे मैं अभिभूत हुआ हूं। वाकई में बेड़ियों से जकड़े मुल्क को आजाद कराने में कंग्रेस पार्टी का योगदान अवर्णीय व उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी मुझे मिलेगी, उसका बखूबी निभाने का प्रयास करूंगा। मिश्र ने कहा कि देश में फैल रहे नफरत की दुकान को बंद कर मोहब्बत की दुकान खोलने का कंग्रेस पार्टी द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के नेतृत्व में आम जनता के हित में संघर्ष किया जा रहा है। जिसमें खुलकर जनता का समर्थन भी प्राप्त हो रहा है।

उन्होंने कहा कि कंग्रेस की तरफ तेजी के साथ लोगों का रुझान बढ़ रहा है, ऐसे में कंग्रेस को ताकत देने के लिए बड़ी संख्या में लोग कंग्रेस में शामिल भी हो रहे हैं।इस मौके पर कंग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष हिफजुर्रहमान अजमल ने इंजीनियर संतोष कुमार मिश्रा के कंग्रेस में शामिल होने पर स्वागत करते हुए कहा कि कंग्रेस में मिश्र के शामिल होने से कंग्रेस पार्टी पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक ताकतवर बनकर उभरेगी। उन्होंने कहा कि कंग्रेस देश की सबसे बड़ी और पुरानी पार्टी है, आने वाले दिनों में जनता कंग्रेस को सत्ता में लाने अपनी महती भूमिका निभायेगी।

# रुद्राभिषेक कर सीएम योगी ने की चराचर जगत के कल्याण की कामना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और चराचर जगत के कल्याण की प्रार्थना की। गोरखनाथ मंदिर स्थित पीठाधीश्वर आवास के प्रथम तल पर शक्तिपीठ में सीएम योगी ने देवाधिदेव महादेव को विल्व पत्र, कमल पुष्प, दूर्वा, मधु, घृत, अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित करने कर बाद फलों के रस से रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान कराया। यह अनुष्ठान हवन के साथ पूर्ण हुआ। रुद्राभिषेक अनुष्ठान के उपरांत सीएम योगी ने प्रदेशवासियों के देवाधिदेव महादेव से चराचर जगत के कल्याण और आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की।

# डीजे पर नाचते समय युवक की मौत, गांव में शोक की लहर, बारात की खुशियाँ मातम में बदली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा पोखरभिंडा से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां चचेरे भाई की बारात में डीजे पर नाचते समय 21 वर्षीय युवक की अचानक मौत हो गई। मृतक की पहचान अभिषेक तिवारी के रूप में हुई है, जो अपने माता-पिता का इकलौता बेटा और तीन बहनों का भाई था।जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को पोखरभिंडा में अभिषेक के चचेरे भाई की बारात निकली थी। बारात में डीजे पर नाचते समय उसे प्यास लगी और वह बोलेरो गाड़ी में बैठकर पानी पीने लगा। पानी पीते ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा ले गए, जहां से डॉक्टरों ने एम्स के लिए रेफर कर दिया। लेकिन एम्स पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, उसकी मौत हृदय गति रुकने से हुई।अभिषेक इंटरमीडिएट पास था और गोरखपुर में रहकर नौकरी की तैयारी कर रहा था। वह अपनी दूसरी बहन की शादी, जो 25 अप्रैल को तय थी, में शामिल होने के लिए ही घर आया था। उसके पिता कथावाचक हैं और परिवार का भरण-पोषण इसी से करते हैं।अभिषेक की असमय मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिवार गहरे सदमे में है और किसी से बात करने की स्थिति में नहीं है। अभिषेक के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। गांव के पूर्व प्रधान ने उसे एक बेहद अच्छा और मिलनसार युवक बताया।खुशियों से भरे माहौल में आई इस अनहोनी ने पूरे परिवार को तोड़ कर रख दिया है।

## वक्फ कानून को लेकर विपक्ष के फैलाये जा रहे झूठ को बेनकाब करेगी भाजपा

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी वक्फ अधिनियम को लेकर विपक्ष के द्वारा फैलाई जा रही झूठ एवं भ्रम को बेनकाब करने के लिए 20 अप्रैल से 5 मई तक वक्फ सुधार जन जागरण अभियान चलाएगी। इसे सफल बनाने के लिए महानगर द्वारा सम्पर्क, संवाद और अन्य कार्यक्रमों की श्रृंखला की तैयारी की जा रही है।

यह जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने देते हुए बताया कि जिला संयोजक से लेकर मंडल और प्रदेश स्तर तक एक टोली बनाई जाएगी। इस अभियान में मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर, जिलाध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारी लगाए गये हैं। यह जनजागरण अभियान सभी बूथों तक जाएगा। प्रदेश स्तर पर कार्यशाला होने के बाद क्षेत्रीय व जिला स्तर पर कार्यशाला होगी। इसके बाद मंडल स्तर पर कार्यक्रम होंगे। घर-घर सम्पर्क किया जाएगा, पम्पलेट लेकर कार्यकर्ता प्रचार करेंगे। इसमें कई वृहद स्तर पर महिलाओं के कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रमों के जरिए महिलाओं को जागृत किया जाएगा। मीडिया प्रभारी ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सभी मंडलों में जहां गरीब और पिछड़े पसमांदा मुस्लिम समाज के लोग रहते हैं वहां नुक्कड़ सभा होगी और विधेयक के पीछे का सच बताया जाएगा। उनके बीच संपर्क करेंगे और उन्हें बताया जाएगा कि इस विधेयक के अंतर्गत गरीब मुस्लिम को उनका हक मिलेगा। कमजोर वर्ग के लोगां के लिए अवैध कब्जों से मुक्त होने वाली सम्पत्ति पर स्कूल कालेज और अस्पताल खोले जाएंगे और वक्फ सम्पत्तियों को निजी सम्पत्ति बनाने वाले बेनकाब होंगे। मुस्लिम समाज के धार्मिक मामलों में कोई दखल नहीं दिया जाएगा और मुस्लिमों की सम्पत्तियां सरकार उन्हीं की बेहतरी के लिए प्रयोग करेगी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की नियुक्ति की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिसवा बाजार/महराजगंज। सभासद व एमएलसी प्रतिनिधि राजन विश्वकर्मा ने सिसवा बाजार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की कमी को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीकांत शुक्ल को ज्ञापन सौपा। राजन विश्वकर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की कमी के कारण मरीजों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

इलाज के लिए दूर-दराज के अस्पतालों में भटकना पड़ता है, जिससे समय और संसाधनों की बर्बादी हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र डॉक्टर की नियुक्ति की जाए, ताकि आम जनता को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।) को ज्ञापन सौंपा।राजन विश्वकर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की कमी के कारण मरीजों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# एक सप्ताह का श्रीमद् भागवत कथा का किया गया आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जिले में एक सप्ताह का श्रीमद् भागवत कथा का किया गया आयोजन आजमगढ़ में श्री गया जगन्नाथपुरी में तीर्थोपरांत के उपलक्ष में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। आपको बता दे की आजमगढ़ के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित गया प्रसाद पाठक द्वारा श्रीमद् भागवत कहा गया भागवत कथा में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रामजीत यादव व सुरेश यादव द्वारा कराया गया। सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने भागवत कथा को सुना और प्रसाद ग्रहण किया।

# आजमगढ़ : बारात में गाना बजाने को लेकर हुई मारपीट मौके पर पहुंची पुलिस पर भी पथराव, 12 लोग गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जिले के तरवा थाना क्षेत्र के ठाटा गांव में एकबार फिर से पुलिस पर पथराव का मामला सामने आया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। जिले के तरवा थाना क्षेत्र के ठाटा गांव से 18 अप्रैल को बारात बलिया जिले के शादियाबाद गांव गई हुई थी। इस बारात में गाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ। आजमगढ़ से गई बारात में यह गाना बजाया गया कि आजमगढ़ में घर बा केकरे बाप के डर बा गाने को लेकर विवाद हुआ। जहां बरातियों और घरातियों में जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट के बाद बरात बलिया से लौटते समय घरातियों ने चार बारातियों के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी। जिसमें चार लोग घायल हुए। इसमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।इसी बात को लेकर आज जब लड़की के घर वाले लड़के के घर आए। और अभी सभी गाड़ी पर ही बैठे थे कि घरातियों ने लाठी डंडे ईंट पत्थर से मारपीट करना शुरू कर दिया। जिसमें एक महिला सिपाही का सिर भी फटा है। मामले की गंभीरता को देखते भारी संख्या फोर्स भेजी गई है।मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस पर भी पथराव किया गया। इस हमले में तीन-चारपुलिस कर्मियों को भी चोटें आई हैं। इस पूरे मामले में अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र लाल का कहना है बारात में गाना बजाने को लेकर कुछ विवाद हुआ था विवाद के बाद मारपीट होने लगी पुलिस पर भी पथराव हुआ इस मामले की जांच की जा रही है मौके से 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है आगे की विविध कार्रवाई की जा रही है।

## गड्ढे मे पलटी एंबुलेंस, चालक घायल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। साजी गांव के पास रविवार शाम लगभग चार बजे कोरांव के सुकृत अस्पताल की एम्बुलेंस किसी मरीज को लेने जाते समय सड़क किनारे अनियंत्रित होकर पलट गई । जिससे एंबुलेंस चला रहा चालक घायल हो गया। इस बीच एम्बुलेंस के परखच्चे उड़ गये। कोरांव- मांडा रोड मुख्य मार्ग पर साजी गांव के आगे लपरी नदी बहती है। इस नदी पर सकरा पुल बना हुआ है। रविवार शाम अस्पताल की एम्बुलेंस पास के किसी गांव मरीज लेने जाते समय बगल के गड्ढे में पलट गई। आसपास के लोगों ने तत्काल पहुंच कर घायल ड्राइवर को बाहर निकाल सम्बन्धित लोगों को जानकारी दी।

# प्रसूता ने एक साथ तीन बच्चों को दिया जन्म सभी स्वस्थ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। तहसील के आरती मेडिकेयर में हुआ सफल प्रसव कैनविज टाइम्स संवाददाता कोरांव। कोरांव बाजार के आरती मेडिकेयर में रविवार को दोपहर बाद 3 बजे के आसपास एक प्रसूता ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया, जन्म के बाद तीनों बच्चे स्वस्थ हैं। ज्ञातव्य हो कि किहुनी कला गांव की रहने वाली प्रसूता वंदना शुक्ला पत्नी राज बिहारी शुक्ला को रविवार को दोपहर में अचानक प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे कोरांव बाजार के आरती मेडिकेयर लेकर आए जहां दोपहर बाद 3 बजे के करीब प्रसूता ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया। अस्पताल की ओर से बताया गया कि सभी बच्चे स्वस्थ हैं, और प्रत्येक बच्चा ढाई किलोग्राम का है। प्रसव के बाद बच्चों को अस्पताल में ही रखा गया है। प्रसूता के पति राज बिहारी शुक्ला ने बताया कि पहली बार मेरी पत्नी वंदना एक बच्ची को जन्म दिया था। दूसरी बार वह एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है। जिनमें दो पुत्र और एक पुत्री हैं। तीनों बच्चों के स्वस्थ होने को लेकर जहां प्रसूता खुश थी, वहीं उसका पूरा परिवार भी आनंदित था। अस्पताल प्रबंधन की भी प्रसूता के परिजनों के द्वारा सराहना की गई।

## डंपर ने अधिवक्ता की बाइक में मारी टक्कर, हालत गम्भीर

कोरांव। थाना क्षेत्र के पसना भूदान के पास रविवार दोपहर बाद वकील की बाइक में अनियंत्रित डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे वकील सड़क पर गिर पड़े। इस बीच डंपर दाहिने पैर से कन्धे तक दबाते हुए निकल गई। विजय कान्त तिवारी निवासी बेलवनिया मजरा तिवारीपुर किसी काम से मेजा की ओर गये थे। वहां से लौटते समय अनियंत्रित डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। आसपास के लोगों सहित परिजनों द्वारा उन्हें गंभीर हालत में सीएचसी कोरांव ले जाया गया जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# सहोदरा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। ग्रामीण क्षेत्र में सहोदरा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल शिक्षा का अलख जगा रहा है।आने वाले दिनों विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। उक्त बातें शनिवार की रात्रि सहोदरा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल साड़ी खुर्द के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए बतौर मुख्य अतिथि शैली अब्राहम ने कही।जबकि शेबीन अब्राहम ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार भी जरुरी है।हम चाहें कितने भी मॉडर्न हो जाये लेकिन हमें अपने संस्कार नहीं भूलने चाहिए।शिक्षा के साथ संस्कार ही एक ऐसी चीज है जो हमें समाज से जोड़े रखती है।जिन माता -पिता ने हमें शिक्षा के मंदिर तक पहुंचाया हमें उनकी आजीवन सेवा करते रहना चाहिए।कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने अपने मनोहरी प्रस्तुतियों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों द्वारा डांस के माध्यम से सोशल मिडिया के दुष्परिणाम के बारे में बताकर लोगों को सोशल मीडिया से दूर रहने वास्तव में अपनों से करीब रहने की सलाह दिया जिसकी खूब सराहना हुई।कार्यक्रम को सेवानिवृत्त शिक्षक रामआधार तिवारी, पूर्व प्रधान त्रियुगी नारायण सिंह दादा ने भी सम्बोधित किया।आगँतुक अतिथियों का स्वागत प्रबंधक महेंद्र सिंह ने किया जबकि आभार प्रधानाचार्य अनुराधा सिंह ने ज्ञापित किया। संचालन पल्लवी चौबे व आदित्य सिंह ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेमलता सिंह ने किया।अंत में स्कूल के टापर छात्रों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान विद्या,प्रधान प्रतिनिधि जिगना एसपी सिंह, उमेश निषाद, जमालुद्दीन वारसी,अनवर,अंशु गुप्ता,नीरज,अंजली,गुलिश्ता, श्वेता, खुशबु, राजन, धीरेन्द्र, विजय, संदीप,आदित्य, प्रचित, प्रीति,राहुल जायसवाल, मुदस्सिर,आमिर वारसी,टिंकल, जोखन सिंह, रामनाथ प्रजापति आदि मौजूद रहें।

## बेकाबू कार खाई में पलटी किन्नर की मौत

जौनपुर । मुंगराबादशाहपुर थाना अंतर्गत प्रयागराज से लौट रही कार खाई में पलट गई। हादसे में कार सवार किन्नर की मौत हो गई, जबकि चालक घायल है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम भेजते हुए कार्रवाई कर रही है। थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि मूलरूप से आसाम की रहने वाली किन्नर अंजली (30) 15 सालों से सराय रूस्तम गांव की रहने वाली किन्नर शकीला के साथ रह रही थी। किन्नर अंजली रविवार को प्रयागराज से वापस लौट रही थी। पांडेयपुर गांव के पास उनकी कार बेकाबू होकर खाई में पलट गई। इस हादसे में कार सवार किन्नर अंजली की मौत हो गई।

## सूचना

मेरा वास्तविक नाम दुर्गावती सिंह है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम दुर्गावती देवी हो गया है। मेरा दुर्गावती सिंह नाम सही है। जिसे आधार कार्ड पर भी संशोधित कर मेरे नाम को सही किया जाय।दुर्गावती सिंह पत्नी चंद्रमा प्रसाद सिंह पड़रिया कोरांव प्रयागराज।

# राष्ट्र को अखंड रखने के लिए ज़रूरी है एक राष्ट्र एक चुनाव' : डॉ. राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के आशियाना स्थित आवास पर रविवार को ''एक राष्ट्र, एक चुनाव'' के विषय पर एक विचारोत्तेजक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में भारत की चुनावी प्रणाली में सुधार के लिए प्रस्तावित ''एक राष्ट्र, एक चुनाव'' की अवधारणा पर गहन चर्चा हुई। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के साथ-साथ भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्या और महनगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने भी अपने विचार रखे। गोष्ठी में हजारों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय जनता मौजूद रही।

सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि आजादी के बाद अब तक 400 बार चुनाव हो चुके हैं। ''एक राष्ट्र, एक चुनाव'' का उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों को एक साथ आयोजित करना है, ताकि मतदाता एक ही दिन में केंद्र और राज्य सरकार के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। बड़े देश होने के कारण यह प्रक्रिया कई चरणों में हो सकती है। इसका लक्ष्य चुनावी खर्च को कम करना, प्रशासनिक व्यवधानों को समाप्त करना और शासन में निरंतरता लाना है।

**लगातार चुनाव से सरकार की निरंतरता में कमी आती है –**

सरोजनीनगर विधायक ने एक राष्ट्र, एक चुनाव को एक महत्वपूर्ण विषय बताते हुए कहा कि बार बार चुनाव होने से बार बार बहुत अधिक धन का व्यय होता है। चुनावों में जनता की कमाई का कीमती धन अनावश्यक रूप से खर्च किया जान ठीक नहीं है। विधायक ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष नहीं चाहता कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी पूरी तरह केन्द्रित होकर गुड पर ध्यान केन्द्रित करें, क्योकि बार बार चुनाव होने से सरकार की निरंतरता में कमी आती है।

**उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशें**

विधायक ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने 191 दिनों की व्यापक शोध के बाद मार्च 2024 में 18,626 पन्नों की विस्तृत रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी। इस समिति में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव डॉ. सुभाष कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे, और चीफ विजिलेंस कमिश्नर संजय कोठारी शामिल थे। विशेष आमंत्रित सदस्यों में कानून राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और डॉ. नितेन चंद्र भी थे। समिति ने 47 राजनीतिक दलों और 21,500 से अधिक नागरिकों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं के आधार पर अपनी सिफारिशें तैयार कीं, जिनमें 32 दल और 80% जनता ने एक साथ चुनाव का समर्थन किया।

**विधायी प्रगति**

डॉ. सिंह ने इस विधयेक की विधायी प्रगति से अवगत कराते हुए कहा कि 18 सितंबर 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने समिति की सिफारिशों को स्वीकार किया। 12 दिसंबर 2024 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दी। 17 दिसंबर 2024 को कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इसे लोकसभा में पेश किया, जहाँ यह 269 के मुकाबले 198 मतों से पारित हुआ। गृहमंत्री अमित शाह और कानून मंत्री मेघवाल ने इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने का समर्थन किया। 20 दिसंबर 2024 को राज्यसभा में 12 सदस्यों को जेपीसी के लिए नामित करने का प्रस्ताव पारित हुआ, और विधेयकों को 39 सदस्यीय जेपीसी को सौंपा गया। जेपीसी ने अब तक दो बैठकें (8 जनवरी और 31 जनवरी 2025) आयोजित की हैं, जिसमें सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीशों, चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, और अन्य हितधारकों से सुझाव लेने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

**ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग**

डॉ. सिंह ने बताया कि 1951 से 1967 तक भारत में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ आयोजित होते थे। 1951-52, 1957, 1962, और 1967 के चुनावों में यह परंपरा कायम रही। हालांकि, 1968-69 में कुछ विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने और 1970 में चौथी लोकसभा के समयपूर्व विघटन ने इस चक्र को तोड़ा। आपातकाल (1975-77) और बाद में कई लोकसभाओं और विधानसभाओं के समयपूर्व विघटन ने एक साथ चुनाव की प्रथा को बाधित किया। डॉ. सिंह ने गोष्ठी में कांग्रेस द्वारा अनुच्छेद 356 के दुरुपयोग पर प्रकाश डाला, जिसके तहत विभिन्न कांग्रेस सरकारों ने 90 राज्य सरकारों को भंग किया। इस दुरुपयोग ने एक साथ चुनाव के चक्र को बाधित किया और देश में अलग-अलग समय पर चुनावों की प्रथा को बढ़ावा दिया।

**17 करोड़ जनसँख्या पर लागू थी यह व्यवस्था, फिर 100 करोड़ पर क्यों नहीं**

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सवाल भरे लहजे में आपनी बात आगे बढाते हुए कहा जब देश में पहला चुनाव हुआ तब मात्र 17 करोड़ मतदाता थे तब यह व्यवस्था लागू थी लेकिन देश की जनसँख्या 100 करोड़ पहुँचने पर 15 राजनीतिक दल एक देश - एक चुनाव का विरोध कर रहे हैं। अगर व्यवस्था हमेशा चुनाव संपन्न कराने में लगी रहेगी तब जन कल्याण किस तरह बाधित होगा। विपक्ष को जातिवादी की राजनीति, तुष्टिकरण की राजनीति करनी है, क्षेत्रवाद और भाषा वाद की राजनीति करनी है इस लिए इस व्यवस्था का विरोध कर रहे हैं।

**एक राष्ट्र, एक चुनाव के लाभ**

शासन में निरंतरताः बार-बार चुनावों से शासन और विकास कार्यों में व्यवधान होता है। एक साथ चुनाव से सरकारें विकास और कल्याणकारी नीतियों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। नीतिगत निर्णयों में तेजीः आदर्श आचार संहिता के लंबे समय तक लागू रहने से नीतिगत निर्णयों में देरी होती है, जिसे एक साथ चुनाव से कम किया जा सकता है। संसाधनों का कुशल उपयोगः बार-बार होने वाली कर्मचारी तैनाती और सुरक्षा व्यवस्था की लागत कम होगी। क्षेत्रीय दलों को प्रोत्साहनः स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित क्षेत्रीय दल अपनी प्रासंगिकता बनाए रख सकेंगे। राजनीतिक अवसरों में वृद्धिः एक साथ चुनाव से नए नेताओं को उभरने का अवसर मिलेगा।

वित्तीय बोझ में कमीः एक साथ चुनाव से मानव-शक्ति, उपकरण, और सुरक्षा संसाधनों की लागत में कमी आएगी।

जवाबदेही में वृद्धिः पाँच वर्ष में एक बार मतदाताओं के सामने आने से राजनेताओं की जवाबदेही बढ़ेगी।

**संवैधानिक और कानूनी आवश्यकताएँ**

समिति ने अनुच्छेद 82ए, 324ए, 83, 85, 172, 174, और 327 में संशोधन का प्रस्ताव दिया है। अनुच्छेद 82 में नया प्रावधान जोड़ा जाएगा, जिसमें राष्ट्रपति द्वारा ''नियत तारीख'' (अपॉइंटेड डेट) तय की जाएगी, जिससे लोकसभा और विधानसभाओं का कार्यकाल संरेखित होगा। समयपूर्व विघटन की स्थिति में केवल बचे हुए कार्यकाल के लिए चुनाव होंगे। संविधान संशोधन के लिए लोकसभा में 362 सांसदों का समर्थन और कम से कम 50% राज्यों का अनुसमर्थन आवश्यक है।

इस महत्वपूर्ण विधेयक को पारित करने के लिए दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता है। विधायक ने अगले चुनाव में जनता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत भाजपा सरकार बनाने के लिए आह्वान किया।

# सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले पहुंचे लखनऊ शाखा टोली एकत्रीकरण में होंगे शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले दो दिवसीए दौरे पर रविवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचे हैं। वह आज सायं 5 बजे आशियाना स्थित स्मृति उपवन में लखनऊ विभाग के शाखा टोली के कार्यक्रम में शामिल होंगे और स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे।

जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम पूर्ण गणवेश में होगा और मीडिया को प्रतिबंधित किया गया है। इस कार्यक्रम में लखनऊ में नित्य लगने वाली सभी शाखाओं का प्रतिनिधित्व होगा। सरकार्यवाह के सामने सामूहिक व्यायाम योग, आसन व दण्डयोग का प्रदर्शन होगा। लखनऊ विभाग के विभाग कार्यवाह अमितेश ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि यह संगठन का कार्यक्रम है। इसमें समाज को आमंत्रित नहीं किया गया है। इसमें केवल शाखा टोली के कार्यकर्ताओं को बुलाया गया है।

21 अप्रैल को चिकित्सकों का सम्मान करेंगे सरकार्यवाहराष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले 21 अप्रैल को गोमतीनगर विस्तार स्थित सीएमएस के सभागार में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के सम्मान समारोह में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में यात्रा में सहयोग करने वाले चिकित्सकों व सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जायेगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के सह संयोजक डॉ. भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन तथा श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के संयुक्त तत्वावधान में भारत नेपाल सीमा के सुदूर गांवों में प्रतिवर्ष निःशुल्क ?स्वास्थ्य शिविर में लोगों को की सेवा की जाती है।

# प्रथम काव्य संग्रह सिर्फ तुम का हुआ लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। रविवार को लखनऊ के हजरतगंज में स्थित यूपी प्रेस क्लब में लेखनी रचना के संसार के तत्वाधान में डॉ मीनाक्षी गंगवार की प्रथम काव्य संग्रह 'सिर्फ तुम' का लोकार्पण संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य समागत के रूप में डॉक्टर अखिलेश मिश्रा ,अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ सरला शर्मा, मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अशोक अज्ञानी, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ अवधी हरि व विवेक दीक्षित उपस्थित रहे। इस मौके पर पुस्तक पर वक्तव्य देने हेतु डॉ शिवमंगल सिंह मंगल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रतिभा गुप्ता द्वारा किया गया। डॉ अखिलेश मिश्रा द्वारा पुस्तक की कविताओं को व उसके भावों की प्रशंसा की गई। मुख्य वक्ता शिवमंगल द्वारा कहा गया की पुस्तक बहुत ही अच्छी है और छंदबद्ध है। भावों की सरिता है इसलिए पुस्तक संरक्षणीय है। विवेक दीक्षित द्वारा 'प्रेम दिव्य है' कविता का वाचन कर पुस्तक के भावों की प्रशंसा की गई और कहा गया कि यह पुस्तक 'सिर्फ तुम' आज की मुख्य समस्या 'सिर्फ मैं' का समाधान है। डॉ अवधी हरि द्वारा पुस्तक की कुछ कविताओं का वाचन कर उन्मुक्त हृदय से प्रशंसा की गई। साथ ही उन्हें कवयित्री के ह्रदय के उत्पन्न भाव बताया। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में सरला द्वारा पुस्तक के शीर्षक की प्रसंशा की। साथ ही शबरी तुम विश्वास रखो गीत गाकर अतिथियों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने पुस्तक की कविताओं को माला के रुप में बताया। प्रेम को ईश्वर बताया। अध्यक्ष ओम नीरव द्वारा भी पुस्तक की उन्मुक्त कंठ से प्रसंशा की गई और पुस्तक को एक संतान के रूप में बताया और सभी से पुस्तक पर प्रतिक्रिया हेतु कहा गया। भाषा को सहज और सरल बताया। समारोह के समापन में सतेंद्र सिंह वरिष्ठ लेखा अधिकारी द्वारा सभी अतिथियों को उपस्थिति हेतु धन्यवाद दिया गया।

# ब्राह्मण एवं क्षत्रिय महासभा ने की अनुराग कश्यप के बयानों की निंदा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। फिल्म निर्माता एव निदेशक अनुराग कश्यप की ओर से दिए गए बयान में ब्राह्मण के प्रति गलत शब्दों का प्रयोग किया गया इस बात की लखनऊ के निलमथा क्षेत्र के ब्राह्मण एव क्षत्रिय महासभा ने कड़ी निंदा की । ब्राह्मण व क्षत्रिय महा सभा की ओर से कहा गया इस मामले में अनुराग कश्यप पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।इस मामले को लेकर लक्ष्मीकांत त्रिपाठी एव करुणेश सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा क्षत्रिय महासभा, मधुकर मिश्रा व संतोष कुमार बाजपेई ने थाना सुशांत गोल्फ सिटी जाकर लिखित शिकायत पत्र देकर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की ।उन लोगों ने कहा कि इस व्यक्ति के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। शिकायत पत्र में लिखा गया है कि इस तरह की बयान बाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष करुणेश सिंह ने कहा किसी भी धर्म पर इस तरह की बयान बाजी नहीं करनी चाहिए। यह सब अपने आप को बड़ा दिखने के चक्कर में इस तरह की बयान बाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे सरकार से मांग करेंगे कि इन जैसे बयान बाजो के ऊपर कड़ी सी कड़ी कार्यवाही की जाए जिससे जिससे वे इसकी पुनरावृत्ति न कर सके।

# निगोहां : जेसीबी ने काट डाली अंडर ग्राउंड हाईटेंशन लाइन, 6 घण्टे ठप रही आपूर्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निगोहा , लखनऊ । बछरावां से निगोहां विधुत सबस्टेशन आने वाली हाईटेंशन लाइन की अंडर ग्राउंड केबिल कटने से निगोहा क्षेत्र की 50 हजार आबादी को लगभग 6 घण्टे तपती धूप व भीषण गर्मी को बिना बिजली के गुजरना पड़ा। उपभोक्ताओं ने बताया कि रविवार दोपहर लगभग 12 बजे गुल हुई बिजली शाम लगभग 6 बजे बहाल हुई। एसडीओ मोहनलालगंज आशुतोष वर्मा ने बताया कि रविवार दोपहर साढ़े बारह बजे निगोहा सबस्टेशन की हाईटेंशन लाइन ब्रेकडाउन होने से आपूर्ति ठप हुई। जिसके बाद लेसा की टीम ने निगोहा से लेकर बछरावां तक पेट्रोलिंग की जहाँ बछरावां स्थित महराजगंज रोड पर एक जेसीबी मशीन के द्वारा खुदाई के कार्य के दौरान हाईटेंशन लाइन के अंडर ग्राउंड केबिल को काट दिया था , जिसकी वजह हाईटेंशन लाइन ब्रेकडाउन होने से विधुत आपूर्ति ठप हुई ।जिसके बाद छतिग्रस्त केबिल को लेसा कर्मियों ने दुरस्त किया देर शाम लगभग 6 बजे निगोहा सबस्टेशन की आपूर्ति बहाल हो गई।वही जेसीबी आपरेटर के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। दूसरी ओर भीषण गर्मी में आपूर्ति ठप होने से लगभग 50 हजार की आबादी बिजली के लिए तड़पती रही उपभोक्ता सोशल मीडिया पर आपूर्ति के लिए एक दूसरे से पूछते रहे। वही उपभोक्ताओं का आरोप है कि मोहनलालगंज डिविजन के अधिशासी अभियंता को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत विधुत आपूर्ति करनी चाहिए थी

## नूरबाड़ी में लगा नि:शुल्क मेडिकल कैम्प



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार को सआदतगंज के नूरबाड़ी इलाके में द मदद सहयोग गाइडेन्स फाउंडेशन की ओर से ज़रूरतमंदो की मदद करने के उद्देश्य से एक कैंप लगाया गया। इस कैम्प में पहुंचे लोगों की नि:शुल्क जाँच की गयी साथ ही उन्हें संस्था की ओर से नि:शुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गयीं। संस्था के संस्थापक मो. सादिक़ने बताया की इस कैम्प में लगभग 150 लोगों ने पहुंच कर इसका लाभ उठाया। ज़रूरतमंद लोगों को उनकी समस्या के अनुसार उनको नि:शुल्क द्वारा वितरित की गयी। कैम्प में डॉ. अमन नक़्वी, डॉ. सानिया रऊफ, डॉ. संतोष कुमार आर्य व नाहिद बेगम मौजूद रही।

## लाजपत राय अग्रवाल की स्मृति मे लगा चिकित्सा शिविर



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । गर्ग होम्योपैथी स्टोर द्वारा कैंट रोड मुरलीनगर पर लाजपत राय अग्रवाल स्मृति मे चिकित्सा शिविर'' का आयोजन किया गया जिसमे वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सको ने निशुल्क परामर्श दिया व निशुल्क होम्योपैथिक दवाएँ वितरित की ।शिविर मे डॉ. संजय अग्रवाल , डॉ.राजेश्वर मिश्रा, डॉ. पी.एस. जैसवाल ,डॉ. एच.के.शर्मा , डॉ. महेश मित्तल ,डॉ.सुनील गुप्ता, डॉ. अभिषेक, डॉ. मेघा गर्ग शमिल हुए। इस शिविर में लगभग 450 मरीजों का इलाज किया गया।

## इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में द ज्यूरर लीग मूट कोर्ट प्रतियोगिता का हुआ समापन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के विधि संकाय द्वारा आयोजित द ज्यूरर लीग मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2025 का समापन सफलतापूर्वक हुआ। देशभर से आए प्रतिभागी दलों ने अपनी विधिक समझ और अभिवचन कुशलता से प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले को रोमांचक बना दिया। चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटना की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का विजेता स्थान प्राप्त किया और रुपये 21,000 की नकद राशि के साथ ट्रॉफी व पदक प्राप्त किए। सेंट जोसेफ कॉलेज, बैंगलोर की टीम उपविजेता रही, जिसे रुपये 11,000 की नकद राशि के साथ ट्रॉफी और पदक प्रदान किए गए। देश के विभिन्न राज्यों से कुल 36 टीमों ने इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लिया, जो विधिक प्रशिक्षण और बौद्धिक संवाद का उत्कृष्ट मंच सिद्ध हुई।

## वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे युवक को दबंगों ने घेर कर डंडे से पीटा, मुकदमा दर्ज

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के नगराम गंगागंज मार्ग पर शुक्रवार की रात निमंत्रण से लौट रहे युवक पर दबंगों ने रास्ते में घेर कर डंडे से वार कर दिया, राहगीरों को देख ऐलानिया धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। नगराम थाना क्षेत्र के शिवपुरा गांव निवासी विजय कुमार ने तहरीर देकर बताया कि वह बीते शुक्रवार को अकरहदू गांव शादी समारोह में शामिल होने गया था बताया कि रात लगभग 10 बजे जैसे ही खवास खेड़ा की मोड़ पर पहुंचा तभी मदारपुर निवासी देवेंद्र उर्फ लाली ने अपने अज्ञात साथियों के साथ मिलकर घेर लिया और डंडे से मारने लगे तभी राहगीरों को जुटता देख देवेंद्र अपने साथियों के साथ एलानिया धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर रविवार को एक नामजद व अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हज यात्रियों की समस्याओं को लेकर अनीस मंसूरी ने उठाई आवाज

## पूर्व मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री हस्तक्षेप करें तो समाधान संभव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने देश के हजारों वंचित हज यात्रियों की पीड़ा को आवाज देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विशेष हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हज रजिस्ट्रेशन और सऊदी प्रशासन की ओर से समयसीमा की अनदेखी के कारण भारत के लगभग 42,000 श्रद्धालु हज यात्रा से वंचित रह गए हैं। उन्होंने कहा कि यह संकट सिर्फ भावनात्मक नहीं, बल्कि धार्मिक अधिकारों और आर्थिक गतिविधियों से जुड़ा मामला भी है।

श्री मंसूरी ने बताया कि इस अव्यवस्था के चलते देशभर के छोटे-बड़े हज टूर ऑपरेटर्स को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है, और हजारों परिवारों की वर्षों की तैयारियां धरी की धरी रह गई हैं। उन्होंने कहा, ''हज केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं है, यह एक भावनात्मक और आध्यात्मिक सफर है, जिससे देश के लाखों मुसलमान गहराई से जुड़े हुए हैं। जब उन्हें बिना किसी गलती के इस पवित्र यात्रा से वंचित होना पड़ता है, तो यह उनके विश्वास और अधिकारों पर सीधा असर डालता है।''

अनीस मंसूरी ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वे 22-23 अप्रैल को सऊदी अरब दौरे के दौरान इस मुद्दे को पूरी गंभीरता के साथ सऊदी नेतृत्व के समक्ष रखें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का कूटनीतिक अनुभव और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में मजबूत पकड़ इस संकट का समाधान निकालने में मददगार साबित हो सकती है। उन्होंने यह भी जोड़ा, ''प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत ने विश्व मंच पर कई बार अपनी सक्रियता और प्रभाव का परिचय दिया है। हमें विश्वास है कि अगर वे इस विषय को सऊदी नेतृत्व के समक्ष उठाएंगे, तो 52 हजार भारतीयों के लिए समाधान निकलना संभव है।'' अनीस मंसूरी ने कहा कि इस समस्या का समाधान केवल प्रशासनिक नहीं, राजनयिक स्तर पर संवाद और समझदारी से ही निकल सकता है, और इसके लिए प्रधानमंत्री का हस्तक्षेप आवश्यक है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि भविष्य में हज रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाए, ताकि इस तरह की स्थिति फिर न पैदा हो। उन्होंने अंत में अपील की, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हम यह अपेक्षा करते हैं कि वे देश के लाखों मुसलमानों की भावनाओं और धार्मिक अधिकारों का सम्मान करते हुए इस मुद्दे को प्राथमिकता से उठाएं। यह सिर्फ एक मांग नहीं, बल्कि एक भरोसे की पुकार है।

## यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने की दिशा में चीनी उद्योग की होगी अहम भूमिका

लखनऊ । उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के के लक्ष्य को साकार करने में गन्ना और चीनी उद्योग महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। सरकार ने वर्ष 2027-28 तक गन्ना और चीनी उद्योग के ग्रॉस वैल्यू आउटपुट (जीवीओ) को मौजूदा 1.32 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1.62 लाख करोड़ रुपये से अधिक करने का लक्ष्य रखा है। चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्षों में जीवीओ में लगातार वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2023-24 में यह 1,24,198 करोड़ रुपये था, जो 2024-25 में बढ़कर 1,32,024 करोड़ रुपये हो गया है और 2027-28 तक इसे 1.62 लाख करोड़ रुपये से अधिक तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान गन्ना उत्पादन में 7 प्रतिशत और गुड़ उत्पादन में 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर हासिल करने का लक्ष्य है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि सरकार ने चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग ने वर्ष 2025-26 के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है, जिसमें चीनी मिलों की रिकवरी दर को 9.56 प्रतिशत से बढ़ाकर 10.50 प्रतिशत तक ले जाना शामिल है।

# आखिर कैसे फल फूल रहे है अवैध निजी हॉस्पिटल व पॉलीक्लिनिक आखिर किसका मिला है इन मेडिकल माफियाओं को संरक्षण

0 सालों से चल रहे हॉस्पिटल बीच शहर में फिर भी रजिस्ट्रेशन नहीं न डॉक्टर, झोलाछाप चला रहे नर्सिंग होम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जनपद में धड़ल्ले से अवैध निजी अपस्ताल व पॉलीक्लिनिक संचालित किए जा रहे है आखिर इन मेडिकल माफियाओं को किसने संरक्षण दे रखा है किस अधिकार से हॉस्पिटल को बिना रजिस्ट्रेशन व डॉक्टर के संचालित कर रहे है।

आप को बता दे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां कस्बे के जहांगीराबाद रोड पर चरक हॉस्पिटल व विवेकानंद पॉलीक्लिनिक बिना डॉक्टर व बिना रजिस्ट्रेशन के आईसीयू इनआईसीयू की सुविधा उपलब्ध कराई है साथ में डीएंडसी , डिलीवरी सहित सीजर आदि के ऑपरेशन किए जाते है।सूत्र बताते है कि 2024 दिसम्बर मे नई भर्ती मे सकरन सांडा सीएचसी पर आरबीएसके के डॉक्टर अमरदीप चौहान की नियुक्ति हुई हैं डॉक्टर साहब अपने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मरीजो को वहाँ से ले आते है और चरक हॉस्पिटल पर डी एंड सी , डिलीवरी , सीजर आदि ऑपरेशन कराते है जबकि गवर्मेंट इनको मोटी तनख्वा देती हैं मगर ये इन नियमों का उल्लंघन और जनता को भ्रमित कर अपने निजी चरक हॉस्पिटल में भर्ती करवा उनसे मोती रकम वसूल करते है ज़ब की इस हॉस्पिटल को के पी मौर्या संचालित करते हैं।अब सवाल यह खड़ा होता है कि स्वास्थ्य विभाग क्या कुंभकरण की नींद में सोया हुआ है जो ऐसे हॉस्पिटल व डॉक्टरों पर कार्यवाही नहीं करता है भोली भाली जनता को मूर्ख बनाकर उनसे धनउगाही का कार्य निजी अपस्ताल वाले धड़ल्ले से कर रहे है जब इस संबंध में डिप्टी सीएमओ संजय श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच कर कार्यवाही की जायेगी वही जब सीएचसी अधीक्षक बिसवां डॉ अमित कपूर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जांच कर कार्यवाही तो कर देंगे मगर नेता नगरी व कुछ संगठन वाले वाले इन जैसों की सिफारिश करने आ जायेंगे हालांकि सीएचसी अधीक्षक ने कहा है कि हम जांच कर कार्यवाही जरूर करेंगे अब देखना यही है कि इन पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कब कार्यवाही की जाती है जनता यूंही इनका शिकार बनती रहेगी।

सालों से चल रहे हॉस्पिटल बीच शहर में फिर भी रजिस्ट्रेशन नहीं न डॉक्टर, झोलाछाप चला रहे नर्सिंग होम कब जागेगा स्वास्थ्य विभाग,सीतापुर जिला अस्पताल व जिला महिला अस्पताल के अगल बगल चल रहे अबैध व मानक बिहीन तरीके से नर्सिंग होम व पैथोलॉजी सेंटर जहां पर बिना पैथोलॉजिस्ट के सारे केंद्र चलाए ज रहे हैं और ब्लड कलेक्शन सेंटर अनट्रेंड लोगो के द्वारा अनअथेंटिक रिपोर्ट मरीजों को देकर गुमराह कर रहे हैं।इसी के साथ साथ बिना डॉक्टर के सीतापुर हेल्थ केयर, सीतापुर केयर हॉस्पिटल,आरोग्यम नर्सिंग होम,मंगलम नर्सिंग होम,बालाजी नर्सिंग होम, यह सभी आवासीय परिसर में चलाए ज रहे हैं बिना कमर्शियल बिल्डिंग के सारे स्वामीनार रजिस्ट्रेशन के सारे हॉस्पिटल धड़ल्ले से चलकर दिन-रात मरीजों को मारने क काम कर रहे हैं और ए सारे हॉस्पिटल दलालों के बलबूते फल फूल रहे हैं।

## खोये हुए कुल 150 अदद मोबाइल फोन बरामद,पुलिस ने मालिको के किया सुपुर्द

सीतापुर।पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ प्रवीन रंजन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी अपराध दिनेश कुमार शुक्ल के नेतृत्व में एसओजी पुलिस टीम द्वारा मोबाइल खोने के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए कुल 150 अदद खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं। बरामद मोबाइल फोन्स में 131 स्मार्ट फोन्स एवं 19 कीपैड फोन है जिनकी अनुमानित कीमत लगभग बीस लाख रुपये आंकी गयी है।पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा एसओजी टीम द्वारा बरामद किये गये 150 अदद मोबाइल फोन को उनके मालिको के सुपुर्द किया गया। खोये हुए मोबाइल पुनः पाकर सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उपस्थित लोगो एवं प्रेस के माध्यम से आमजनमानस को किसी भी प्रकार के पुलिस सहयोग के लिये जनपद की एसओजी/क्राइम ब्रांच से संपर्क करने के लिये कहा गया।एसओजी पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र विक्रम सिंह,निरीक्षक अमर सिंह, उनि राजबहादुर,हे0का0 शराफत अली, क0आ0 गुरपाल सिंह, हे0का0 विष्णु सिंह, हे0का0 विशाल गुप्ता, हे0का0 रोहित तोमर, म0का0डाली रानी , का0 भूपेन्द्र राणा, का0 दीपक रंजन, का0 अभिषेक तोमर, का0 अंकुर बालियान, का0 प्रशान्त सिंह, का0 राहुल कुमार, का0 सोहनपाल राठी, का0 रवि सिंह, का0 चन्द्रप्रकाश वर्मा, का0 दानवीर, का0 भानु राठी, का0 अमित मांगट,का0 शैंकी यादव।

# राज्य विधानमंडल पेंशनर्स संस्थान द्वारा कवि गोष्ठी का किया आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां -सीतापुर। राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने विधानसभा सचिवालय में आयोजित कवि गोष्ठी में काव्यपाठ कर सभी को चमत्कृत कर दिया। कवि गोष्ठी का आयोजन राज्य विधानमंडल पेंशनर्स संस्थान द्वारा किया गया था जिसकी अध्यक्षता संस्थाध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा ने की व मुख्य अतिथि संस्कृति विभाग की पूर्व निदेशक श्रीमती उमा द्विवेदी थीं। कमलेश मौर्य मृदु को विशिष्ट अतिथि के नाते आमंत्रित किया गया था। संचालन हरि प्रकाश अग्रवाल हरि ने किया। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को अंगवस्त्र व माल्यार्पण से संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। श्री मृदु ने नीले ड्रम पर कटाक्ष करते हुए पढ़ा पत्नी ने कहा बैठी मिलन की उम्मीद से।होली पे नहीं आये तो आवोगे ईद पे।पति बोला आ रहा हूं मगर डर रहा हूं मैं,रक्खा तो नहीं तूने नीला ड्रम खरीद के।।बाराबंकी से आये हास्य कवि संदीप अनुरागी ने सभी को जमकर हंसाया। संस्थान के संयोजक डा दिनेश चन्द्र अवस्थी ने मूंछों पर कुंडलियों सुना कर सभी को लोटपोट कर दिया।इसके अतिरिक्त अरविंद रस्तोगी, अलका अस्थाना हिमांशु श्रीवास्तव ने काव्यपाठ कर कवि गोष्ठी को ऊंचाइयां प्रदान कीं। संस्थाध्यक्ष सी पी शर्मा ने सभी का स्वागत किया तथा आभार व्यक्त किया।

# ग्राम पंचायत निघुवामऊ का पदभार ग्रहण करते ही हड़बड़ाए सचिव हेमंत कुमार

0 शिकायत का विलोकन किए विना, लगा दिया दूसरे का निस्तारण, मानसिक असंतुलन या भ्रमित करने की कोशिश




कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा-सीतापुर। विकास खंड मछरेहटा के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों के सचिवों का क्लस्टर बदला कि कुछ सचिवों की ग्राम पंचायते बदली, इसी अनुक्रम मे ग्राम पंचायत निघुवामऊ के पूर्व सचिव पवन कुमार गौतम का भी क्षेत्र परिवर्तन हुआ, जिसमे नए सचिव हेमंत कुमार ने उक्त ग्राम पंचायत का ग्राम विकास अधिकारी के रूप मे पदभार ग्रहण किया। वर्तमान समय मे आवास प्लस का सर्वे चल रहा है पूर्व मे मुख्यमंत्री विधवा एवं दिव्यांग आवास का सर्वे चला जिसमे काफी अनियमितताएं बरती गई हैं वही स्थिति अब भी बनी हुई है लेकिन अभी पूर्णरूपेण आरोपित करना उचित नही है। आवास के ही अनुक्रम मे ग्राम पंचायत निघुवामऊ से आवास सम्बन्धी मांग शिकायती प्रार्थनापत्र था जिस पर ग्राम विकास अधिकारी हेमंत कुमार ने अपनी आख्या लगायी जिसका उक्त से दूर-दूर तक कोई सम्बन्ध नही है यहां तक की लगायी गई आख्या किसी दूसरे शिकायत कर्ता की। अब नवागत आए सचिव हेमंत कुमार की मानवीय त्रुटि कहे या शिकायत कर्ता को भ्रमित करने की कोशिश, इसका निर्णय समय के साथ होता चला जाएगा। उक्त के सम्बन्ध मे अभिकथन के लिए जब ग्राम विकास अधिकारी हेमंत कुमार एवं खण्ड विकास अधिकारी राजेश तिवारी से सम्पर्क स्थापित करने की कोशिश गई तब उक्त के द्वारा फोन नही उठाया गया।

# मसीही समाज ने मनाया ईस्टर पर्व, गिरिजाघरों में की गई प्रार्थना व निकला जुलूस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद । मुरादाबाद जनपद के सभी गिरिजाघरों में मसीही समाज द्वारा रविवार को ईस्टर पर्व (ईस्टर संडे) मनाया गया और जुलूस निकाले गए। ईसा मसीह के पुनर्जीवित होने की खुशी में सभी चर्चों में लोगों को विश्व शांति और मिलजुल कर रहने का संदेश दिया। जुलूस के दौरान लोग हाथों में मोमबत्ती लिए गिरजाघरों में खड़े होकर प्रार्थना करते नजर आए।

पीलीकोठी स्थित फिलिप मेमोरियल मैथोडिस्ट चर्च में रविवार की सुबह धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम आयोजित हुआ। पादरी ब्रिजेश मेंसल ने चर्च में जुटे मसीहियों को संबोधित किया। उन्होंने सभी को पर्व की बधाई देते हुए प्रभु यीशु के दिखाए गए रास्ते पर चलने के लिए अनुरोध किया। साथ ही चौमुखापुल स्थित ऑल्ड चर्च, बारादरी स्थित चर्च और कंपनी बाग स्थित चर्च में सुबह प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग जुटे। लोगों ने भजन व गीतों के माध्यम से प्रभु यीशु को याद किया।

सिटी मैथोडिस्ट चर्च दांग के पादरी डेनियल मसीह ने बताया कि रविवार तड़के मसीही समाज के लोगों ने अपने-अपने क्षेत्रों में मसीह के जीवित होने की खुशी में जुलूस निकाले। जुलूस सुबह छह बजे मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कालेज में पहुंचकर संपन्न हुआ। सुबह दस बजे पवित्र बाईबिल का पाठ पढ़ा गया। इस दौरान अंतिम सिंह, जॉर्ज बैंजामिन, अभिषेक विल्सन, राजन मसीह, रोबिन मसीह आदि मौजूद रहे।

## आईएमए ने लगाया निःशुल्क हेल्थ कैंप, मरीजों का किया चेकअप

मुरादाबाद । इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) मुरादाबाद के तत्वावधान में रविवार को शाहपुर तीगरी गांव में निः शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया। जिसमें अनेक एमबीबीएस, एमडी डॉक्टरों ने 500 से अधिक मरीजों का चेकअप किया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान लोगों के ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन की जांच एशियन विवेकानंद हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क की गई।

आईएमए अध्यक्ष डॉ प्रीति गुप्ता ने बताया कि जनरल सर्जरी के मरीजों को डॉ अशोक सिंह व डॉ शमीम अहमद, मिर्गी, सिर दर्द, रीड की हड्डी और दिमाग की नसों के मरीजों को परामर्श डॉ विनम्र सिंघल, डॉ निरंकार देव ने दिया। डॉ निमिष गुप्ता ने मानसिक रोगियों को उचित उपचार दिया। गुर्दा और मूत्र रोग से ग्रसित मरीजों को डॉ अहलावत पुषकाराना और डॉ सुमित गुप्ता ने उचित सलाह दी। स्त्री प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ पील श्रीधर, डॉ दीपाली, डॉ रितिका, डॉ नूपुर, डॉ प्रीति गुप्ता, डॉ सुदीप कौर, डॉ शेफाली गुप्ता, डॉ बबीता गुप्ता, डॉ यासमीन फारूक, डॉ फरीजा रईस ने महिलाओं का चेकअप किया गया। कैंप में सभी को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। आईएमए अध्यक्ष ने समय समय पर ऐसे कैम्प लगवाने का आश्वासन दिया। सचिव डॉ सुदीप कौर ने ने सभी कैंप में आए सभी चिकित्सकों का आभार प्रकट किया। सचिव डॉ सुदीप ने बताया कि बुखार, खांसी, डेंगू, मलेरिया, उल्टी, दस्त, हृदय से संबंधित रोगों का चेकअप डॉक्टर जगमोहन महाजन, डॉ अवधेश कुमार सिंह, डॉ सीपी सिंह, डॉ मोहम्मद शोएब, डॉ शरद गुप्ता ने किया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ एम एल श्रीधर, डॉ गिरीश अग्रवाल, डॉ वीएस दीक्षित, डॉ रघु प्रकाश, डॉ के जी गुप्ता, डॉ अनुराग दुबे ने बच्चों का परीक्षण किया। नाक, कान, गला रोग के मरीज का चेकअप विशेष डॉ जेसी अरोड़ा, डॉ संजय शाह, डॉ एसके सिंह ने किया। नेत्र जांच डॉ गिरिजेश केन, दंत परीक्षण डॉ शालू महाजन, चर्म रोग से संबंधित जांच डॉ रिचा गर्ग, हड्डी रोग से संबंधित मरीजों का चेकअप डॉ सिद्धार्थ देशवाल ने किया।

# अधूरे निर्माण और जर्जर सड़कों से बढ़ी परेशानी 15 वर्षों से उपेक्षित है मार्ग की पट्टिया

कैनविजटाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिले में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित कराई जा रहीं हैं सडकें सीतापुर।मधवापुर रामकोट मार्ग पर डामर रोड तो अच्छी बना दी गई है लेकिन किनारे की पट्टियों की हालत दिनों दिन बदतर होती जा रही है। कड़वाखेड़ा पुल के पास सड़क की एक पट्टी छुट्टी पड़ी हुई है और निर्माण कार्य बीच में ही रोक दिया गया है। यह अधूरा कार्य न केवल यातायात को बाधित कर रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका को भी बढ़ा रहा है।इसके अलावा, नेशनल हाईवे संख्या 30 से सीतापुर आंख अस्पताल मार्ग तक, लगभग 1 किलोमीटर लंबे हिस्से में बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। यहां भी कार्य पूरी तरह बंद पड़ा है और किसी प्रकार की मरम्मत या देखरेख नहीं की जा रही है। यह मार्ग शहर के महत्वपूर्ण मार्गों में से एक है, जहां से अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों और आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस सड़क पर पिछले लगभग 15 वर्षों से रोड के दोनों तरफ पट्टियों का मिट्टी पठान कार्य और झाड़ियों की सफाई नहीं कराई गई है। बरसात के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। झाड़ियों की वजह से दृश्यता कम हो जाती है और सड़क ऊंची हो जाने के कारण अगर कोई वाहन चालक फिसलकर गिरता है, तो वह हादसा बेहद गंभीर हो सकता है।स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों ने प्रशासन से मांग की है कि इन मार्गों पर तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कराया जाए, सड़क के किनारों की साफ-सफाई और मिट्टी पठान का कार्य कराया जाए ताकि बारिश से पहले स्थिति में सुधार हो सके।अब देखने वाली बात होगी कि क्या प्रशासन इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान देगा या नागरिकों को यूं ही खस्ताहाल सड़कों के हवाले छोड़ दिया जाएगा।

## कराची जेल से जौनपुर के मछुवारे का आया शव, प्रशासन ने कराया अंतिम संस्कार

जौनपुर । पाकिस्तान की कराची जेल में बंद जौनपुर के मछलीशहर कोतवाली अंतर्गत बसीरहा गांव में रहने वाला एक मछुवारे ने वहां मिलने वाली यातनाओं के चलते बीते दिनों फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली थी। शनिवार की देर रात डेढ़ बजे उसका शव पैतृक गांव पहुंचा, तो अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीण उमड़ पड़े। रविवार को मृतक का प्रशासन ने अंतिम संस्कार कराया। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने बताया कि मछलीशहर क्षेत्र के बसीरहा गांव के मछुआरे घुरहू बिंद पुत्र रामानंद की हाल ही में कराची की जेल में मृत्यु हो गई थी। शव को उनके पैतृक गांव लाकर सम्मान के साथ जिला प्रशासन के सहयोग से, परिजन की उपस्थिति में अंतिम संस्कार करा दिया गया है।

लाखों रुपये से बना आंगनबाड़ी केंद्र झाड़ियों में गुम, नौनिहालों की पढ़ाई संकट में।सीतापुर।विकास खण्ड खैराबाद क्षेत्र में सरकार द्वारा बच्चों के पोषण, शिक्षा और प्रारंभिक विकास हेतु लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्र की दुर्दशा किसी उपेक्षित खंडहर से कम नहीं है। विकासखंड खैराबाद की ग्राम पंचायत परसेहरा के मजरा तुलसनपुर में स्थित यह केंद्र अब चारों ओर से घनी झाड़ियों में छिप गया है, जिससे न तो बच्चे पहुंच पा रहे हैं और न ही केंद्र में कोई गतिविधि हो पा रही है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि केंद्र का निर्माण तो वर्षों पहले करवा दिया गया, लेकिन उसकी देखरेख और रखरखाव की ओर न तो किसी अधिकारी ने ध्यान दिया और न ही स्थानीय कर्मचारियों ने सफाई करवाई। झाड़ियों और गंदगी के चलते यह केंद्र पूरी तरह अनुपयोगी बन चुका है।ग्रामवासियों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ल्लबच्चों को पढ़ाने और पोषण आहार देने के लिए जो केंद्र बनाया गया था, अब वहाँ पहुंचना ही मुश्किल हो गया है। यह तो सिर्फ पैसे की बर्बादी है,ङ्क ऽ ऐसा कहना है एक स्थानीय अभिभावक का।यह सवाल उठाना लाजमी

# जमीनी स्तर पर नहीं दिख रहा काम , लाखों का हुआ भुगतान

0 शिकायतकर्ता ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग

0 ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव की मिली भगत ने रच दिया नया इतिहास बिना काम कराये ही निकाले लाखों रुपए




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिले की विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत सकरारा में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर शिकायत कर्ता ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। शिकायत कर्ता राम अवध प/ध रामेशस्वरदयाल निवासी ग्राम पंचायत सकरारा विकास खण्ड मछरेहटा ने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान , पंचायत सचिव द्वारा पंचम वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि का बड़े पैमाने पर दुरपयोग कर अपनी तिजोरी भरने का काम किया है। जो कार्य पूर्व में कराये गए थे , उन्ही के नाम से फर्जी तरीके से भुगतान कराया गया और कुछ कार्य कराये गए कुछ का तो पैसा ही निकाल लिया गया और जमीनी स्तर पर कार्य हुआ ही नही । जैसे हियूम पाइप क्रय के नाम से लगभग 90000 रुपयों का भुगतान कराया गया लेकिन कहीं पर डाले नही गए , वही *बाजपेई के मकान से छोटे सिंह के मकान तक इंटर लॉकिंग व नाली निर्माण कार्य के नाम पर लगभग 1114824 रुपयों का भुगतान कराया गया है, लेकिन कहि पर कोई कार्य नही हुआ है* , वही *नल चौकी मरम्मत व निर्माण कार्य के नाम पर लगभग 82675 रुपयों का भुगतान कराया गया है* लेकिन कार्य नही कराया गया। वही योगी सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का हर संभव प्रयास कर रही है । लेकिन ग्राम पंचायतों में इसका कोई खास असर नही दिखाई दे रहा है । अब देखना यह है कि ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव एवं संबंधित अधिकारियों पर कोई कार्यवाही की जाती है या ऐसे ही बढ़ावा दिया जाता रहेगा ।

# लाखों रुपये से बना आंगनबाड़ी केंद्र झाड़ियों में गुम, नौनिहालों की पढ़ाई संकट मे

सीतापुर। विकास खण्ड खैराबाद क्षेत्र में सरकार द्वारा बच्चों के पोषण, शिक्षा और प्रारंभिक विकास हेतु लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्र की दुर्दशा किसी उपेक्षित खंडहर से कम नहीं है। विकासखंड खैराबाद की ग्राम पंचायत परसेहरा के मजरा तुलसनपुर में स्थित यह केंद्र अब चारों ओर से घनी झाड़ियों में छिप गया है, जिससे न तो बच्चे पहुंच पा रहे हैं और न ही केंद्र में कोई गतिविधि हो पा रही है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि केंद्र का निर्माण तो वर्षों पहले करवा दिया गया, लेकिन उसकी देखरेख और रखरखाव की ओर न तो किसी अधिकारी ने ध्यान दिया और न ही स्थानीय कर्मचारियों ने सफाई करवाई। झाड़ियों और गंदगी के चलते यह केंद्र पूरी तरह अनुपयोगी बन चुका है।ग्रामवासियों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ल्लबच्चों को पढ़ाने और पोषण आहार देने के लिए जो केंद्र बनाया गया था, अब वहाँ पहुंचना ही मुश्किल हो गया है। यह तो सिर्फ पैसे की बर्बादी है,ङ्क ऽ ऐसा कहना है एक स्थानीय अभिभावक का।यह सवाल उठाना लाजमी है कि जब आंगनबाड़ी केंद्र जैसे ज़रूरी संस्थान तक बच्चों की पहुंच ही नहीं होगी, तो फिर सरकारी योजनाएं किस उद्देश्य की पूर्ति करेंगी।अब देखना यह है कि प्रशासन इस ओर कब ध्यान देता है और कब इन झाड़ियों में छुपे शिक्षा केंद्र को वास्तव में बच्चों के लिए उपयोगी बनाता है क्या है।

# थानों पर सुनवाई नहीं, एसपी के चौखट पर पहुंच रहे हैं फरियादी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले में पिछले कुछ दिनों में एसपी ऑफिस पर शिकायतों का बोझ बढ़ रहा है। कारण साफ है कि थाने और चौकियो पर फरियादियों की सुनवाई नहीं होती।अगर सुन भी ली गई तो किसी न किसी हस्तक्षेप के कारण उन्हें न्याय नहीं मिल पाता।वैसे भी थानों पर पुलिस के जनता के साथ खराब व्यवहार की शिकायतें भी कुछ ज्यादा ही हैं। इसी कारण फरियादियों का थानों पर से वि श्वास उठता जा रहा है।

ऐसे में लोग अपनी फरियाद लेकर मुख्यमंत्री से लेकर एसपी के ऑफिस ऑफिस पर पहुंच रहे हैं।हैरान करने वाली बात यह है कि एसपी आफिस पर फरियादियों की संख्या दस -बीस नहीं बल्कि सैकड़ो की संख्या तक पहुंच गई है।शासन जन सुनवाई को लेकर बेहद गंभीर है कि फरिया दियों को अपनी समस्याओं को लेकर बेवज ह अफसरों के पास दौड़ न



लगानी न पड़े, इ सके लिए ही तहसील दिवस और समाधान दिवस आयोजित किये जाते हैं। फिर भी लो गों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा ता है, अक्सर देखा जाता है कि जब पीड़ित व्यक्ति थाने पर जाता है तो उसकी सुनवाई नहीं हो पाती।पुलिस उसका शिकायती पत्र तो ले लेती है,लेकिन इसका उपयोग अक्सर दूसरे पक्ष से आर्थिक लाभ लेने में करती है। इससे पीड़ित को न्याय नहीं मिल पाता।यहां तक कुछ मामले ऐसे भी आए हैं,जिनमें पुलि स शिकायतकर्ता के विरोध में ही गलत रिपो र्ट लगाकर भेज देती है।इससे पीड़ित व्यक्ति न्याय पाने के लिए भटकता रहता है।हालात कुछ ऐसे हैं कि अब लोगों को सीओ स्तर से न्याय मिलने का भी भरोसा नहीं रह गया है। पीड़ित को आस रहती है कि यदि वह एसपी से मिलेगा तो उसे न्याय मिल सकता है।

इसी उम्मीद में पीड़ित एसपी ऑफिस पर चक्कर लगाते रहते हैं,एसपी ऑफिस पर आने वाली शिकायतों के आजकल अंबार लगे हैं। यह भीड़ को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है।

## अफसरों का भी नहीं थानेदारों में खौफ

अफसर जनशिकायतों के निस्तारण को ले कर बैठकों में भी मातहत अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हैं और उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने की बात कहते हैं।यहां तक कि लापरवाही पर दंडित करने की बात कहने से भी गुरेज नहीं करते, लेकि न थानेदारों पर इसका कोई खास असर नहीं पड़ता।नये कप्तान ने आते ही तमाम थाने दारों की बैठक लेकर अपने इरादों को साफ कर दिया और जनता की शिकायतों को प्राथ मिकता के आधार पर सुनवाई करने के लिए निर्देशित किया।बावजूद इसके कप्तान के दफ्तर पर टूटती भीड़ थानेदारों की कार्यशैली को कटघरे में खड़ा करती है।

## जमीनी विवाद और घरेलू हिंसा के मामले

एसपी के दफ्तर पर आने वाली शिकायतों पर गौर करें तो अधिकतर मामले जमीन के विवाद और घरेलू हिंसा से जुड़े होते हैं। जमीन के विवाद राजस्व विभाग से जुड़े होने की वजह से पुलिस इनके निस्तारण में लाचार दिखती है।ऐसे में पीड़ित को लगता है कि पुलिस मामले को जान बूझकर टाल रही है।

# चुनावी रंजिश के चलते हत्या में शामिल दो इनामिया अपराधी पुलिस मुठभेड़ में घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। थाना जीयनपुर, रौनापार व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम से मुठभेड़ में हत्या में संलिप्त 25-25 हजार रूपये के 02 इनामिया अपराधी घायल हो गए। जिन्हें गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व एक मोटरसाइकिल बरामद किया। 29 मार्च 2025 को वादिनी शिवकुमारी पत्नी स्व0 श्याम कुवर चौहान, ग्राम भरौली, थाना जीयनपुर, द्वारा तहरीर दिया गया कि दिनांक 28 मार्च 25 को वादिनी का लड़का अश्वनी चौहान उम्र 32 वर्ष शाम को गाँव के ही मैकु उर्फ रामचन्दर यादव पुत्र स्व कन्हैया यादव व गौरव सिंह पुत्र गिरीशचन्द के साथ दावत खाने जीयनपुर विशाल यादव के घर गया था। दावत खाने के बाद वादिनी का लड़का अश्वनी, मैकु उर्फ रामचन्दर तथा गौरव सिंह के साथ वापस घर के लिए निकला था लेकिन रास्ते में ग्राम जमीन नरहन के पास सड़क के किनारे वादिनी के लड़के का मृत अवस्था में शव मिला, जिसके शरीर पर काफी चोट मौजूद थे, शंका है कि हमारे गाँव के मैकु उर्फ रामचन्दर व गौरव सिंह ने उसकी हत्या कर दिया है। मैकु उर्फ रामचन्दर यादव पुत्र स्व0 कन्हैया यादव और गौरव सिंह पुत्र गिरीशचन्द्र सिंह, निवासी छपरा सुल्तानपुर, थाना




जीयनपुर, के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में संकलित साक्ष्य के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में 10 अन्य अभियुक्तों शिवम यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव, निवासी खतीबपुर, थाना जीयनपुर, अमित यादव पुत्र रामकेवल यादव, निवासी चक अमरौला, थाना मुबारकपुर, सर्फुद्दीन पुत्र मो0रोजिद, निवासी गांगेपुर, थाना रौनापार, सौरभ उर्फ करिया पुत्र स्व0 विरेन्द्र, निवासी मनचोभा, थाना कोतवाली, आशीष यादव पुत्र हीरालाल यादव, निवासी बाजार बाग खालिस, थाना जीयनपुर, अनुराग उर्फ अंश उर्फ बन्टी पुत्र ज्ञानेन्द्र यादव, निवासी खतीबपुर, थाना जीयनपुर, आकाश यादव पुत्र रामसमुझ यादव, निवासी दाउदपुर, थाना जीयनपुर, विकास यादव पुत्र सुर्यप्रकाश यादव उर्फ शेरा, निवासी दाउदपुर, थाना जीयनपुर, अनिल यादव पुत्र रामसमुझ यादव निवासी हसनपट्टी थाना जीयनपुर और दो व्यक्ति नाम पता अज्ञात का नाम प्रकाश मे आया। मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्तों शिवम यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम सवरूपुर थाना जीयनुर जनपद आजमगढ़ हाल मुकाम खतीबपुर थाना जीयनपुर और अमित यादव पुत्र श्यामकेवल यादव ग्राम चक अमरौला बनकट थाना मुबारकपुर उम्र 22 वर्ष को पूर्व में गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा चुका है।शेष अभियुक्त अभी फरार चल रहे है तथा अभियुक्त सर्फुद्दीन पुत्र मो0रोजिद निवासी ग्राम गांगेपुर थाना रौनापार और सौरभ उर्फ करिया पुत्र स्व0 विरेन्द्र निवासी ग्राम मनचोभा थाना कोतवाली भी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पूर्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ द्वारा 25-25 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था। थाना जीयनपुर, रौनापार व स्वाट टीम की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त सर्फुद्दीन पुत्र मो0 रोजिद निवासी ग्राम गांगेपुर थाना रौनापार अर्वसौरभ उर्फ करिया पुत्र स्व0 विरेन्द्र निवासी ग्राम मनचोभा थाना कोतवाली आजमगढ को पुलिस मुठभेड़ के दौरान सीएचसी लाटघाट पुलिया, जम्मनपुर मोड़ के पास गिरफ्तार किया गया, जिसमें दोनों अभियुक्त सर्फुद्दीनपुर उपरोक्त के दाहिने पैर व अभियुक्त सौरभ उपरोक्त के बायें पैर में गोली लगी है, जिसे उपचार हेतु सीएचसी लाटघाट से सदर अपस्ताल आजमगढ़ रेफर किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर बता रहे है कि साहब रामचन्द्र उर्फ मैकु पुत्र स्व0 कन्हैया निवासी भरौली थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़ हमलोग का दोस्त है । रामचन्द्र उर्फ मैकु का उसके गांव के मृतक अश्वनी चौहान पुत्र श्याम कुंवर चौहान से पिछले प्रधानी चुनाव से रंजिस थी, इस बार प्रधानी चुनाव दोनो लड़ना चाहते थे, रामचन्द्र उर्फ मैकु को यह डर था की यदि अश्वनी चौहान भी प्रधानी चुनाव लड़ जायेगा तो मै नही जीत पाऊंगा, इसलिये वह अश्वनी को मारना चाहता था । दिनांक 28.03.2025 की रात्रि मे विकास यादव पुत्र सूर्यप्रकाश यादव उर्फ शेरा के मुबारकपुर रोड़ स्थित गोल्डेन मैरेज हाल के सामने मकान मे दावत थी, उस दावत में हमलोग तथा हमलोगों के अन्य साथी आये थे, उसी रात मे हसनपट्टी मे एयरटेल टावर के पास विशाल यादव पुत्र शम्भू यादव निवासी हसनपट्टी थाना जीयनपुर आजमगढ़ के यहाँ भी दावत थी तो वहाँ पर रामचन्द्र उर्फ मैकु दावत खिलाने के बहाने अश्वनी चौहान को लेकर आया था । जब अश्वनी चौहान जीयनपुर से दावत खाकर घर के लिये निकल गया, तभी सभीलोग रामचन्द्र उर्फ मैकु द्वारा बतायी गयी योजना के अनुसार डण्डा, पंच, राड लेकर सफ़ेद गमछे से मुंह ढककर निकल गये । जब अश्वनी चौहान नरहन गांव के आगे पहुंचा तो समय करीब 11.15 बजे रात मे रामचन्द्र उर्फ मैकु ने अपनी मोटरसाइकिल से अश्वनी चौहान के मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया, जिससे वह वही लड़खड़ा कर गिर गया और सभी लोग अश्वनी चौहान को मारने पीटने लगे, मारते हुए सड़क के बगल झाड़ मे ले गये। हमलोग तब तक उसे मारते रहे, जब तक उसकी मृत्यु नही हो गयी । उसके बाद हम सभी लोग अश्वनी को वही पर छोड़ कर फरार हो गये ।

## भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष से अभद्रता और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग



0 महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ने पूर्व जिला अध्यक्ष ऋषिकांत राय के विरूद्ध देर रात शिकायत पत्र लेकर पहुंची एसपी आवास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जनपद के वागेश्वर नगर स्थित भाजपा कार्यालय में एक अनुसूचित जाति की महिला के साथ मारपीट और जातिसूचक गाली-गलौज का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता कुशुमलता, पुत्री फूलधारी, ग्राम दिलौरी, थाना रानी की सराय ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसे कार्यालय में बुलाकर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। कुशुमलता के अनुसार, दोपहर 3 बजे भाजपा कार्यालय में हुई मीटिंग के दौरान ऋषिकांत राय (निवासी लालगंज, आजमगढ़), रिया पाण्डेय (निवासी ग्राम भरौली, थाना कप्तानगंज) और चार-पांच अज्ञात व्यक्तियों ने उनके साथ बदसलूकी की। शिकायत में कहा गया है कि ऋषिकांत राय ने धक्का देकर जातिसूचक गालियां दीं और कहा, ''तुम जैसे लोग मेरे जूते के नीचे रहते हैं।'' इसके बाद रिया पाण्डेय ने चप्पल से मारने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने लात, जूता और चप्पल से पीड़िता की पिटाई की। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया। जाते समय आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का उपयोग कर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस से मामले की जांच और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# चोरी की बाइक के साथ एक अभियुक्त समेत दो बाल अपचारी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददात

राजापाकड़/कुशीनगर। जनपद कुशीनगर में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सेवरही पुलिस को शनिवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने चोरी की गई एक पल्सर मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जबकि दो बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लिया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से बिना नंबर प्लेट की एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद हुई है।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान प्रभात सोनी पुत्र जवाहिर वर्मा निवासी वार्ड संख्या 10, महावीर नगर, थाना सेवरही के रूप में हुई है। तीनों के विरुद्ध थाना सेवरही में मुकदमा संख्या 115/2025, धारा 303(2), 317(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने मौके से चोरी की गई मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया है।इस पूरी कार्रवाई को थानाध्यक्ष धीरेन्द्र राय के नेतृत्व में अंजाम दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अनिल कुमार शर्मा (चौकी प्रभारी कस्बा), उपनिरीक्षक मिथिलेश प्रजापति, कांस्टेबल मनोज यादव, कांस्टेबल किशन सिंह तथा कांस्टेबल अमित सिंह शामिल रहे।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान के तहत लगातार अपराधियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है और इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई चल रही है।




## पत्रकारों की बैठक में क्षेत्रीय सम्मेलन पर हुई चर्चा, पत्रकार हितों के लिए संघर्ष कर रही एबीपीएसएस: अजय सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति कुशीनगर (एबीपीएसएस) की एक बैठक बुद्ध स्थली स्थित बिड़ला धर्मशाला के सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें क्षेत्रीय सम्मेलन कराने को लेकर चर्चा करते हुए जिम्मेदारियां बांटी गई।

रविवार को एबीपीएसएस की जिला इकाई की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना है और जनता और सरकार के बीच सेतु का कार्य करता है। आज के दौर में पत्रकार उत्पीड़न की बढ़ी घटनाएं चिंता जनक हैं। संगठन पत्रकार हितों के लिए संघर्ष कर रही है और देश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग को लेकर जागरूकता अभियान चला रही है। प्रदेश सचिव विनय कुमार उपाध्याय, प्रदेश कार्य समिति सदस्य आदित्य शाही, जिलाउपाध्यक्ष विजय कुमार यादव, कोषाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, पडरौना तहसील अध्यक्ष अर्जुन वेदांत ने अपने विचार रखते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया।

अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हृदया नन्द शर्मा और आभार तहसील अध्यक्ष कसया कामाख्या नारायण मिश्रा ने व्यक्त किए। इस दौरान जिला संगठन मंत्री ज्ञानेश्वर बरनवाल, गोविंद पटेल, मनीष यादव, असलम अंसारी, संदीप कुमार सिंह, सरफराज आलम, राजन सिंह, कार्यालय प्रभारी मस्तराज शर्मा सहित प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के संगठन से जुड़े पत्रकार उपस्थित रहे।



## वाटर एटीएम का सभासद ने फीता काटकर किया उद्घाटन



कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर द्वारा वार्ड संख्या 20 शहीद भगत सिंह नगर (खेदनी) में स्वच्छ जल, स्वच्छ जीवन के तहत लगे निःशुल्क वाटर एटीएम का सभासद प्रभुनाथ सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया।रविवार को उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभासद श्री सिंह ने कहा कि नपा प्रशासन ने पानी की किल्लत दूर करने के लिए नई पहल की है। आमजन के लिए वार्ड में पानी के लिए निःशुल्क वाटर एटीएम लगने से अब कोई भी प्यासा नहीं रहेगा और शुद्ध पानी पीकर स्वस्थ्य रहेगा। पूर्व महामंत्री छात्र संघ बीपीजी कुशीनगर अशोक कुमार सिंह ने कहा कि पानी की उपलब्धता के लिए आमजन के लिए नई पहल निश्चित ही उपयोगी साबित होगी। इस अवसर पर इंद्रपाल गोंड, जितेंद्र शर्मा, राम नगीना, श्रीराम कुशवाहा, लक्ष्मी कुशवाहा, सफाई नायक निजाम, शुभम, रोशन सिंह, अविनाश सिंह, सुमित, कुंदन, सुधांशु व सफाई कर्मी मौजूद रहे।

## सभासद ने वार्ड के सफाईकर्मियों को किया सम्मानित , जलपान और अंगवस्त्र के साथ दी प्रोत्साहन राशि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। गुरुटोला-अनंतपुरा वार्ड के सभासद व जिला योजना समिति के सदस्य मोहम्मद अफजल की ओर से रविवार को उनके गुरुटोला स्थित कार्यालय पर वार्ड के सफाईकर्मियों और नायक का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सभी लोगों को जलपान के बाद अंगवत्र और प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कारोबारी हरीश वर्मा रहे।सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मोहम्मद अफजल ने कहा कि जिस समय हम ईद, होली, दशहरा और दीवाली जैसे त्योहार मनाने की तैयारी करते हैं उस समय कर्मचारी त्योहार के लिए स्वच्छ वातावरण का सृजन करते हैं। त्योहार या आम दिनों में हम घर की सफाई के बाद कूड़ा सड़क पर फेंककर निश्चिंत हो जाते हैं, लेकिन घर के बाहर से गंदगी को साफ कर उसका निस्तारण करने के लिए सफाईकर्मी अपना त्योहार भूलकर लगे रहते हैं। हम ऐसे कर्मचारियों के बारे में नहीं सोच पाते, बल्कि सम्मान करने के लिए किसी बड़े नेता या फिर किसी बड़े अधिकारी को योग्य मानते हैं।

मेरे ख्याल से यह कर्मचारी सम्मान के हकदार हैं और ऐसे लोगों की पहचान होनी चाहिए, ताकि उनका मनोबल बढ़ा रहे और अपना काम दोहरी ऊर्जा से कर सकें।निशीथ रंजन तिवारी एडवोकेट और कारोबारी हरीश वर्मा ने कहा कि अफजल की सोच वाकई सलाम करने योग्य है और अन्य लोगों को भी इस तरह के आयोजन के लिए आगे आना चाहिए। इस मौके पर सफाईकर्मी अकबर अली, गोविंदा, शंभू, संजीव व प्रिंस के साथ सफाई नायक कमलदेव का अंगवस्त्र व प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. बृजेश गुप्ता, रामजनम निषाद, सृजन गुप्ता, मोहम्मद जमालुद्दीन, खालिद आदि लोग उपस्थित रहे।




## फरार चल रहे अभ्यियुक्त के घर पुलिस ने चस्पा 84 बीएनएस की नोटिस



आजमगढ़। फरार चल रहा है अभियुक्त के घर के पास 84 बी0 एन0 एस0 की नोटिस की गई चस्पा आजमगढ़ उ0नि0 रवि प्रकाश गौतम मय हमराह का0 नीरज कुमार थाना कोतवाली आजमगढ़ मय पुलिस फोर्स के मु0अ0सं0 603/24 धारा 303 (2) ढ317 (2)/317 (4)/317 (5)/112(2) उगट्ट में वांछित अभियुक्त मो0 आकिल उर्फ आकिब उर्फ शरीफ पुत्र निजामुद्दीन उर्फ भरतुल निवासी नत्थूपुर (नट बस्ती ) थाना जीयनपुर जिला आजमगढ़ जो फरार चल रहा है। अभियुक्त के घर व आस पास के सर्वाजनिक स्थानो पर 84 बी0एन0एस0एस का नोटिस चस्पा की कार्यवाही की गयी।

## समकालीन दौर में प्रिन्ट मीडिया की चुनौतियां विषयक संगोष्ठी आज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । जर्नलिस्ट्स वेलफ़ेयर ऑर्गनाइजेशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष अवधेश तिवारी की 13वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जर्नलिस्ट्स वेलफ़ेयर आर्गनाइजेशन (जे0डब्लू0ओ0) कुशीनगर तथा ''नवप्रभा'' शैक्षिक, सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय मंच कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह-2025 व ''समकालीन दौर में प्रिन्ट मीडिया की चुनौतियां'' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवरिया सदर विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी तथा मुख्य वक्ता पूर्व सांसद कुशीनगर राजेश पाण्डेय उर्फ गुड्डू भईया होंगे। उक्त की जानकारी कार्यक्रम के संयोजक आलोक कुमार तिवारी ने प्रेस वार्ता में दी। बताया कि यह कार्यक्रम 21 अप्रैल को राजकीय बौद्ध संग्रहालय कुशीनगर में सुबह 11 बजे से होगा। इसके विशिष्ट अतिथि के तौर पर बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर के प्राचार्य प्रो विनोद मोहन मिश्र, उदित नारायण पीजी कालेज के प्राचार्य प्रो ममता मणि त्रिपाठी, बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर के पूर्व प्राचार्य प्रो अमृतांशु कुमार शुक्ल, कुशीनगर महोत्सव समिति के अध्यक्ष विनय राय, नगरपालिका परिषद कुशीनगर की अध्यक्ष किरन जायसवाल, विषय प्रवर्तक के रूप हिन्दी विभाग के आचार्य प्रो गौरव तिवारी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जर्नलिस्ट्स वेलफ़ेयर ऑर्गनाइजेशन, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष व पूर्व विधायक कुशीनगर रजनीकांत मणि त्रिपाठी करेंगे।



# मनाया गया रतन मोहिनी दादी का अव्यक्त आरोहण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा राजयोग सेवा केंद्र गुरवलिया पर 8 अप्रैल 2025 के तेरहवें दिन आदरणीय दादी रतन मोहिनी जी की स्मृति में दैवी परिवार द्वारा एक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।राजयोग केंद्र प्रभारी बी0के0 मीना ने बताया कि दादी का जन्म एक प्रतिष्ठित एवं धार्मिक परिवार में 25 मार्च 1925 को सिंध हैदराबाद में हुआ था जिनका बचपन का नाम लक्ष्मी रखा गया था।यह एक होनहार विलक्षण प्रतिभा संपन्न थी।12 वर्ष की आयु में यह अपनी माता के साथ ब्रह्माकुमारी संस्था में आई जहां परमात्म पालना का अनुभव होते ही आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करने का संकल्प लिया।



दादी जी परमात्मा की बहुमूल्य रत्न है जिन्हें रतन मोहिनी नाम से जाना जाता है। दादी जी ने एक वर्ष तक एशिया में यात्रा कर सिंगापुर, हांगकांग तथा मलेशिया में ईश्वरीय सेवाएं दी।13 वर्षों तक मुंबई में सेवारत रहते हुए भारत के विभिन्न भागों में अपनी सेवाएं दी।ब्राज़ील, अफ्रीका, कनाडा, मास्को तथा देश विदेश के अनेक स्थानों पर भ्रमण कर लाखों लोगों को परमात्म पालना की अनुभूति कराई। इतना ही नहीं बल्कि बेंगलुरु, विशाखापत्तनम, हैदराबाद, बांग्लादेश, यू0के0, अमेरिका तथा ऑस्ट्रेलिया में भी अपने आशीर्वचनों की वर्षा की।दादी जी के निर्देशन में ही सन 2006 में मुंबई से तिनसुकिया असम तक 3000 किलोमीटर की विश्व की सबसे बड़ी रैली निकाली गई जिसे लिमका बुक आफ रिकॉर्ड में शामिल किया गया। सन 2014 में इन्हें डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया तथा 2015 में भारत गौरव अवॉर्ड से नवाजा गया।इस प्रकार 100 वर्ष की आयु पार कर 8 अप्रैल 2025 को अपना भौतिक शरीर त्याग कर दादी जी बापदादा की गोद ली। ऐसी दादी को शत्-श नमन, शत्-शत नमन।

इस अवसर पर बी0के0 जवाहर भाई, राम दरश भाई, भागीरथी भाई, चंद्रमा भाई, राजेंद्र भाई, रामायण भाई, रामनरेश भाई, राम प्रसाद भाई, बी0के0 प्रभा बहन, शिवकली माता, कलकाती माता, सरोज माता, रेशमा माता, राबड़ी माता, मधुबाला, प्रभावती माता आदि बहुत से भाई बहन उपस्थित रहे।सुनील कुमार मिश्र

# दो बाईकों की जोरदार टक्कर,सात घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर।तुर्कपटी थाना क्षेत्र के ग्राम कोरया के पास कसया-सेवरही मार्ग पर रविवार को करीब दो बजे के आसपास दो बाइक अनियंत्रित होकर आपस के टकरा गये।टक्कर इतना जबरदस्त था कि बाइक सवार आठ लोगों में सात लोग बुरी तरह से घायल हो गये।घायलों में एक युवती एवं दो पुरुषों की स्थिति गंभीर बतायी जाती है।बताया जाता है कि एक बाइक पर आवश्यकता से अधिक पाँच तथा दूसरी बाइक पर कुल तीन लोग सवार थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना विशुनपुरा क्षेत्र के घूरपट्टी निवासी 35 वर्षीय अनिल,37 वर्षीय राकेश,व 40 वर्षीय राजेश पुत्र गण रघुनाथ के साथ पाँच वर्षीय बालक अजीत व एक महिला एक ही बाइक पर सवार होकर कसया की ओर से आ रहे थे।वहीं तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम जंगल घोरठ निवासी 60 वर्षीय इरशाद,18 वर्षीया राबिया व एक अन्य व्यक्ति दूसरे बाइक से घर से तुर्कपट्टी की तरफ जा रहे थे।

इसी बीच कोरया में दोनों मोटर साइकिल चालक अनियंत्रित होकर आमने -सामने टकराकर सड़क पर गिर पड़े। दोनों बाइकों के बीच हुए जबरदस्त टक्कर में कुल सात लोग घायल हो गये।समाचार लिखे जाते समय घायलों में राबिया,अनिल,राजेश व राकेश की स्थिति गंभीर बनी हुयी थी। ग्रामीणों की सूचना पर एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुँची जिसपर इलाज के लिए घायलों को अस्पताल भेंजा गया।इस सम्बन्ध में एसएचओ राज प्रकाश सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है।पुलिस मौके पर भेंजी गयी है।



# जुए के दलदल में फंसता खोरहंसा चौकी क्षेत्र हर दिन लाखों का होता है वारा-न्यारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। देहात कोतवाली की खोरहंसा चौकी पुलिस अपने कारनामों को लेकर अक्सर सु र्खियों में रहती है।इलाके में चल रहे गोरख धंधों के कारण लगातार यहां के चार प्रभारी लाइन हाजिर हो चुके हैं।इसके बाद भी जुआ मादक पदार्थों की बिक्री,कच्ची शराब समेत कई अवैध कारोबार खूब फल-फूल रहे हैं।जिले की कोतवाली देहात की खोरहंसा चौ की आए दिन सुर्खियों में रहती है।चौकी क्षेत्र जुआरियों, मादक पदार्थों और कच्ची शराब के निर्माण व बिक्री के लिए बदनाम है।सूत्र बताते हैं कि खोरहंसा कस्बे के पक्कवा के साथ ही चंदिया,फिरोजपुर,काजी तरहर के डड़वा, पूरे तिवारी,खोरहंसा तालाब पर, फि रोजपुर,चिश्तीपुर समेत करीब दर्जनभर स्थानों पर जुए के फड़ गुलजार हो रहे हैं और इलाकाई पुलिस चुप्पी साधे हुए है। तत्कालीन चौकी प्रभारी केके सिंघम व नागेश्वर नाथ पटेल ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करके जुआरियों और जुए के फड़ों को सं चालित कराने वाले दलालों की कमर तोड़ दी थी, लेकिन उनके तबादले के बाद से खोरहं सा चौकी क्षेत्र में जुए के फड़ गुलजार हो गये।सूत्र बताते हैं कि




कुछ दलाल जुए का फड़ चलवाने के लिए जुआरियों से मोटी रकम भी वसूलते हैं।इतना ही नहीं, जुआरि यों को रूपए भी देते हैं जिसके बदले में उनसे ब्याज लेते हैं जो पहले से ही तय होती है।क्षेत्र में प्रति दिन सुबह से शाम पांच बजे तक जुआरियों का जमावड़ा लगा रहता है। यही नहीं, इलाके में कुछ जगहों पर रात में भी जुआरियों की महफ़िल सजती है, जहां फड़ों पर लाखों का वारा-न्यारा होता रहता है।दरअसल ,यहां जुआ खेलने वालों के साथ ही उन्हें रूपए देकर जुआ खेलाने वाले भी रहते हैं, जो जरूरत पड़ने पर तुरंत जुआरियों को रूपए देते हैं।

जानकारों के अनुसार, प्रतिदिन जुआ के खेल में यहां लाखों का वारा-न्यारा होता है। इस इलाके के तमाम लोग जुए के गोरखधंधे में फंसकर बर्बाद हो चुके हैं। कई परिवारों की जमीन तक या तो गिरवी रख गयी है या फिर बिक गयी है। हद तो यह है कि कभी-कभी जुए के आदी गरीब जुआरियों के घरों में चूल्हे तक नहीं जल पाते हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ जु आरी ऐसे भी हैं,जिनकी शादी हाल ही में हुई है।पैसे का इंतजाम न होने पर बीवी का जेव र बंधक रखकर जुआ खेलने पहुंचते हैं। हार कर पहुंचने के बाद उनके घर में अशांति का माहौल बना रहता है।क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों का कहना है कि इस संबंध में कई बार खोर हंसा पुलिस को बताया गया और आग्रह कि या गया कि गरीबों को बर्बाद होने से बचा लें लेकिन पुलिस के कानों पर जूं नहीं रेंगी।ऐसे में उसकी भूमिका पर भी सवालिया निशान लग रहा है।

## नानपारा के श्रेयान्स ने जे.ई.ई. मेंस में प्राप्त किया 11631वाँ स्थान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। श्रेयान्स कृष्णा पुत्र डॉक्टर शशिकांत यादव ने जे.ई.ई. मेंस 2025 में 99.2510 परसेंटाइल अंक प्राप्त करते हुए देश में 11631वाँ स्थान प्राप्त करते हुए अपने जनपद का नाम गौरवान्वित किया है । श्रेयान्स कृष्णा जिंगल बेल के छात्र रहे हैं, जिन्होंने वर्ष 2022 में हाई स्कूल की परीक्षा 96 प्रतिशत व वर्ष 2024 में इंटरमीडिएट 94.00 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षाएं उत्तीर्ण करते हुए अपने विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन किया था। इस बार श्रेयान्स कृष्णा ने जे.ई.ई. मेंस परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होते हुए जनपद का नाम एवं अपने परिवार का नाम रौशन किया है। श्रेयान्स कृष्णा के पिता डॉक्टर शशिकांत यादव आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा बहराइच में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं एवं उनकी माता जी डॉक्टर नीलम यादव बेसिक शिक्षा परिषद में सहायक अध्यापिका के रूप में कार्य कर रही है । मूलतः श्रेयान्स कृष्णा, कृष्णा नगर कॉलोनी निकट मंगलम अस्पताल जनौरा, परिक्रमा मार्ग, नाका, अयोध्या के निवासी हैं।

# सामूहिक विवाह में निर्धन कन्याओं के हाथ हुए पीले कन्याओं ने अग्नि के समक्ष लिए सात फेरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में रविवार को रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मंदिर में निर्धन कन्याओं हेतु सामूहिक भव्य विवाह समारोह का आयोजन हुआ जिसमें हिंदू रीति रिवाज एवं पूरे वैदिक मंत्रोचार के साथ सांयकाल के समय तेरह वर वधू एक दूसरे को जयमाल पहनाते हुए परिणय सूत्र में बंधे।ये कार्यक्रम जनपद के निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से वर एवं वधू पक्ष के परिवार जन विवाह स्थल पर पहुंचने के बाद कार्यक्रम शुरू हुआ।जिसमें वर बधू का जयमाल हुआ।फिर भंवर (अग्नि फ़ेरा) हुआ।उसके बाद देर रात वर वधु की विदाई संपन्न हुई।विदाई के समय संस्था द्वारा सभी जोड़ों को नई गृहस्थी एवं खुशहाल जीवन के लिए आवश्यक सामान दिए गये,जिसमें लोहे का बॉक्स,अटैची,एयर बैग,पलंग,गद्दा,चादर प्रत्येक कन्या को सात साड़ी,ब्लाउज व पेटि कोट,पायल,बिछिया व




मंगलसूत्र,प्रेशर कुकर, टेबल पंखा, कंबल,बर्तन व मिठाई आदि सामान समिति द्वारा देकर सभी तेरह जोड़ी की विदाई हुई।सभी मेहमानों के लिए जल पान व भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी,कार्यक्रम में मुख्य सहयोगी श्री राम जान की धर्मादा समिति,श्री राम जानकी महिला मंडल,श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट,मारवाड़ी युवा मंच गोंडा शाखा,मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन मंडल महिला शाखा के अलावा कई समाज सेवियों का विशेष सहयोग रहा और इस कार्यक्रम में नगर के संभ्रांत,प्रतिष्ठित एवं सामाजिक गणमान्य व्यक्तिय एवं जनप्रति निधि भारी संख्या में शामिल हुए।इस दौरान श्री राम जानकी समिति के अध्यक्ष अनिल मित्तल सचिव संजय अग्रवाल,संयोजक राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट,विवाह संयोजक अनिल अग्रवाल,श्याम केडिया, विकास जैन,दीपक अग्रवाल,चिंटू अग्रवाल, संदेश गर्ग,पीयूष मित्तल,सुरेश भावसिंहका, सुशील पचेरिया,मुकेश नहारिया,विमलेश सिंघल,गोविंद जालूका,कार्यक्रम सह संयो जक सरोज अग्रवाल,स्वागत समन्यवक अमिता अग्रवाल,विवाह सह संयोजक नीलम जैन, संस्कृति प्रमुख नीतू गर्ग,श्री राम जानकी महिला मंडल की अध्यक्ष सीमा अग्रवाल,पूनम मित्तल,डॉ नेहा नेवटिया, वर्षा अग्रवाल, रेनू अग्रवाल,मीनू पचेरिया,रचना पचेरिया, मंजू केडिया, डाक्टर रेनू अग्रवाल, अनिता मनीरामका,सोनम अग्रवाल ,,रीता काबरा,किरन बंसल,सरिता अग्रवाल,पुष्पा सिंघल के अलावा समाज के कई समाजसेवी मौजूद रहे।कार्यक्रम में सुरक्षा की दृष्टि से पुरुष एवं महिला पुलिस कर्मी मुस्तैद रही

## हज यात्रियों के प्रशिक्षण एवं टीकाकरण हेतु लगा कैंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जनपद के हज यात्रियों के प्रशिक्षण हेतु मदरसा उस्मानिया इस्लामिक स्कूल कैसरगंज में प्रशिक्षण एवं टीकाकरण का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत मोहम्मद माज ने तिलावत-ए-कुरान पाक से किया और मोहम्मद गुलजार ने हम्द पढ़ी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मौलाना सलाउद्दीन मजाहरी ने कहा कि हज का सही अर्थ अल्लाह से इश्क व दीवानगी का नाम है, अल्लाह के जिस बंदे को तौफीक देता है वही उसके घर की जियारत करता है हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि जिसने मेरे कब्र की जियारत की उस पर मेरी शफाअत वाजिब हो गई और जो बंदा मुझको सलाम करता है उसका जवाब मैं खुद देता हूं। मौलाना अहमद अली नदवी ने हज करने के तरीके बताएं और अंत में अमन और खुशहाली की दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। तदोपरांत स्वास्थ्य विभाग के द्वारा टीकाकरण किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता मदरसे के प्रबंधक मौलाना हाजी




रईस अहमद कासमी ने और संचालन कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर अरशद रईस नदवी ने किया। कार्यक्रम मौलाना फखरुद्दीन, मौलाना मुजीब साहब, डॉक्टर असद रईस, मुग़ल-इ-आज़म हाफिज वहीदुद्दीन, डॉक्टर जफर, स्वास्थ्यकर्मी आफाक अहमद, अहमद रईस, मोनिस अहमद, कलीम, मुशीर अहमद, अफसार अहमद, अखलद रईस व हज यात्रियों समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सर्राफा व्यापारियों की हुई गोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने थाना कोतवाली नगर के सभागार कक्ष में शहर के व्यापारी के साथ गोष्ठी आयोजित कर उनसे सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध मे वार्ता की गई एवं उनकी समस्याओं को सुनकर त्वरित वि धिक निस्तारण हेतु सम्बंधित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है।अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों एवं सराफा व्यापारियों के साथ कोतवाली नगर के सभा गार कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई,जिसमें व्यापारिक समुदाय की सुरक्षा सुविधा और कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर वि स्तृत चर्चा हुई।इस बैठक का उद्देश्य व्यापा रियों के हितों की रक्षा करना,सड़क पर अति क्रमण हटाना,यातायात व्यवस्था को सुगम बनाना और जनपद में शांतिपूर्ण व्यापारिक माहौल सुनिश्चित करना था।गोष्ठी के दौरान महोदय द्वारा उपस्थित सम्मानित व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनका कुशलक्षेम लिया गया व समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई और उनकी सुरक्षा से संबंधित समस्त पहलुओं की समीक्षा कर निराकरण करने एवं सम्पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन




देते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण करने हेतु व्यापारी बन्धुओं को आश्वस्त किया गया।साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से व्यापारियों को अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, प्रकाश की व्यवस्था रखने, आपसी सहयोग से मार्केट में सुरक्षा गार्ड,चैकीदार रखने,व्यापारिक कार्यों के दौरा न कैश के परिवहन करने से पूर्व पुलिस को सूचित करने आदि के संबंध में अवगत करा या गया।यातायात के सुचारू रूप से संचाल न एवं जाम की समस्या के निराकरण हेतु समस्त व्यापारियों से सड़क पर अतिक्रमण न करके अपने-अपने प्रतिष्ठान के अंदर ही व्यापार करने हेतु निर्देशित किया गया।चौक क्षेत्र में ई-रिक्शा के वन वे संचालन पर भी सहमति बनी जिसको आगामी दिनों में लागू किया जाएगा।गोष्ठी के दौरान महोदय द्वारा कहा गया कि गोण्डा पुलिस व्यापार मण्डल के साथ मिलकर अतिक्रमण और जाम की समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।व्यापारियों की सुरक्षा और सुवि धा हमारी प्राथमिकता है और हम एक सुगम और सुरक्षित व्यापारिक माहौल सुनिश्चित करेंगे।जिस पर गोण्डा सराफा व्यापारियों एवं व्यापार मण्डल के पदाधिकारीयों द्वारा पुलिस प्रशासन के प्रयासों की सराहना की और कहा,यह गोष्ठी व्यापारियों की समस्या ओं को हल करने और शहर के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है।पुलिस के साथ पूर्ण सहयोग करेंगे।इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय,क्षेत्राधिकारी लाइन याता यात उदित नारायन पालिवाल,प्रभारी निरीक्ष क कोतवाली नगर,यातायात प्रभारी व व्यापा रीगण मौजूद रहे।

## मेरा कार्यालय ही मेरा प्रतिनिधि है: सांसद रवि किशन शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद रवि किशन शुक्ला ने रविवार को एक महत्वपूर्ण बयान जारी कर जनता को स्पष्ट संदेश दिया कि वर्तमान में उनका कोई व्यक्तिगत प्रतिनिधि अथवा सांसद सहयोगी नियुक्त नहीं है। उन्होंने कहा, *ल्लमेरा कार्यालय ही मेरा प्रतिनिधि है।

लोकसभा क्षेत्र के भीतर या बाहर कोई भी व्यक्ति न तो मेरा प्रतिनिधि है और न ही अधिकृत सहयोगी। इस संबंध में किसी प्रकार का भ्रम न रखें।ङ्क*सांसद ने बताया कि पूर्व में मंडलवार और विधानसभा स्तर पर जो प्रतिनिधि नियुक्त थे, उन्हें लगभग एक वर्ष पूर्व ही भंग कर दिया गया है। तब से अब तक किसी को भी पुनः प्रतिनिधि या सहयोगी के रूप में अधिकृत नहीं किया गया है।उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी नागरिक, समर्थक या कार्यकर्ता को कोई सुझाव, शिकायत या कार्य संबंधी जानकारी देनी हो, तो वह सीधे तारामंडल क्षेत्र स्थित उनके आधिकारिक सांसद कार्यालय अथवा



आवास पर संपर्क कर सकता है। सांसद कार्यालय ही सभी जनसंपर्क, कार्य समन्वय और समस्याओं के समाधान के लिए अधिकृत माध्यम है।

रवि किशन शुक्ला ने यह भी कहा कि पारदर्शी और उत्तरदायी जनसेवा के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की गई है, ताकि जनता से सीधा संवाद बना रहे और प्रतिनिधित्व के नाम पर कोई गलतफहमी या दुरुपयोग न हो।

## गर्भवती महिलाओं की सीडीओ ने की गोदभराई , बच्चों को कराया अन्नप्रासन्न

बहराइच । तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने निरीक्षण करते हुए आईसीडीएस विभाग द्वारा लगाये गये स्टाल पर 05 गर्भवती महिलाओं श्रीमती सोनू कुमारी, उमा जायसवाल, सुमन, रोहिणी व नीतू की गोद भराई की तथा 02 बच्चों नदीम व अभिमन्यु को अन्नप्रासन कराया।



## नशे में घुत युवक पुलिस से भिड़ा

गोरखपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झकही निवासी एक युवक को पड़ोस गांव के एक युवक ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज और एक पुलिस कर्मी से आरोपी भीड़ गया। पुलिस आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। तथा घायल युवक को जिला अस्पताल से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झकहीं निवासी आलोक सिंह पुत्र उदय प्रताप सिंह और भेलाखरग निवासी कृष्ण मोहन शुक्ल पुत्र गणेश शुक्ल गांव के बाग में एक साथ बैठकर शराब पी रहे थे। उसी दौरान किसी बात को लेकर दोनो आपस में भीड़ गए,और कृष्ण मोहन शुक्ल ने पास में रखे धारदार हथियार से आलोक सिंह के सिर पर हमला कर दिया। जिससे युवक गंभीर से घायल होकर गिर गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज सोनबरसा विजय गौड़ और एक पुलिस कर्मी से आरोपी भीड़ गया। पुलिस आरोपी को किसी तरह हिरासत में लेकर थाने लाई। और घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित के भाई अपर्ण सिंह की तहरीर पर कृष्ण मोहन शुक्ल के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर हिरासत में ले लिया है।

## कार-बाइक की सीधी टक्कर, प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक की मौत

गोला गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। हरपुर चीनी मिल चौकी के पास तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक शिक्षक की मौत हो गई।प्राथमिक विद्यालय विशुनपुर राजा में कार्यरत शिक्षक सुशील सिंह (52) और उनके साथी आनंद सिंह (48) बाइक से चाय पीकर घर लौट रहे थे। चौकी से करीब 200 मीटर आगे सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक और कार दोनों क्षतिग्रस्त हो गईं।हादसे में दोनों बाइक सवार सड़क के बाईं तरफ जा गिरे। कार भी दाईं तरफ गड्ढे में जा गिरी। घायलों को तुरंत उरूवा सीएचसी ले जाया गया। गंभीर हालत के चलते उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां शिक्षक सुशील सिंह को मृत घोषित कर दिया गया।कार चालक विनोद कुमार दूबे और आनंद सिंह का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। मृतक शिक्षक के दो पुत्र हैं, जिनकी उम्र 21 और 23 वर्ष है। वहीं घायल आनंद सिंह किसान हैं और उनके एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं।चौकी प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि कार आजाद नगर पचपेड़वा गोरखपुर निवासी विनोद कुमार दूबे के नाम पर है। पुलिस को अभी तक मृतक के परिजनों की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हॉस्पिटल ले जाने की करें व्यवस्था, भर्ती कराकर कराएं समुचित इलाज : मुख्यमंत्री

0 एक महिला की पीड़ा सुनकर मुख्यमंत्री ने अफसरों को दिए फौरी निर्देश

0 लगातार दूसरे दिन जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 300 लोगों की समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा कि किसी को भी परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। इस दौरान एक



महिला ने अपने परिजन के इलाज में आर्थिक दृष्टि से लाचार होने की बात कही तो मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने तत्काल अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला के परिजन को हॉस्पिटल ले जाने, भर्ती कराकर समुचित इलाज कराने की व्यवस्था की जाए। और, आगे किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर दिक्कत न हो इसके लिए आयुष्मान कार्ड भी बनवाया जाए। रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे।

किसी को भी घबराने या परेशान होने की की जरूरत नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कहा कि समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं।*इलाज में पैसे की कमी नहीं बनेगी बाधाः सीएम*जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। इसी क्रम में एक महिला ने कहा कि पैसे की कमी से परिजन को अस्पताल ले जाने की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि मरीज को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। भर्ती कराने के साथ इलाज का भी पूरा इंतजाम किया जाए। यह सब होने के बाद आयुष्मान कार्ड भी बनवा दिया जाये। । मुख्यमंत्री से मिले इस आत्मीय संबल से महिला करबद्ध होकर कृतज्ञता ज्ञापित करने लगी।

इलाज में आर्थिक मदद मांगने पहुंचे अन्य लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी।

# पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालक पिता पुत्र को गिरफ्तार कर भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना इन्हौना पुलिस व स्वाट सर्विलांस टीम द्वारा अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोड़ किया है और उनके कब्जे से पांच तमंचा, छह जिंदा कारतूस,एक खोखा कारतूस व बारह अदद नाल, चालीस अदद स्प्रिंग, हथौड़ी, लोहे का ठीहा आदि भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरणों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना इन्हौना के थानाध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह मय हमराही व स्वाट सर्विलांस टीम प्रभारी अनूप सिंह मय हमराही की संयुक्त टीम इस्लामगंज चौराहे पर मौजूद थी तभी मुखबिर से सूचना मिली कि गंदा नाला के पास स्थित खण्डहर के एक कमरे में दो लोग भट्ठी जला कर अवैध शस्त्र बना रहे हैं।उक्त सूचना पर संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर दबिश देकर घेरकर दो व्यक्तियों को मौके से पकड़ लिया गया। पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूंछने पर एक ने अपना नाम विजय लोहार उर्फ बिजली पुत्र कल्लू लोहार निवासी अढ़नपुर थाना भाले सुल्तान जनपद अमेठी बताया जिसकी तलाशी से एक तमंचा व चार जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।दूसरे ने अपना



नाम कल्लू लोहार पुत्र बाबू लाल निवासी अढ़नपुर थाना भाले सुल्तान बताया जिसकी तलाशी से एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। गिरफ्तार लोगों के कब्जे व मौके पर कमरे की तलाशी से एक झोले व प्लास्टिक की चटाई पर दो अदद बारह बोर व एक अदद तमंचा, एक अदद धौंकनी, बारह अदद नाल, चालीस अदद स्प्रिंग, आठ अदद लोहे की पत्ती, तीन अदद पेंच,दो अदद हथौड़ी,एक लोहे का ठीहा,एक बसुला, दो पेचकस,एक प्लास, एक लोहे की आरी,दो छेनी,दो हैमर, दो लकड़ी की बट, एक लकड़ी की बॉडी, दो लोहे की समसी, एक लोहे की डाई, रेगमाल, लोहे का बरमा आदि अन्य भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुये हैं और मौके से बरामद मोटरसाइकिल बजाज डिस्कवर (बिना नम्बर प्लेट) के कागज मांगने पर दिखा नही सके। इस सम्बंध में थाना इन्हौना के थानाध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये शस्त्र कारोबारियों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार ने उक्त अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोड़ करने वाली पुलिस टीम को दस हजार रुपया नकद पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की है।

# गोकुल भवन के महंत ने जन औषधि केन्द्र का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर में रविवार को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारम्भ अयोध्या धाम गोकुल भवन अयोध्या धाम के महंत परशुराम जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया और कहा कि मरीजों को अस्पताल से ही किफायती दरों पर दवाएं प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराना है।यह योजना जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देती है जो ब्रांडेड दवाओं की तुलना में कम कीमत पर उपलब्ध होती हैं लेकिन उनकी गुणवत्ता में कोई अंतर नही होता है। गोकुल भवन अयोध्या धाम के महंत परशुराम जी महाराज ने कहा कि जन औषधि केंद्र में दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में पचास से नब्बे फीसदी तक सस्ती होती हैं। यहां पर एंटीबायोटिक,एजिथ्रोमाइसिन, एमोक्सिसिलिन, सिप्रोफ्लोक्सासिन,



डॉक्सीसाइक्लिन के साथ ही दर्द निवारक,हृदय रोग,मधुमेह,मानसिक स्वास्थ्य,डायलिसिस रोगियों के लिए प्रोटीन पाउडर, महिला प्रोटीन, आदि दवाएं उपलब्ध है।

जन औषधि केंद्र के संचालक राहुल सिंह ने बताया कि केंद्र चौबीस घण्टे गरीबों की सेवा में खुला रहेगा और प्रधानमंत्री जी के सपने को साकार करने का पूरा प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ सुनील कुमार चौधरी,बीसीपीएम अनिल मिश्रा,विपुल सिंह बघेल,आकांक्षा सिंह,धीरेन्द्र सिंह,तिलक धारी सिंह शिवकुमार सिंह, राजन सिंह,अजय सिंह, सुनील,दीपक श्रीवास्तव,बृजेंद्र सिंह, शिव कुमार, शुभम सिंह, डम्पी सिंह, रणविजय सिंह, सत्य प्रकाश,मनीष सिंह, आशुतोष सिंह, आराधना सिंह, मान्यता, नेहा सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## दरवाजे से रोड़ा हटाने की बात कहने पर दिव्यांग की पिटाई, मामले में डीएम से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलई के रहने वाले अजय प्रकाश पांडे पुत्र रामप्रकाश पांडे ने बताया कि पड़ोसी ने उनके दरवाजे के पास में रोड़ा लगा रखा है। जिसकी बजह से दिव्यांग को अपनी साइकिल निकालने में दिक्कत होती हैं। पिछले काफी दिनों से रोड़ा लगा रखा है। आरोप है कि दिव्यांग ने रोड़ा हटाने की बात कही तो इस बात से नाराज होकर उक्त लोगों ने घर में घुसकर दिव्यांग की पिटाई कर दी। मामले में पुलिस से शिकायत करने पर झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दी। पीड़ित दिव्यांग ने मामले में पुलिस से शिकायत की। कार्रवाई न होने पर दिव्यांग ने जिलाधिकारी से शिकायत कर उक्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की हैं।

## रुचि गंगवार बनी जिलअध्यक्ष समर्थको ने खुशी का किया इजहार

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश प्रवक्ता उत्तर प्रदेश अन्नदाता किसान यूनियन सुखजीत सिंह औलख के नेतृत्व में ग्राम पंसोली में अन्नदाता किसान यूनियन की बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें ग्राम पंसोली निवासी रुचि गंगवार को जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ पीलीभीत के पद पर नियुक्ति किया गया है। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश सचिव बलजिंदर सिंह के द्वारा की गई और इस मौके पर मंडल सचिव मनदीप सिंह,जिला अध्यक्ष पीलीभीत गुरविंदर सिंह लहौरिया के द्वारा निम्नलिखित नियुक्तियां प्रदान की गई है।

## एफसीआई गोदाम के पास सहित अलग अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा निवासी आसिम शाह पुत्र मुन्ने शाह व अरसद पुत्र रफीउल्ला बाइक से घर बापस लौट रहे थे। तभी बंडा हाइवे पर एफसीआई गोदाम के पास में किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। वही दुसरे सड़क हादसे में पतावोझी निवासी अनिल और तीसरे हादसे में विनोद निवासी माधोपुर भी सड़क हादसे में घायल हो गया। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## एआरटीओ ने ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ चलाया अभियान

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा ओवरलोडिंग एवं क्षमता से अधिक सवारियां बैठक संचालित हो रहे वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें चेकिंग के दौरान जनपद के विभिन्न भागों से गुजर रहे माल वाहनों एवं यात्री वाहनों की सघन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान चार माल वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक माल रेता,बजरी,सीमेंट इत्यादि का परिवहन करते पाए गए। इनके विरुद्ध सीज की कार्रवाई करते हुए इन्हें ललोडी खेड़ा पुलिस चौकी में निरुद्ध कर दिया गया।इसी प्रकार क्षमता से अधिक सवारी, बिना टैक्स, बिना फिटनेस 04 वाहन संचालित होते पाए गए जिनके विरुद्ध सीज एवं चालान की कार्रवाई अमल में लाई गई गई।उक्त कार्रवाई के अतिरिक्त माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में प्रदेश भर में अवैध एवं पंजीकृत ई रिक्शा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत ई-रिक्शा वाहनों के लिए प्रतिबंधित हाईवे पर 04 अपंजीकृत ई रिक्शा संचालित होते मिले, जिस पर उनके विरुद्ध सीज की कार्रवाई की गई। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि ई रिक्शा वाहन हाईवे पर चलने के लिए अनुमन्य नहीं है। हाईवे पर भारी वाहनों एवं तेज गति से चलने वाले निजी वाहनों का निरंतर आवागमन होता रहता है, जिससे ई-रिक्शा के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने ई रिक्शा चालकों को हाईवे पर अपने वाहन न चलाने की चेतावनी दी।परिवहन विभाग द्वारा की गई कार्यवाही से 1,85,000 प्रशमन शुल्क वसूला गया है।

## ई रिक्शा पलटने से कई हुए घायल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव पुन्नापुर टांडा के रहने वाले राजाराम पुत्र बंशीलाल अपनी पत्नी सरस्वती व पुत्र बृजेश उम्र 8 वर्ष के साथ पूरनपुर से शनिवार को ई रिक्शा से घर वापस लौट रहे थे। इस दौरान ई रिक्शा में आठ लोग सवार थे। अचानक अनियंत्रित होकर ई रिक्शा घाटमपुर के पास पलट गया। हादसे में ई रिक्शा सवार सभी लोगों को मामूली चोटें आई पर राजाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने 108 एबुलेंस की मदद से राजाराम व उसकी पत्नी और पुत्र को अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टर ने उपचार के बाद राजाराम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## डीएम ने गौशाला का किया निरीक्षण

पूरनपुरकैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव कजरी निरंजनपुर में रविवार को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने गौशाला का किया औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गौशाला में गोवंश पशुओं के लिए हरा चारा, पीने का पानी,भूसा और साफ सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौशाला गोवंश पशुओं की संख्या के बारे में जानकारी की। गौशाला में 228 गौवंशों को संरक्षित किए गए जिसमें पशुओं के देख रेख के सम्बंध में भी जानकारी की। निरीक्षण के दौरान गौवंशों हेतु हरा चारा ना पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए ग्राम प्रधान के अधिकारों को सीज करने के निर्देश दिए। तहसील क्षेत्र में सुआबोझ के बाद कजरी निरंजनपुर प्रधान के अधिकार सीज होने के आदेश से ग्राम प्रधानों में हड़कंप मच गया है। पूरनपुर खंड विकास अधिकारी शिरीष वर्मा की तैनाती के बाद से लगातार ग्राम प्रधानों पर भ्रष्टाचार व आवासों में अवैध बसूली के मामले सामने आ रहे हैं। जिसके बाद जिलाधिकारी एक्शन मोड़ में आकर कार्रवाई कर रहे हैं।

## सुआबोझ गांव में राजीव गांधी सेवा केन्द्र की शौचालय के दरवाजे गायब और नाम मात्र खुलता है सामुदायिक शौचालय

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुआबोझ में अव्यवस्था हावी है। भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में बना शौचालय में न तो पानी की ब्यवस्था है और न ही दरवाजे है। जबकि विकास के नाम पर लाखों की धनराशि ठिकाने लगा दी गई और गांव में स्वच्छता अभियान की भी धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। गांव में बना सामुदायिक महिला शौचालय के पास बनी दीवार हादसे को दावत दे रही है। समय से शौचालय न खुलने को लेकर भी लोग परेशान है। जबकि शौचालय सिर्फ महिलाओं के लिए उसके बाद भी कुछ समय के लिए ही शौचालय खुलता है।

## संडेज़ ऑन साइकल्स जिला ओलंपिक संघ का मिला साथ

सुल्तानपुर। आज खेलो इंडिया टेबल टेनिस सेंटर मे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बेसिक विद्यालय एवं अन्य प्राइवेट विद्यालय के बच्चों द्वारा फिट इंडिया के अंतर्गत साइकलिंग कर के स्वच्छ वातावरण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनता मे सन्देश देने के लिए एक क्रॉस कंट्री साइकिल अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें जिला ओलंपिक संघ का भी साथ मिला जिला ओलंपिक संघ के सचिव पंकज दुबे एवं उपसचिव दीपक श्रीवास्तव ने भी साइकिल चलाकर बच्चों का साथ दिया तथा कहा कि साइकिल से चलने पर वातावरण भी स्वच्छ रहता है तथा स्वास्थ्य भी बनता है। आज बच्चे पंत स्टेडियम से साइकिल द्वारा पर्यावरण पार्क तक गए तथा वापस पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचकर अपनी अभियान को विराम दिया जिसमें 50 से अधिक खेलो इंडिया के बच्चो ने भाग लिया। ''संडेज़ ऑन साइकल्स'' अभियान जिसका उद्देश्य हर रविवार साइक्लिंग को बढ़ावा देना, प्रदूषण कम करना और फिटनेस को प्रोत्साहित करना है। यह पहल साइक्लिंग को देश की फिटनेस संस्कृति का हिस्सा बनाने का लक्ष्य रखती है जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी, खेलो इंडिया प्रशिक्षक शमा बानो, जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव साथ ही अंतरराष्ट्रीय अंपायर मोध सईद, अंतरराष्ट्रीय अंपायर आरिफ नियाज,टेबल टेनिस सदस्य (मिडिया प्रभारी ) नेशनल कोच अनुपम शुक्ला ने भी साइकिल अभियान में हिस्सा लिया।

# पीसीएफ के प्रबंध निदेशक ने गेहूं खरीद केंद्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,जनपद अमेठी में सहकारिता विभाग की कय एजेन्सियों द्वारा की जा रही गेहूं खरीद की समीक्षा पीसीएफ के प्रबन्ध निदेशक डा चन्द्र भूषण त्रिपाठी द्वारा की गयी। समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय प्रबन्धक, पीसीएफ अयोध्या मण्डल, जिला प्रबन्धक, पीसीएफ अमेठी, सहायक आयुक्त एंव सहायक निबन्धक के प्रतिनिधि अपर जिला सहकारी अधिकारी, मुख्यालय अमेठी एवं अपर जिला सहकारी अधिकारी, तहसील मुसाफिरखाना व तिलोई द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रबन्ध निदेशक द्वारा जनपद में गेहूं खरीद की धीमी प्रगति पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। इसके लिये सचिवों के साथ ही विकास खण्ड एव तहसील स्तरीय अधिकारियों को भी क्षेत्र में भ्रमण कर किसानों से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर शासन की नीतियों के अनुरूप मूल्य



समर्थन योजना के लाभों से कृषकों को अवगत कराते हुए सहकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं विक्रय करने हेतु प्रोत्साहित करने के कड़े निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने गेहूं खरीद में रूचि न लेने वाले क्रय केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता अमेठी को दिये। समीक्षा बैठक के पूर्व प्रबन्ध निदेशक द्वारा पीसीएफ के कय केन्द्र बीपैक्स निहालगढ़ एवं मुसाफिरखाना का निरीक्षण किया गया। बीपैक्स मुसाफिरखाना में निरीक्षण के समय किसान गिरीजा शंकर मिश्र के गेहूं की तौल की जा रही थी तथा बी पैक्स निहालगढ़ में किसान ओम प्रकाश यादव, ग्राम उतेलवा द्वारा गेहूं विक्रय हेतु लाया गया। निरीक्षण के समय अपर जिला सहकारी अधिकारी, मुख्यालय अमेठी द्वारा सचिवों एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से कृषकों से संपर्क कर लक्ष्य के अनुरूप गेहूं खरीद कराये जाने के कड़े निर्देश दिये गये।

# प्राथमिक विद्यालय में अभिभावकों के साथ स्टाफ ने की मीटिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में अभिभावक अध्यापक बैठक का आयोजन किया गया हैं ।जिसमें विद्यालय एवं विद्यार्थियों से जुड़े हुए विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर परस्पर चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने सभी अभिभावकों एवं संरक्षकों से विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। साथ ही उन्होंने 6 से 14 आयु वर्ग के विद्यालय न जाने वाले सभी बच्चों का निकटतम परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश कराए जाने हेतु अभिभावकों और संरक्षकों को जागरूक किया। बैठक में निपुण भारत मिशन के संबंध में भी चर्चा की गई और विद्यार्थियों को निपुण बनाने हेतु अभिभावकों एवं संरक्षकों से सहयोग करने का अनुरोध किया गया जिसे सभी ने सहर्ष स्वीकार किया। साथ ही आधार विहीन छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को इन विद्यार्थियों के आधार बनवाए जाने हेतु जागरूक किया गया। बैठक में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में भी चर्चा की गई और उपस्थित अभिभावकों एवं संरक्षकों को संचारी रोगों के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के विषय में भी परस्पर चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। साथ ही विद्यालय एवं विद्यार्थियों से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में शोभाराम,मीरा देवी, जागन लाल, जगदीश प्रसाद, सुनीता देवी, हीरा कली, संतराम, पिंकी देवी और मनोज कुमार आदि अभिभावक एवं संरक्षक तथा अंजना शुक्ला, ममता देवी, प्रगति धामी, प्राज्ञी अग्रवाल उपस्थित रहीं है।

# गोमती मित्र मंडल का गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण-मदन सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। 20 अप्रैल 2013 दिन शनिवार को गोमती मित्र मंडल परिवार द्वारा शुरू की गई स्वच्छता संकल्प यात्रा ने 20 अप्रैल रविवार को 12 वर्ष पूर्ण कर लिया। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने सफल गौरवशाली 12 वर्षों को गोमती मित्रों की उपलब्धि बताते हुए इसे जनपद वासियों का स्नेह एवं आशीर्वाद बताया। मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी ने कहा कि गोमती मित्रों के स्वच्छता अनुरोध को हमारे सम्मानित पत्रकार बन्धुओं ने हमेशा अपनी ख़बरों में स्थान दिया जिसका जनपद वासियों ने संज्ञान लिया,आरती संयोजक डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह व राकेश सिंह दद्दू ने आरती में उमड़ती भीड़ के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया,स्थापना दिवस के दिन रविवार होने के कारण



साप्ताहिक श्रमदान का भी दिन था और प्रातः 6:00 बजे से शुरू हुआ स्वच्छता श्रमदान पूरे तट परिसर को साफ करते हुए 9:00 बजे समाप्त किया गया। श्रमदान के बाद संरक्षक व प्रदेश अध्यक्ष द्वारा गोमती मित्रों को बधाई व शुभकामनायें प्रेषित कर अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। श्रमदान में संरक्षक रतन कसौधन, प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह,मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, जिलाध्यक्ष अजीत शर्मा, राकेश मिश्रा, मुन्ना सोनी, मुन्ना पाठक, सेनजीत कसौधन कैलाशी, रितेश, अर्चना, राजेंद्र शर्मा, सुनील कसौधन, राकेश सिंह दद्दू , दिनकर सिंह, विपिन सोनी,विकास शर्मा, सुजीत, रामकुमार, श्याम, सुधीर सोनी, आयुष सोनी, अभय सोनी, अरुण गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा ने दलित समाज को दिया उनका हक और सम्मान : विजय बहादुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। डॉ आंबेडकर भारत ही नहीं दुनिया के चमकते हुए सितारे हैं।भाजपा की डबल इंजन सरकार डॉ आंबेडकर के सपनों को साकार कर रही है।यह बातें रविवार को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी के पहले सत्र को संबोधित करते हुए कही। कहा कांग्रेस ने भारत रत्न तक नहीं दिया।भाजपा सरकार आने पर डॉ आंबेडकर को भारत रत्न मिला।संसद के सेंट्रल हाल में उनका चित्र स्थापित किया।भाजपा ने दलित समाज को उनका हक और सम्मान देने का काम किया है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा द्वारा डॉ आंबेडकर के सम्मान और दलित समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को जन- जन के बीच पहुंचाने का आवाह्न किया।वही दूसरे सत्र में भाजपा की पूर्व प्रदेश




उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय ने विस्तार से उनके जीवन वृत्त पर चर्चा की।कहा उनके आदर्श, संघर्ष व योगदान भारत के लोगों को हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे।यह भी कहा भारतरत्न डॉ अम्बेडकर दुनिया के हर पीड़ित,शोषित की आवाज थे।कांग्रेस ने डॉ आंबेडकर को अपमानित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने स्वागत भाषण दिया।कहा कार्यकर्ता विपक्ष के भ्रम व झूठ फैलाने का तथ्यों के साथ पर्दाफाश करे।कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार के संचालन में मंचासीन अतिथियों ने डॉ सुभाष गौतम, डॉ बुद्धिराम,राम जियावन बीडीसी,जितेन्द्र कोरी बीडीसी,अवधेश कोरी (सम्राट) समेत 10 लोगों को सम्मानित किया।समापन भाषण कादीपुर विधायक राजेश गौतम ने दिया। उन्होंने आएं हुए लोगों का धन्यवाद व आभार प्रकट किया।इस दौरान प्रोजेक्टर पर डॉ भीमराव आंबेडकर पर बनी 10 मिनट की फिल्म दिखाई गई।भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि अखंडनगर विकासखंड की प्रिया प्रियदर्शी ने डॉ आंबेडकर पर बनाई सुंदर रचना सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस दौरान उसको पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी में एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक राजेश गौतम,प्रवीन कुमार अग्रवाल,सुमन राव कोरी, सुभाष चन्द्र, कंचन कोरी,संजय सरोज,अरुण कुमार, फूलचंद्र गौतम,मुकेश रावत,राम सिंह सरोज,आरपी गौतम,विश्व प्रताप कोरी, राजित राम, शारदा देवी,राकेश कनौजिया, त्रिभुवन कोरी, दीपराज पासी, सिद्धार्थ कुमार, रामभजन, शिवशंकर सरोज, गोपाल साईं, चन्दन सोनकर, रमेश हिन्दूजा समेत बड़ी संख्या में दलित समाज के बुद्धिजीवी आदि लोग मौजूद रहे।

## चोरी की बाइक और तमंचा के साथ तीन युवक गिरफ्तार

अमेठी ।थाना गौरीगंज पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से एक अदद तमंचा, चोरी की एक मोटरसाइकिल व चोरी करने के उपकरण बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना गौरीगंज पुलिस तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान क्षेत्र में मौजूद थे कि भटगवां- भीटा नहर के पास पुलिस टीम को देख मोटरसाइकिल सवार तीन संदिग्ध व्यक्ति भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा हिकमत अमली से तीनों व्यक्तियों को मोटरसाइकिल हीरो सुपर स्पेलण्डर यूपी 44 एएल 3951 के साथ घेरकर पकड़ लिया गया। पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछने पर अपना अपना नाम क्रमशः समीर पुत्र इम्तियाज,सत्यम कश्यप पुत्र राम कृपाल,शुभम पुत्र लक्ष्मीनारायण प्रजापति निवासीगण गबड़िया थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर बताया।पुलिस ने समीर के कब्जे से एक अदद तमंचा बरामद हुआ।

## जंजाल की जेलें

दरअसल, जेल बनाने का मूल मकसद देशकाल, परिस्थिति, भावनात्मक उद्वेग या आपराधिक मनोवृत्ति से अपराध की दुनिया में कदम रखने वाले लोगों में सुधार लाना ही रहा है। जिससे भटके हुए लोग समाज की मुख्यधारा से अलग रहकर आत्ममंथन कर सकें। सजा का मकसद दंड के बजाय सुधार रहा है। लेकिन भारतीय जेलें जिस हाल में हैं, उससे यह मकसद पूरा होता नजर नहीं आता। निस्संदेह, देश में जेलें संकटग्रस्त हैं। ये सभ्य नागरिकों की राह से भटके लोगों को भेड़-बकरियों की तरह भरने वाले स्थानों जैसी हैं। इस बाबत इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025 कमोबेश इन्हीं स्थितियों का खुलासा करती है। वर्ष 2022 तक 4.36 लाख कैदियों के रहने हेतु बनायी गई जेलों में 5.73 लाख कैदी बंद थे। जो निर्धारित से 131 फीसदी अधिक है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक जेलों में कैदियों की संख्या 6.6 लाख तक पहुंच सकती है। जो निर्धारित 5.15 लाख की अनुमानित क्षमता से कहीं अधिक होगी। निस्संदेह, यह संकट अनुमान से कहीं अधिक गहरा है। निश्चित रूप से इसे कैदियों के मानवाधिकार का आपातकाल कहा जा सकता है। लेकिन संकट सिर्फ भीड़भाड़ का ही नहीं है। विडंबना देखिए कि पूरी जेल आबादी के लिये सिर्फ 25 मनोचिकित्सक ही हैं। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2012 के बाद कैदियों में मानसिक रोग दुगने आंके गए हैं। इनमें ज्यादातर वे कैदी हैं जो विचाराधीन हैं। जिनका अपराध तय नहीं हो पाया है। न्यायिक प्रक्रिया में विलंब की कीमत उन्हें चुकानी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर जेलों में चिकित्सा व्यवस्था का संकट भी उतना ही गहरा है। जेलों में चिकित्सा अधिकारियों के 43 फीसदी पद रिक्त पड़े हैं। यह व्यवस्थागत खामियों की ही तसवीर है कि देश की राजधानी में 206 कैदियों पर एक चिकित्सक नियुक्त है। यही वजह है कि उचित देखभाल के अभाव में जेलों में तमाम कैदी मानसिक व शारीरिक कष्ट झेल रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद इस गंभीर समस्या के समाधान के लिये गंभीर प्रयास नहीं हो रहे हैं। निश्चित रूप से कैदियों के हितों की अनदेखी कोई नई बात नहीं है। देश की शीर्ष अदालत अकसर दीर्घकालीन जेल नियोजन की आवश्यकता पर बल देती रही है। लेकिन शासन-प्रशासन की कार्यवाही या तो धीमी है या फिर इन समस्याओं के प्रति उदासीन रवैया दर्शाया जाता है। जबकि कैदियों के मानवाधिकारों के मद्देनजर इस मामले में संवेदनशील रवैया अपनाया जाना चाहिए। इस समस्या का सबसे बड़ा संकट कर्मचारियों की भारी कमी भी है। विडंबना यह है कि कुछ क्षेत्रों में तो सुधारात्मक कार्यों के लिये स्वीकृत पदों पर रिक्तियां साठ फीसदी तक पहुंच गई हैं। उदाहरण के लिये दिल्ली की जेलें 250 फीसदी से अधिक क्षमता के साथ संचालित की जा रही हैं। एक विसंगति यह भी है कि इन जेलों में वंचित समाज और हाशिये पर गए वर्गों के लोगों की संख्या अधिक है। जो न्याय प्रणाली में गहराई तक जड़ जमा चुकी असमानता को ही दर्शाती है। वहीं दूसरी ओर इस संकट से निबटने के लिये जरूरी राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी नजर आती है। जैसा कि शीर्ष अदालत बार-बार विचाराधीन कैदियों के मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित करने के निर्देश देती है, उस पर गंभीरता से अमल करने की जरूरत है। यदि फास्ट-ट्रैक कोर्ट और वैकल्पिक विवाद समाधान से विचाराधीन कैदियों की संख्या को कम कर दिया जाए, तो जेल व्यवस्था में बड़ा सुधार लाया जा सकता है। देश की जेलों में कैदियों की बढ़ती संख्या के अनुरूप बुनियादी ढांचे में तत्काल निवेश करने की जरूरत है। समाज के वंचित वर्गों के लिये सहज कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में भी कदम उठाने की आवश्यकता है। जेलों को लंबे समय तक सजा देने की जगह नहीं बनाया जाना चाहिए। जेल को सुधार का केंद्र बना रहना देना चाहिए। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि वहां कैदियों के साथ कितना सम्मानजनक व्यवहार किया जाता है। उनकी देखभाल के प्रति कितना संवेदनशील रवैया अपनाया जाता है। यदि हम ऐसा करते हैं तो हम उन पर कोई उपकार नहीं कर रहे होते हैं, बल्कि यह उनका संवैधानिक अधिकार है।

# बहस में न्यायालय और उप राष्ट्रपति की चिंता

**देश के संविधान के अनुसार राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग कार्य निर्धारित हैं! यदि नियमों की बात की जाए तो भारत में विधायिका का काम कानून बनाना है, कार्यपालिका उन कानूनों को लागू करती है और न्यायपालिका कानून की व्याख्या करती है और विवादों का निपटारा करती है। इन तीनों के ऊपर है भारत का राष्ट्रपति, इसलिए ही वह (राष्ट्रपति) संघ का प्रमुख है और विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियां राष्ट्रपति में ही निहित बताई गई हैं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति का अधिकार राष्ट्रपति के पास है। वह न्यायालय के सम्मान में ही सुप्रीम कोर्ट के कोलेजियम की सिफारिश पर ही न्यायाधीशों की नियुक्ति करते हैं। राष्ट्रपति के पास यह शक्ति भी है कि वह किस न्यायाधीश को उसके पद से हटाएं अथवा नहीं, यानी कि न्यायाधीशों को उनके पद से समय पूर्व या किसी भी अन्य कारण से हटाने का अधिकार भी राष्ट्रपति अपने पास रखते हैं। जब देश में किस भी मामले में कानून संबंधी सवाल खड़े होते हैं तब भी राष्ट्रपति के पास यह अधिकार सुरक्षित हैं कि वह तय करेंगे कि देश को किस ओर ले जाना है, इसके लिए राष्ट्रपति अदालत को निर्देशित भी कर सकते हैं। इतना सब होने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए मृत्युदंड के फैसले में सिर्फ राष्ट्रपति अपनी शक्ति का उपयोग कर अपराधी को क्षमादान दे सकते हैं। फिर राष्ट्रपति के पास तीनों सेनाओं का सुप्रीम कमांडर होने की भी शक्ति है। इस तरह देखें तो भारत के राष्ट्रपति की अपार शक्तियां हैं, जिन्हें किसी भी न्यायालय की सीमा में नहीं बांधा जा सकता, क्योंकि वह उससे भी ऊपर है। भारतीय संविधान कहता है कि राष्ट्रपति देश का सबसे बड़ा पद है।**

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यह कहकर एक नई बहस को जन्म दिया है कि 'देश ने ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां जज कानून बनाएंगे, कार्यपालिका का काम भी खुद ही करेंगे और सुपर संसद की तरह काम करेंगे। अनुच्छेद-142 न्यायपालिका के लिए न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को दरकिनार करने के लिए इसका उपयोग किया जा रहा है।' उप राष्ट्रपति धनखड़ कानून के गहरे जानकार हैं। राजस्थान उच्च न्यायालय से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में प्रैक्टिस कर चुके हैं। उप राष्ट्रपति बनने से पहले प. बंगाल जैसे चुनौतीपूर्ण राज्य में उप राज्यपाल रह चुके हैं। उस दौरान उन्होंने संविधान का भी गहरा अध्ययन किया और राज्यपाल से लेकर राष्ट्रपति के अधिकारों को समझा और समझाया। ऐसे विद्वान उप राष्ट्रपति यदि न्यायपालिका पर ही कोई प्रश्न खड़ा कर रहे हैं तो उसके निहितार्थ समझने होंगे। देश के संविधान के अनुसार राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग कार्य निर्धारित हैं ! यदि नियमों की बात की जाए तो भारत में विधायिका का काम कानून बनाना है, कार्यपालिका उन कानूनों को लागू करती है और न्यायपालिका कानून की व्याख्या करती है और विवादों का निपटारा करती है। इन तीनों के ऊपर है भारत का राष्ट्रपति, इसलिए ही वह (राष्ट्रपति) संघ का प्रमुख है और विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियां राष्ट्रपति में ही निहित बताई गई हैं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति का अधिकार राष्ट्रपति के पास है। वह न्यायालय के सम्मान में ही सुप्रीम कोर्ट के कोलेजियम की सिफारिश पर ही न्यायाधीशों की नियुक्ति करते हैं। राष्ट्रपति के पास यह शक्ति भी है कि वह किस न्यायाधीश को उसके पद से हटाएं अथवा नहीं, यानी कि न्यायाधीशों को उनके पद से समय पूर्व या किसी भी अन्य कारण से हटाने का अधिकार भी राष्ट्रपति अपने पास रखते हैं। जब देश में किस भी मामले में कानून संबंधी सवाल खड़े होते हैं तब भी राष्ट्रपति के पास यह अधिकार सुरक्षित हैं कि वह तय करेंगे कि देश को किस ओर ले जाना है, इसके लिए राष्ट्रपति अदालत को निर्देशित भी कर सकते हैं। इतना सब होने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए मृत्युदंड के फैसले में सिर्फ राष्ट्रपति अपनी शक्ति का उपयोग कर अपराधी को क्षमादान दे सकते हैं। फिर राष्ट्रपति के पास तीनों सेनाओं का सुप्रीम कमांडर होने की भी शक्ति है। इस तरह देखें तो भारत के राष्ट्रपति की अपार शक्तियां हैं, जिन्हें किसी भी न्यायालय की सीमा में नहीं बांधा जा सकता, क्योंकि वह उससे भी ऊपर है। भारतीय संविधान कहता है कि राष्ट्रपति देश का सबसे बड़ा पद है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट न्यायपालिका की सबसे बड़ी इकाई होने के नाते देश के राष्ट्रपति को सलाह दे सकता है, लेकिन राष्ट्रपति सुप्रीम कोर्ट की सलाह को मानेंगे अथवा नहीं, यह राष्ट्रपति के विवेक पर छोड़ दिया गया है। यानी कि न्यायालय द्वारा दी गई किसी भी सलाह को मानना राष्ट्रपति के लिए स्पष्ट रूप से बाध्यकारी नहीं है। कुल मिलाकर राष्ट्रपति में संपूर्ण राष्ट्र की शक्ति निहित है, अर्थात विधायिका, कार्यपालिका और न्यायालय तीनों की शक्ति राष्ट्रपति पद में निहित है। पर यहां व्यवहार में क्या हो रहा है? जिस राष्ट्रपति को विधायिका चुनती है, और यह विधायिका किसी भी लोकतंत्र शासन प्रणाली में उस लोक के एक-एक चुने हुए जन प्रतिनिधि से बनती है, उस विधायिका की शक्ति को ही न्यायालय आज खुद से संचालित करते हुए देखा जा रहा है। जिस विधायिका और कार्यपालिका के माध्यम से चुने हुए जनता के प्रतिनिधि जनतंत्र को संचालित करने का काम करते हैं, आज न्यायालय उस पर ही कई तरह से अंकुश लगाने का काम कर रहा है। वास्तव में इसी का यह सबसे बड़ा उदाहरण है जिसमें कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समयसीमा तय कर दी। वस्तुतः इसी पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जताई है। उन्हें कहना पड़ा है कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। हम ऐसे हालात नहीं बना सकते जहां अदालतें राष्ट्रपति को निर्देश दें। अब भले ही अनुच्छेद 142 भारत के सुप्रीम कोर्ट को यह अधिकार देता हो कि वह पूर्ण न्याय (कम्पलीट जस्टिस) करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फैसला दे सकता है, चाहे वह किसी भी मामले में हो। पर उसे भी यह सदैव याद रखना चाहिए कि लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार सबसे अहम है और सभी संस्थाओं को अपनी-अपनी सीमाओं में रहकर काम करना चाहिए। कोई भी संस्था संविधान से ऊपर नहीं है। उपराष्ट्रपति धनखड़ आज जो राष्ट्रपति द्वारा विधेयकों पर निर्णय लिये जाने के वास्ते समयसीमा निर्धारित करने संबंधी उच्चतम न्यायालय के फैसले पर चिंता जता रहे है, वह वाकई गंभीर है। क्योंकि भारत ने ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे। आश्चर्य है, राष्ट्रपति को समयबद्ध तरीके से फैसला करने के लिए कहा जा रहा है और यदि ऐसा नहीं होता है, तो संबंधित विधेयक कानून बन जाता है। धनखड़ पूछ रहे हैं, हम कहां जा रहे हैं? देश में ये क्या हो रहा है? हमारे पास ऐसे न्यायाधीश हैं जो कानून बनाएंगे, जो कार्यपालिका का कार्य स्वयं संभालेंगे, जो 'सुपर संसद' के रूप में कार्य करेंगे और उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी, क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता! वे सही कह रहे हैं, कि भारत में राष्ट्रपति संविधान की रक्षा, संरक्षण एवं बचाव की शपथ लेते हैं, जबकि मंत्री, उपराष्ट्रपति, सांसदों और न्यायाधीशों सहित अन्य लोग संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं। 'हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते जहां आप भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें और वह भी किस आधार पर? संविधान के तहत आपके पास एकमात्र अधिकार अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करने का है उसके आधार पर। फिर भी इसके लिए पांच या उससे अधिक न्यायाधीशों की आवश्यकता होती है।' उन्होंने यह भी सवाल उठाया है कि जब अनुच्छेद 145(3) तय हुआ था, तब सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या आठ थी, उसमें भी इस प्रकार के निर्णय के लिए पांच या उससे भी अधिक न्यायाधीशों की आवश्यकता होती है, पर अब तो 30 से ऊपर हैं, तब फिर समझलीजिए कि यदि इस तरह का कोई निर्णय न्?यायपालिका को लेना हो तो कितने जज होने चाहिए? पर जो फैसला तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने लिया है, और उसमें जिस तरह से राष्ट्रपति की शक्तियों को छोटा कर दिखाने का प्रयास हुआ है, वह कहीं से भी उचित नहीं ठहराया जा सकेगा। यह भारतीय संविधानिक व्यवस्था में पहली बार हुआ है कि राज्यपाल के दस्तखत के बगैर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से कोई विधेयक कानून बना और तमिलनाडु के सभी 10 लंबित विधेयकों को मंजूरी मिल गई। बेंच ने कहा कि राज्यपाल के पास पूर्ण या आंशिक वीटो का अधिकार नहीं है। वह विधानसभा से पास बिल को नहीं लटका सकता है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति को भी बताया है कि अगर राज्य का बिल उनके पास आता है तो उनको अनिवार्य रूप से सुप्रीम कोर्ट से मशविरा करना होगा और वे भी बिल को तीन महीने से ज्यादा नहीं रोक सकती हैं। इस तरह से न्यायाधीशों ने जो वस्तुतः राष्ट्रपति को एक आदेश जारी किया और एक परिदृश्य देश के सामने प्रस्तुत किया है, उससे यही लग रहा है कि न्यायालय में ही सबकी शक्ति निहित हो गई है। विधायिका और कार्यपालिका के अधिकार गौण हो गए हैं। सवाल यह भी उठ रहे हैं कि क्या संविधान में न्यायपालिका को दिए गए अधिकारों की क्या न्यायालय ही गलत कानूनी व्याख्या कर रहा है? **–डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

# गर्मी में परिंदों की प्यास बुझाना इंसानियत की परीक्षा

**प्रियंका सौरभ**

तेज होती गर्मी, घटते जलस्रोत और बढ़ती कंक्रीट संरचनाओं के कारण पक्षियों के लिए पानी और छांव जैसी बुनियादी ज़रूरतें भी दुर्लभ होती जा रही हैं। परिंदे हमारी प्रकृति का अभिन्न हिस्सा हैं और अगर वे गायब हो गए तो यह धरती और भी सूनी हो जाएगी। आधुनिक समाज वातनुकूलक (ए.सी.) चलाने में सक्षम है, लेकिन पक्षियों के लिए एक कटोरा पानी रखने में असफल। हर व्यक्ति अपने स्तर पर छोटे-छोटे प्रयास करके इस स्थिति को बदल सकता है, जैसे छत या बालकनी में पानी रखना, पेड़ लगाना और बच्चों में करुणा की भावना जगाना। यह सिर्फ परिंदों के लिए नहीं, बल्कि इंसानियत के लिए भी एक परीक्षा है कि क्या हम वाकई इंसान हैं। गर्मी अब सिर्फ तापमान नहीं रही, यह अब एक त्रासदी बन गई है, खासकर उनके लिए जिनकी आवाज़ न अख़बार में छपती है, न टीवी पर आती है, और न ही सोशल मीडिया की ट्रेंडिंग लिस्ट में। बात हो रही है उन छोटे-छोटे परिंदों की जो इस तेज़ धूप, सूखी हवाओं और कंक्रीट के जंगल में चुपचाप प्यास से तड़प कर मर जाते हैं। कोई पानी डाल दे तो मैं भी चोंच भर पी लूं...यह पंक्ति अब किसी कविता की कोमल कल्पना नहीं रही, यह एक जीवित सच्चाई है। एक निरीह पुकार जो हर दोपहर किसी छत पर, किसी सूखी डाल पर, किसी तपती खिड़की की जाली के पीछे से उठती है। हमने पेड़ काटे, तालाब पाटे, छज्जों को सीमेंट से बंद कर दिया और टीन की छतों से सूरज को और गर्म कर दिया। आधुनिकता के नाम पर हमने अपने घरों को एसी से ठंडा किया, लेकिन परिंदों के लिए एक घूंट पानी छोड़ना भूल गए। पक्षियों के घोंसले बनाने की जगहें कम होती जा रही हैं। अब उनके लिए न पेड़ बचे, न परछाई, न ही वह परंपरागत संस्कृति, जिसमें हर घर की मुंडेर पर मिट्टी का एक कटोरा पानी से भरा होता था। कई पर्यावरण संस्थाएं बता रही हैं कि गर्मी में पक्षियों की मृत्यु दर में लगातार वृद्धि हो रही है। खासतौर पर गोरैया, कबूतर, मैना, बुलबुल जैसे छोटे पक्षी गर्मी की दोपहर में बेहोश होकर गिर जाते हैं। यदि उन्हें समय पर पानी न मिले, तो मर भी जाते हैं। पर क्या इनकी मौतें किसी समाचार का हिस्सा बनती हैं, क्या इन पर कोई सरकारी घोषणा होती है या फिर क्या इनका कोई ''एनजीओ सम्मेलन'' बुलाया जाता है। दरअसल परिंदे सिर्फ आसमान की शोभा नहीं हैं, वे हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के अभिन्न अंग हैं। वे कीट नियंत्रण करते हैं, परागण में मदद करते हैं, बीज फैलाते हैं और सबसे ज़रूरी कि वे जीवन के संगीत को बनाए रखते हैं। अगर पक्षी गायब हो गए तो यह धरती और अधिक वीरान हो जाएगी और हम भी। हमें यह समझना होगा कि ये नन्हें जीव प्रकृति की बड़ी चेतावनियाँ लेकर आते हैं। जब वे प्यास से मर रहे हैं तो समझिए कि पानी की कमी अब हमारी ओर भी बढ़ रही है। आज ज़रूरत इस बात की है कि हम ्लबर्ड फ्रेंडलीङ्क समाज बनें। यह कोई बड़ा आंदोलन नहीं, सिर्फ छोटी-छोटी चीज़ें हैं। छत या बालकनी में एक मिट्टी का पानी भरा कटोरा रखें। पेड़ लगाएं, खासतौर पर नीम, पीपल, अमरूद जैसे देशी वृक्ष। बच्चों को परिंदों के बारे में बताएं, दया, संवेदना और जुड़ाव सिखाएं। गर्मियों में पशु-पक्षियों के लिए छाया और पानी की व्यवस्था करें। मंदिरों-मस्जिदों-गुरुद्वारों जैसे स्थलों को भी प्रेरित करें कि वे पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें। यह काम किसी सरकार का इंतज़ार नहीं करता। यह आपके हाथ में है। हम ए.सी. चलाने के लिए हज़ारों की बिजली जला देंगे, लेकिन एक कटोरा पानी रखने में कंजूसी कर जाते हैं। हम स्मार्ट सिटी बनाने के लिए करोड़ों बहा देंगे, लेकिन स्मार्टनेस इतनी नहीं कि बेजुबानों के लिए भी कुछ छोड़ सकें। हमारे समाज में अब 'करुणा' भी इंस्टाग्राम रील बन गई है सिर्फ दिखावा भर, पर असर नहीं। गाँवों में भी अब पुराने तालाब सूख रहे हैं, बावड़ियाँ टूट चुकी हैं और पशु-पक्षियों के लिए पीने का पानी अब मुश्किल हो गया है। एक समय था जब गाँव में हर कुएँ की मेड़ पर परिंदे पानी पीने आते थे। आज वही कुएँ सीमेंट से बंद कर दिए गए हैं। शहरों ने गाँवों को विकास तो दिया, लेकिन वह विकास पक्षियों के लिए विनाश बन गया। जलवायु परिवर्तन का सबसे पहला और सीधा असर बेजुबानों पर पड़ता है। तापमान में जरा-सी वृद्धि भी इनके लिए प्राणघातक हो सकती है। इंसान तो पंखा चला लेता है, बर्फ खा लेता है, डॉक्टर के पास चला जाता है। पर चिड़िया कहां जाए, कबूतर किससे कहे कि वह प्यासा है।

## सेहत मंत्र

### सही मात्रा में कैलोरी ना लेने से शुरू हो जाती हैं कई समस्याएं

शरीर को सही तरह से काम करने के लिए पर्याप्त मात्रा में कैलोरी की जरूरत होती है। लेकिन जब लोग अपना वजन कम करना शुरू करते हैं, तो सबसे पहले कैलोरी इनटेक कम करते हैं। कई बार तो तेजी से वजन कम करने के लिए लोग बेहद लिमिटेड कैलोरी लेते हैं। लेकिन कैलोरी का सेवन कम करने से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं शुरू हो जाती हैं। नियमित रूप से आपके शरीर की ज़रूरत से कम कैलोरी खाने से आपका चयापचय धीमा हो सकता है। कई अध्ययन बताते हैं कि लो कैलोरी डाइट लेने से शरीर में जलने वाली कैलोरी की संख्या में 23 प्रतिशत तक की कमी हो सकती है। इसके कारण आपको मसल मास के लॉस होने की समस्या हो सकती है और लंबे समय में आपके लिए वेट लॉस को बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। नियमित रूप से आपके शरीर की आवश्यकता से कम कैलोरी खाने से आपको थकान का अनुभव हो सकता है। इतना ही नहीं, यह थकान की समस्या हमेशा बनी रह सकती है। दरअसल, कम कैलोरी का सेवन करने से आपके लिए शरीर की दैनिक पोषक जरूरतों को पूरा करना काफी कठिन हो जाता है। कैलोरी प्रतिबंधित आहार पर्याप्त मात्रा में आयरन, फोलेट या विटामिन बी 12 प्रदान नहीं कर सकता है। इससे एनीमिया और अत्यधिक थकान हो सकती है। आपको शायद पता ना हो लेकिन कैलोरी प्रतिबंधित आहार लेने से व्यक्ति की प्रजनन क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। खासतौर से, महिलाओं की प्रजनन क्षमता विशेष रूप से प्रभावित होती है। दरअसल, ऑव्यूलेट करने की क्षमता हार्मोन के स्तर पर निर्भर करती है और यह हार्मोन स्तर आहार में उपलब्ध कैलोरी की संख्या पर निर्भर है। बहुत कम मात्रा में कैलोरी का सेवन करने से आपकी हड्डियां भी कमजोर होने लगती हैं। दरअसल, कम मात्रा में कैलोरी लेने से एस्टोजन व टेस्टोस्टेरोन लेवल कम हो जाता है। इन दो प्रजनन हार्मोनों के निम्न स्तर के कारण बोन फोरमेशन और हड्डी के टूटने की संभावना बढ़ जाती है। कम कैलोरी हड्डियों के कमजोर होने की वजह बनता है।

## धर्म मंत्र

### शिव-पार्वती को प्रसन्न करने के लिए होता है सोम प्रदोष व्रत

सोमवार के दिन भगवान शिव की पूजन का खास दिन माना जाता है। इसी दिन अगर प्रदोष व्रत हो तो इसे सोम प्रदोष व्रत कहा जाता है। जिस तरह सालभर में 24 एकादशी व्रत होते हैं, उसी प्रकार से प्रदोष के व्रत भी सालभर में 24 होते हैं। हर प्रदोष व्रत का अलग-अलग महत्व माना जाता हैं। सोमवार को आने वाल प्रदोष व्रत सोम प्रदोष व्रत भगवान शिव और पार्वती जी को प्रसन्न करने वाला व्रत हैं। सोम प्रदोष व्रत का शुभ मुहूर्त त्रयोदशी तिथि प्रारंभ रात 12.42 से त्रयोदशी तिथि समाप्त रात 3.11 (21 अप्रैल) तक रहेगा। दिन भर शुद्ध आचरण के साथ व्रत रखें। सोम प्रदोष व्रत करने वाले व्रती 'ऊँ नमः शिवाय' कहते हुए भगवान शिव को पतली धार से जल का अर्पण करें। जिसके बाद दोनों हाथ जोड़कर भगवान शिव का ध्यान करें। इसके बाद शुक्र प्रदोष व्रत की कथा सुनना चाहिए। कथा पूरी होने पर हवन सामग्री मिलाकर 11, 21, 51 या 108 बार 'ऊँ ह्रीं क्लीं नमः शिवाय स्वाहा' मंत्र के साथ आहुति दें। पूजा के आखिरी में भगवान शिव की आरती कर सभी भक्त जनों को आरती दें। इसके बाद व्रत का पारण करें। संभव हो तो शिव चालीसा का भी पाठ करें। पूजन के पश्चात घी के दीये से भगवान शिव की आरती करें और पूजा का प्रसाद सभी को वितरित करें। इस दिन रात्रि को भी भगवान का ध्यान और पूजन करते रहना चाहिए। सुबह स्नान के बाद ही व्रत खोलें। इसके साथ ही भोजन में केवल मीठी फलाहारी खाद्य पदार्थों का ही उपयोग करें।

## पर्यटन



### पर्यटकों के लिए स्वर्ग से सुंदर है हिमाचल की स्पीती घाटी

लॉकडाउन की वजह से लोग करीब महीने भर से तो घरों में कैद ही हैं, इसके और लंबा चलने की उम्मीद है। ऐसे में फिलहाल तो कोई घूमने का प्लान नहीं बना रहा होगा, लेकिन जब लॉकडाउन खत्म हो जाए और हालात सामान्य हो जाए तो आपकी ट्रैवल डायरी में कोई विदेशी लोकेशन नहीं, बल्कि हिमाचल की यह खूबसूरत घाटी ज़रूर होनी चाहिए। जो लोग भीड़-भाड़ से दूर किसी शांत और खूबसूरत जगह पर कुछ पल बिताना चाहते हैं और बर्फ से ढंके पहाड़ जिन्हें आकर्षित करते हैं, उनके लिए हिमाचल प्रदेश के लौहाल स्पीति जिला में स्थित स्पीति घाटी परफ़ेक्ट डेस्टिनेशन हैं। इसकी खूबसूरती आपको स्वर्ग में होने का एहसास कराएगी। यहां हरियाली नहीं है, लेकिन सफ़ेद बर्फ से ढंके पहाड़ इस जगह की सुंदरता में चार चांद लगा देते हैं। साल के अधिकांश महीने बर्फ से ढंके होने की वजह से ही इसे ठंडा रेगिस्तान भी कहा जाता है। यहां घूमने के लिए गर्मियों का मौसम उपयुक्त है। यहां बर्फबारी बहुत ज़्यादा होती है, इसलिए साल में बस कुछ महीने ही यह पर्यटकों के लिए खुला रहता है। आपको जानकर शायद थोड़ी हैरानी होगी कि पहले यहां विदेशी पर्यटक नहीं आ सकते थे, लेकिन 1991 के बाद से यह प्रतिबंध हटा दिया गया। यहां वैसे तो कई समुदाय और संस्कृति के लोग रहते हैं, लेकिन सबसे ज़्यादा संख्या बौद्ध धर्म मानने वालों की है। प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के साथ ही यहां आपको कई मठ और खूबसूरत झील भी देखने को मिलेगी। किब्बर गांव- यह दुनिया का सबसे ऊंचा गांव है और फोटोग्राफी के लिए बेस्ट जगह है। यहां वाइल्ड लाइफ सेंचुरी भी है, जहां आपको कई तरह जानवर दिखेंगे। त्रिलोकनाथ मंदिर- यह मंदिर चंद्रबाग घाटी में स्थित है। इस मंदिर की खासियत यह है कि इसमें हिंदू और बौद्ध धर्म के लोग साथ-साथ पूजा करते हैं। ग्यू मम्मी- यह स्पीति घाटी का एक छोटा-सा गांव है। इस गांव में बस दर्जनभर घर ही हैं। यहां भिक्षु सांघा तेजिंग मम्मी के रूप में प्रसिद्ध है।

# लू, शरद ने किया सतगुरु विशाल देव भोजनालय का शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। विकास खंड मसौली स्थित संत कबीर अध्यात्म संस्थान विशालनगर मुंजापुर में सतगुरु विशाल देव भोजनालय का आज रविवार को प्रमुख सचिव परिवहन एवं समाज कल्याण वेंकटेश्वर लू व पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने भूमिपूजन किया।और संत निष्ठा साहब से आशीर्वाद प्राप्त किया। शिलान्यास उपरांत आयोजित सतसंग मे सदवचन करते हुए संत निष्ठांदास साहब ने कहा कि प्रेम वह शक़्कर है जो दूध में मिला तो मिठाई और मैदा में मिला तो मिठाई प्रेम वो मिठाई है जिसको जितना बढ़ाओ हे वो उतना ही अच्छा लगता ओर सद्गुरु देव निष्ठा दास जी ने बताया कि माता ओर पिता को चाहिए कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और अच्छी संगत दे जिससे उनका जीवन सुखमय एव खुशहाल बन सके। प्रमुख सचिव परिवहन एव समाज कल्याण वेंकटेश्वर लू ने कहा कि बाहरी विज्ञान के बारे में तो सब पढ़ लेते है लेकिन अपने अंदर की मन की विज्ञान को कोई नहीं पढ़ पाता है जिससे मन को दुःख ही दुःख है जब तक ईश्वरीय व्यवस्था को नही समझेंगे तब तक करोड़ो कार्य करने से भी मन को शांति नहीं मिलती लेकिन सच्चाई से किये गये कार्य से जितना शुकुन मिलता है वह जिसके दिल में जितना ज्यादा सच्चाई है भगवान उसके उतने ही पास होता है भगवान सच्चाई ओर भक्ति से मिलता है। पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने कहा कि संतो के बींच आने से मन को शांति मिलती है ईश्वरीय भक्ति भावना जाग्रत होती है। यहां उपस्थित एआरटीओ अंकिता शुक्ला ने लोगो जागरूक करते कहा कि दो पहिया वाहन चालक हेलमेट के बगैर न चले तथा चार पहिया चालक वाहन को चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं तथा ड्रिंक करके गाड़ी ना चलाए।

उपजिलाधिकारी सदर आनंद तिवारी ने विचार रखे। इस मौक़े पर संत निष्ठा साहब सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष आलोक दास, प्रांजल दास साहेब, प्रभात दास, प्राजल साहेब, नागेश वर्मा, गायत्री परिवार के संजय चतुर्वेदी, डा0 विवेक वर्मा, राहुल समेत अनेक पुलिस प्रतिनिधि व भक्तगण मौजूद रहे।

# जल उठी हाईमास्ट लाइट ग्रामीणों ने सराहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। शनिवार की रात्रि अचानक आए चक्रवात से विभिन्न ग्राम पंचायतो मे लगी हाईमास्ट लाइटों के क्षतिग्रस्त होने का संज्ञान लेते हुए क्षेत्रीय सपा विधायक गौरव रावत ने सभी मास्ट लाइटों को 24 घंटे में ठीक कराकर ग्रामीणों की वाहवाही ली। बताते चले कि गत शनिवार की रात्रि अचानक तेज हवा के साथ आयी आंधी से क्षेत्र की कई ग्राम पंचायत बड़ागांव मोड , कोडरी, सेमरी, रायपुर, रसूलपुर पिपरौली आदि मे सपा विधायक गौरव रावत की निधि से लग हाईमास्ट लाइटे गिर गयी और टूटफुट गयी जिसकी जानकारी होते ही सपा विधायक गौरव रावत ने संज्ञान मे लेते हुए कार्यदायी संस्था यूपीएसआईसी द्वारा 24 घंटे के अंदर सही कराकर अंधेरे को दूर करने का सराहनीय कार्य किया है। सपा विधायक द्वारा तत्पर कार्य कराये जाने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, बीडीसी शाहिद अली, पप्पू



गौतम, मो0 गुफरान, सुरज यादव, मतीन अंसारी, फुरकान अहमद, नूरुल बसर अंसारी सहित क्षेत्रीय लोगो ने आभार व्यक्त जताया है।

# ईस्टर पर्व : प्रभु येशु के पुनर्जीवित होने पर खुशी से झूम उठा मसीह समाज

एजेंसी



कानपुर। कानपुर में प्रभु येशु मसीह के पुनर्जीवित होने पर गिरिजाघरों में रविवार को मसीही समाज द्वारा ईस्टर पर्व (ईस्टर संडे) मनाया गया। इस दौरान प्रभु येशु मसीह के पुनर्जीवित होने की खुशी में सभी चर्चों में लोगों को विश्व शांति और मिलजुल कर रहने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही लोगों ने हाथों में मोमबत्ती लिए गिरजाघरों में खड़े होकर प्रार्थना की।

सिविल लाइंस स्थित मैथोडिस्ट चर्च के पादरी जेजे ओलिवर ने बताया कि पुनरुत्थान दिवस या ईस्टर ईसाई पूजन-वर्ष में सबसे महत्वपूर्ण वार्षिक धार्मिक पर्व है। बाइबिल के अनुसार इस दिन येशु मसीह को सूली पर लटकाए जाने के तीसरे दिन येशु पुनर्जीवित हो गए थे। इस पुनरुत्थान को ईसाई ईस्टर दिवस या ईस्टर संडे के रुप में मनाते हैं। यह दिन गुड फ्राईडे के दो दिन बाद और पुण्य गुरुवार या मौण्डी थर्सडे के तीन दिन बाद आता है, जिसका इंतजार सभी मसीह समाज को बेसब्री से रहता है। इसी क्रम में आज चर्च में सुबह धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम आयोजित हुआ और चर्च में जुटे मसीहियों को संबोधित किया गया। पादरी ने सभी को पर्व की बधाई देते हुए प्रभु येशु के पद चिन्हों पर चलने के लिए अनुरोध किया।

वहीं कल्याणपुर स्थित गुड शेफर्ड चर्च में भी खुशी के साथ लोगों ने ईस्टर पर्व मनाया। बिशप पंकज मलिक ने बताया कि चर्च में सुबह प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग जुटे। सबसे पहले प्रार्थना की गई फिर उपस्थित मसीह जन ने प्रभु येशु मसीह की महिमा की और गीत गाया। मेरे जीने का मकसद तू है,मेरे जीने का कारण तू है। यहोवा जिन्दा खुदा जिसके द्वारा मसीह जन भक्तिमय हो गए। परमेश्वर के वचन बाईबिल से आशीष देते हुए बिशप पंकज राज मलिक ने कहा कि प्रभु येशु मसीह को कब्र में रखा गया था जब तीसरे दिन मरियम और उसके साथ कुछ लोग कब्र में गए तो वहां पर उपस्थित स्वर्गदूत ने कहा कि तुम क्यों जिन्दे को कब्र में ढूंढती हो वो तो जी उठे हैं और बाइबल बताती है कि वो फिर अपने चेलों को दिखाई दिया और सिर्फ येशु मसीह ही ऐसा प्रभु है जिसने मृत्यु पर विजय पाई। इस दौरान अनुपमा मलिक, पादरी सत्येन्द्र श्रीवास्तव, पादरी अनुराज मलिक, शीना मलिक, पादरी सागर, पादरी अभिमन्यु जेम्स, पादरी राज, पादरी शिवा, पादरी सौरभ, निखिल, रोहन, अंशु, ईशु, एनोश आदि लोग उपस्थित रहें।

# नगर निकायों में अवैध प्रचार होर्डिंग हटाने का तीन दिवसीय अभियान प्रारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। शहर व कस्बों के मुख्य मार्गों पर लगे स्ट्रीट लाइट के खम्भों पर विभाग की अनुमति के बिना लगाए गए होर्डिंग एवं बोर्ड को उतारने का तीन दिवसीय अभियान

रविवार से नगरपालिका व नगर पंचायत प्रशासन द्वारा शुरू किया गया।नगर के मुख्य मार्ग स्थित टेस्टीबाइट से प्रारम्भ इस अभियान के तहत नगर पालिका नवाबगंज और जिले की सभी नगर पंचायतों के कर्मचारियों ने सैकड़ों पोल पर लगे होर्डिंग बोर्ड को हटाकर अपने कब्जे में ले लिए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नवाबगंज संजय शुक्ला ने बताया कि पिछले कई दिनों से निरंतर आम जनता की शिकायतें मिल रही थी कि स्टेट हाईवे के अलावा मुख्य मार्गो पर जितने भी स्ट्रीट लाइट व बिजली के पोल लगे हुए हैं। उन पर अधिकांश लोगों ने विभाग की अनुमति



के बिना ही अपने प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग बोर्ड लगाए हुए हैं।और इन होर्डिंगों के कारण दुर्घटनाओं का भय भी बना रहता है जिसको शासन व जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया और त्वरित कार्यवाही करने के लिये जिले भर में 3 दिवसीय अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग्स हटवाने के निर्देश दिए। जिसके क्रम में नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के अधिकारियों द्वारा रविवार से इस अभियान की शुरुआत नगर पालिका परिषद नवाबगंज और जिले की सभी 13 नगर पंचायतों में एक साथ की गई। अभियान में नगर पालिका परिषद नवाबगंज सहित जिले की नगर पंचायतों के सभी ईओ और अन्य कर्मचारीगण अपने अपने क्षेत्र में उपस्थित रहे।

# बहुजन समाज के वोट का अधिकार छीन रही है भाजपा : सावित्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। पूर्व सांसद सावित्रीबाई फुले ने कहा कि अभी यह अल्पमत में है इसलिए इनका बस नहीं चल रहा है। तब यह हिंदू राष्ट्र बनाने की बात कर रहे हैं। जिस दिन हमारे भारत का बहुजन समाज 85 परसेंट जाग जाएगा उस दिन यह सत्ता से कोसों दूर हो जाएंगे। पूर्व सांसद आजयहां ग्राम रसूलपुर में आयोजित डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह को सम्बोधित कर रही थी ।उन्होंने ने भाजपा सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि जो बाबा साहब ने रास्ता दिखाया है। वह वोट का अधिकार है। हम वोट से इनको परास्त करेंगे। यह कहते हैं हमारा मंदिर खतरे में है। हमारा धर्म खतरे में है। हमें संविधान चाहिए। हमें कानून चाहिए हमें आजादी चाहिए हमें धर्म में फसाया जा रहा है । हमको मेले में फसाया जा रहा है। हमें यह सब नहीं चाहिए हमें सिर्फ बराबर का हक चाहिए। जो बाबा साहब ने संविधान में लिखा है। इनके राज में सरकारी नौकरियों को समाप्त कर प्राइवेट किया जा रहा है । जिससे कि उन्हें आरक्षण ना देना पड़े। रविवार को क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में डाक्टर भीमराव अम्बेडकर समिति के संयोजन में अम्बेडकर जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। जिसमें तमाम दलित नेताओं ने डाक्टर भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अपने विचार व्यक्त किए।

## स्टेशन के निर्माण कार्य की धीमी गति पर डीआरएम नाराज

फिरोजाबाद । अमृत भारत योजना के अन्तर्गत रविवार को शिकोहाबाद रेलवे जंक्शन पर चल रहे निर्माण कार्य का डीआरएम प्रयागराज ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की धीमी गति देख नाराजगी जताई और कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए। रेल मण्डल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल आज शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने स्टेशन का निरीक्षण कर अमृत भारत योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्य की समीक्षा की। विकास कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण कराने, रेलवे परिसर एवं स्टेशन पर साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था एवं अधीनस्थ रेल अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्य में तेजी लाई जाये। इसके साथ ही रेलयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक्सलेटर, लिफ्ट आदि की व्यवस्था जल्द कराई जाये।

# गायत्री परिवार का श्रद्धा संवर्धन समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी । विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र के उस्मानपुर गांव स्थित आदर्श इंण्टर कॉलेज एवं वेद माता गायत्री विद्यालय के संयुक्त परिसर में रविवार को श्री गायत्री विद्यापीठ सिद्धौर के तत्वाधान में श्रद्धा संवर्धन समारोह के सक्रिय कार्यकर्ताओं की एक गोष्ठी का आयोजन करते हुए प्रसाद वितरण किया गया । रविवार को गायत्री शक्तिपीठ बाराबंकी से कलश यात्रा लेकर आदर्श इंटर कॉलेज व वेद माता गायत्री विद्यालय उस्मानपुर में पधारे अतिथियों का प्रधान प्रतिनिधि दिनेश कुमार शर्मा व वेद प्रकाश शर्मा सहित जितेंद्र कुमार शर्मा ने अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के तत्पश्चात सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए बंदन किया ।डॉक्टर कृष्ण अवतार गुप्ता, अवधेश त्रिपाठी लखनऊ गायत्री प्रज्ञा पीठ से आए डॉक्टर ने बताया कि हमारा युग निर्माण सत्संग संकल्प कार्यक्रम कई वर्षों से चल रहा है। गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने जीवन के सभी समस्याओं के अचूक समाधान पाने के लिए हजारों की संख्या में पुस्तक लिखी है। उन्होंने बताया कि सभी समस्याओं के समाधान के लिए गायत्री परिवार ब्लाक स्तर

**गांव-गांव पर सक्रिय है।**

इस मौके पर उस्मानपुर प्रधान सीता शर्मा, मीरापुर प्रधान संतोष कुमार चौरसिया, समेत सतीश कुमार शर्मा, विष्णु कुमार, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, रामसिंह, दिलीप मास्टर, संजय कुमार, शेर बहादुर, प्रदीप कुमार, राम प्रकाश, समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे। आयोजित कार्यक्रम में गायत्री पीठ द्वारा सभी को खीर पूड़ी का प्रसाद वितरित हुआ।

## मेगा कैंप में 3 लाख बकाया वसूली, काटे कनेक्शन

सिरौली गौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्युत विभाग ने रविवार को बदोसराय पंचायत भवन में आयोजित मेगा कैंप में विभाग ने करीब 3 लाख रुपये का बकाया वसूल किया। साथ ही 42 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काट दिए गए।अवर अभियंता राज मौर्य के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम ने मेगा कैंप लगाया। टीम में मिथिलेश कुमार, सत्यवान, अतुल कुमार, पप्पू, लालजी, मनीष कुमार, अंकित गुप्ता, पिंटू, लवलेश और अशोक शुक्ला शामिल थे।विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने घर-घर जाकर उपभोक्ताओं से बकाया जमा करने की अपील की। टीम ने मीटरों की जांच भी की। अवर अभियंता राज मौर्य ने बताया कि बकाया वसूली के लिए कैंप का आयोजन किया गया था। इस दौरान विभागीय कर्मचारियों ने गांव में चेकिंग अभियान भी चलाया।

## जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले 50 मरीज का उपचार

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह के नेतृत्व में तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों की जांच की गई।बदोसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ. संतोष कुमार शुक्ला और उनकी टीम ने 32 मरीजों की जांच की। महमूदाबाद केंद्र में डॉ. अन्विता पांडेय की टीम ने 36 मरीजों को देखा। सैदनपुर केंद्र में डॉ. जगदीश और उनके सहयोगियों ने 50 मरीजों की जांच की। सभी मरीजों को सर्दी, जुकाम और बुखार की दवाएं वितरित की गईं।सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने मौसम परिवर्तन को देखते हुए लोगों को सावधानियां बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और उबला हुआ पानी पिएं। बार-बार बुखार आने पर तुरंत जांच कराएं। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या की सूचना मिलने पर तत्काल समाधान किया जाएगा।

## बाइक भिड़ी, एक की मौत

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामनगर क्षेत्र में हाईवे पर ग्राम सुरवारी के पास दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में 44 वर्षीय उदयराज यादव की मौके पर ही मौत हो गई। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम कटरा निवासी बेटी की शादी का निमंत्रण बांटकर लौट रहे थे।हादसा तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से हुआ जिसमें उदयराज काफी दूर तक घिसट गए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।हादसे के बाद परिवार में गहरा शोक व्याप्त है।

# रोटरी प्लैटिनम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने किया आधिकारिक दौरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने समाज में प्रभावशाली भूमिका निभाने का किया आह्वान**

प्रयागराज । रोटरी प्लैटिनम के लिए रविवार का दिन गर्व, आत्ममंथन और नई प्रेरणा से परिपूर्ण रहा। जब क्लब ने रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3120 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन परितोष बजाज का उनके आधिकारिक क्लब दौरे पर भव्य स्वागत किया। रविवार को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के आगमन पर कार्यक्रम जीरो रोड स्थित एक होटल में हुआ। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर परितोष बजाज ने क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए अपने प्रेरणादायक विचारों व सुझावों से सभी सदस्यों को उत्साहित किया। उन्होंने रोटरी के आदर्श 'सेवा सर्वोपरि' को अपनाने और नवाचार की साथ समाज में और अधिक प्रभावशाली भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने क्लब के नेतृत्वकर्ता शशांक जैन की सक्रियता, समर्पण और मार्गदर्शन की प्रशंसा भी की।

कार्यक्रम में रोटरी की सेवा भावना और आपसी सौहार्द की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। क्लब अध्यक्ष शशांक जैन एवं सचिव सुमित अग्रवाल ने वर्ष भर किए गए सेवा कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें क्लब की उपलब्धियों, योजनाओं और भावी लक्ष्यों को रेखांकित किया गया।

शशांक जैन ने अपने सदस्यों को टीम भावना, सेवा समर्पण और समाज के प्रति उत्तरदायित्व को लेकर प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रोटरी प्लैटिनम ने बीते वर्ष में साक्षरता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता जागरूकता और युवाओं के सशक्तिकरण जैसे अनेकों सेवा प्रकल्पों को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। रोटरी क्लब की जनसंपर्क गतिविधियों और मीडिया समन्वय के लिए रोटेरियन मनीष गर्ग की भूमिका की विशेष सराहना की गई, जिन्होंने क्लब की गतिविधियों को समाज के बीच प्रभावशाली ढंग से पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रोटरी फाउंडेशन में अनुदान देने वाले रोटेरियन सदस्यों को पीएचएफ पिन वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत रितेश सिंह ने सभी पात्र सदस्यों को आमंत्रित किया और रोटेरियन परितोष बजाज द्वारा उन्हें पिन पहनाई गई। कार्यक्रम का संचालन सुब्रत राउत ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रतीक पांडेय ने किया। मीडिया प्रभारी मनीष गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में पीडीजी सतपाल गुलाटी, डीजीएन पूनम गुलाटी और एजी सौरभ पुरी शामिल रहे। यह केवल एक औपचारिक भेंट नहीं थी, बल्कि रोटरी मूल्यों, सेवाभाव और भविष्य की प्रेरणा का उत्सव था। क्लब अध्यक्ष शशांक जैन के नेतृत्व में हम सब मिलकर और भी सशक्त, संगठित एवं प्रतिबद्ध होकर समाज में स्थायी बदलाव लाने के लिए अग्रसर रहेंगे।

## काशी काव्य संगम साहित्य सेवा से प्राप्त कर रहा नई ऊंचाइयां: डॉ. संजय सिंह

वाराणसी । बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के स्थापना दिवस एवं काशी काव्य संगम के पंचम वार्षिकोत्सव का आयोजन रविवार को बरेका पुस्तकालय में किया गया। इस विशेष अवसर पर वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी डॉ. संजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बरेका स्थापना दिवस पर काशी काव्य संगम के सहयोग से जो साहित्यिक रसधारा प्रवाहित हुई है, वह न केवल बरेका के कर्मचारियों और उनके परिजनों, बल्कि आसपास के नागरिकों में भी साहित्यिक चेतना और रुचि को जागृत करेगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बरेका नई-नई तकनीकों से लोकोमोटिव निर्माण में निरंतर रिकॉर्ड बना रहा है, उसी प्रकार काशी काव्य संगम भी साहित्य सेवा के क्षेत्र में निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इस अवसर पर दो पुस्तकों ऽ आलोक सिंह 'बेताब' की ''दिल की किताब'' तथा रामजतन पाल की ''अंडे की मां'' का लोकार्पण भी किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार हीरालाल मिश्र 'मधुकर' ने दोनों पुस्तकों की सराहना करते हुए लेखकों को बधाई दी। वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष कंचन सिंह परिहार ने पुस्तक की विषयवस्तु पर प्रकाश डाला।

## पुत्र ही निकला पिता का हत्यारा कुछ रुपयों के लिए की वारदात

जौनपुर। इसे घोर कलयुग ही कहेंगे जब एक बेटे ने अपने जन्मदाता पिता को महज कुछ रुपयों के लिए मौत की नींद सुला दिया। शनिवार सुबह उसने जमीन के पैसों के विवाद में अपने पिता की हत्या कर दी।इस मामले का रविवार को खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि सरपतहाँ और स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम ने 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना डीह अशरफाबाद की है, जहां प्रभाकर सिंह (65 )की हत्या उनके बेटे अखिलेश (35) ने की है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि प्रभाकर सिंह ने कुछ लोगों को जमीन बेची थी। इसी के पैसों के हिसाब को लेकर पिता-पुत्र में विवाद हुआ। बहस के दौरान अखिलेश ने अपने पिता के सिर पर डंडे से वार कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।हत्या के बाद आरोपी ने अपने खून से सने कपड़े छिपा दिए और दूसरे कपड़े पहनकर डीएम ढाबे पर चला गया। वहां 2-3 घंटे बिताने के बाद रात करीब 1 बजे घर लौटा और सो गया। अगले दिन सुबह काम पर चला गया और दोपहर करीब 12:30 बजे लौटकर 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी।





# गुजरात के खिलाफ कोलकाता के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम

एजेंसी




कोलकाता। मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज गुजरात टाइटंस के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में अपने बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। कोलकाता की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में 112 रन के लक्ष्य काफी अच्छा करते हुए 95 रन पर आउट हो गई थी। उसका टीम प्रबंधन बल्लेबाजों की इस खराब प्रदर्शन से निश्चित रूप से चिंता में होगा। कोलकाता ने हालांकि अपने पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर को फिर से अपने टीम प्रबंधन से जोड़ा है। नायर को भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने हाल में राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच पद से हटा दिया था। कोलकाता ने इसके तुरंत बाद उन्हें अपनी टीम से जोड़ दिया था। केकेआर के पूर्व सहायक कोच नायर की घर वापसी से निश्चित रूप से टीम को प्रोत्साहन मिलेगा, जिसके वर्तमान में सात मैचों में छह अंक हैं और प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे अपने शेष सात मैचों में से कम से कम पांच मैच जीतने की जरूरत है। नायर ने पहले ही उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर और रमनदीप सिंह जैसे बल्लेबाजों के साथ काम करना शुरू कर दिया है जो इस सत्र की दो कमजोर कड़ी हैं। इस सत्र में 23.75 करोड़ रुपये के साथ टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी अय्यर ने 24.20 की औसत से केवल 121 रन बनाए हैं, जबकि रमनदीप छह पारियों में सिर्फ 29 रन ही बना पाए हैं। आंद्रे रसेल के नाम पांच पारियों में सिर्फ 34 रन दर्ज हैं, जबकि रिंकू सिंह ने 38.66 की औसत से 116 रन बनाए हैं। बल्लेबाजों में केवल कप्तान अजिंक्य रहाणे (221 रन, 2 अर्द्धशतक) और युवा अंगकृष रघुवंशी (170 रन) ने ही अच्छा प्रदर्शन किया है। शीर्ष क्रम में क्विंटन डी कॉक और सुनील नारायण ने कुछ मैच में टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई है लेकिन उनके प्रदर्शन में ही निरंतरता का अभाव है। इस मैच के लिए दो पिचें तैयार की गई हैं और एक में घास की अतिरिक्त परत है जिसे काटा नहीं गया है। पिच को लेकर फैसला टीम की रणनीति पर आधारित होगा। कोलकाता का टीम प्रबंधन पहले भी पिच को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त कर चुका है क्योंकि टीम को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा नहीं मिल रहा है। शुभमन गिल की अगवाई वाले गुजरात टाइटंस ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। इस सत्र में उसे अभी तक केवल दो मैच में हार का सामना करना पड़ा है। उसके गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है जिनमें तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा (14 विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर (11 विकेट) ने उसकी जीत में अहम भूमिका निभाई है। बल्लेबाजी विभाग में सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन (365 रन) ऑरेंज कैप धारक निकोलस पूरन से सिर्फ तीन रन पीछे हैं, जबकि जोस बटलर (315 रन, औसत 63.00) नंबर तीन पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

### टीम इस प्रकार हैं

**कोलकाता नाइट राइडर्सः** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसौदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नॉर्टजे, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकरिया।

**गुजरात टाइटंसः** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, शेरफ़ेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, जयंत यादव, निशांत सिंधु, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएत्ज़ी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़ और करीम जनत।

## सर्राफा बाजार में मामूली तेजी, साप्ताहिक आधार पर सोना 1,910 रुपये तक उछला

**नई दिल्ली।** शनिवार की मामूली गिरावट के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में आज एक बार फिर तेजी का रुख बन गया है। आज की तेजी के कारण सोना देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना महंगा होकर 97,580 रुपये से लेकर 97,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,450 रुपये से लेकर 89,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में मामूली तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। साप्ताहिक आधार पर देखें तो उतार-चढ़ाव को मिलाकर 24 कैरेट सोना पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान 1,910 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। इसी तरह 22 कैरेट सोने की कीमत 1,750 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गई है। दूसरी ओर, इस सप्ताह चांदी के भाव में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा।


**कार्यालय ग्राम पंचायत फिरोजपुर**
**विकास खण्ड झंझरी, जनपद-गोण्डा**

**पत्रांकः मेमो राज्य वित्त आयोग,14 वा,15 वा वित्त आयोग,पंचम वित्त,केन्द्रीय वित्त,स्वच्छ भारत मिशन,आरजीएसए,मनरेगा योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड,निविदा वर्ष 2025-26 दिनांकः 20/04/25**

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत फिरोजपुर विकासखंड झंझरी में वर्ष 2025.26 ग्राम निधि,राज्य वित्त,केंद्रीय वित्त,चौदहवाँ वित्त,पंद्रहवाँ बित्त,पंचम वित्त,स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, मनरेगा योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40 एम एम,पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप,इंटरलॉकिंग बिक्र,एलईडी लाइट,सोलर लाइट,स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत,रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड,नाली निर्माण,खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट,फंगिंग मशीन,कूड़ा दान,कूड़ा गाड़ी,कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण,आंगन वाड़ी भवन निर्माण, कायाकल्प,खेल मैदान निर्माण,प्राथमिक विद्यालय निर्माण,शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण, पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा, कमप्यूटर आदि,टाइल,बाउंड्री वाल निर्माण, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण,गोशाला में कटीला तार,प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 27/04/2025 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** — **आशीष शुक्ला**
**सचिव** — **रोहित कुमार**

**कार्यालय ग्राम पंचायत रामनगर तरहर**
**विकास खण्ड झंझरी, जनपद-गोण्डा**

**पत्रांकः मेमो राज्य वित्त आयोग,14 वा,15 वा वित्त आयोग,पंचम वित्त,केन्द्रीय वित्त,स्वच्छ भारत मिशन,आरजीएसए,मनरेगा योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड,निविदा वर्ष 2025 -26 दिनांकः 20/04/25**

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रामनगर तरहर विकासखंड झंझरी में वर्ष 2025.26 ग्राम निधि,राज्य वित्त,केंद्रीय वित्त,चौदहवाँ वित्त,पंद्रहवाँ बित्त,पंचम वित्त,स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, मनरेगा योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40 एम एम,पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप,इंटरलॉकिंग बिक्र,एलईडी लाइट,सोलर लाइट,स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत,रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड,नाली निर्माण,खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट,फंगिंग मशीन,कूड़ा दान,कूड़ा गाड़ी,कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण,आंगन वाड़ी भवन निर्माण, कायाकल्प,खेल मैदान निर्माण,प्राथमिक विद्यालय निर्माण,शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण, पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा, कमप्यूटर आदि,टाइल,बाउंड्री वाल निर्माण, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण,गोशाला में कटीला तार,प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 27/04/2025 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** — **कमला देवी**
**सचिव** — **अरुण कुमार सिंह**

**कार्यालय ग्राम पंचायत चकसड़**
**विकास खण्ड झंझरी, जनपद-गोण्डा**

**पत्रांकः मेमो राज्य वित्त आयोग,14 वा,15 वा वित्त आयोग,पंचम वित्त,केन्द्रीय वित्त,स्वच्छ भारत मिशन,आरजीएसए,मनरेगा योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड,निविदा वर्ष 2025-26 दिनांकः 20/04/25**

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चकसड़ विकासखंड झंझरी में वर्ष 2025.26 ग्राम निधि,राज्य वित्त,केंद्रीय वित्त,चौदहवाँ वित्त,पंद्रहवाँ बित्त,पंचम वित्त,स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, मनरेगा योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40 एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप,इंटरलॉकिंग बिक्र,एलईडी लाइट,सोलर लाइट,स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत,रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड,नाली निर्माण,खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट,फंगिंग मशीन,कूड़ा दान,कूड़ा गाड़ी,कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण,आंगन वाड़ी भवन निर्माण, कायाकल्प,खेल मैदान निर्माण,प्राथमिक विद्यालय निर्माण,शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण, पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा, कमप्यूटर आदि,टाइल,बाउंड्री वाल निर्माण, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण,गोशाला में कटीला तार,प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 27/04/2025 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** — **सुनीता**
**सचिव** — **मुकेश राव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कस्टुआ**
**विकास खण्ड झंझरी, जनपद-गोण्डा**

**पत्रांकः मेमो राज्य वित्त आयोग,14 वा,15 वा वित्त आयोग,पंचम वित्त,केन्द्रीय वित्त,स्वच्छ भारत मिशन,आरजीएसए,मनरेगा योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड,निविदा वर्ष 2025-26 दिनांकः 20/04/25**

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कस्टुआ विकासखंड झंझरी में वर्ष 2025.26 ग्राम निधि,राज्य वित्त,केंद्रीय वित्त,चौदहवाँ वित्त,पंद्रहवाँ बित्त,पंचम वित्त,स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, मनरेगा योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40 एम एम,पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप,इंटरलॉकिंग बिक्र,एलईडी लाइट,सोलर लाइट,स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत,रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड,नाली निर्माण,खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट,फंगिंग मशीन,कूड़ा दान,कूड़ा गाड़ी,कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण,आंगन वाड़ी भवन निर्माण, कायाकल्प,खेल मैदान निर्माण,प्राथमिक विद्यालय निर्माण,शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण, पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा, कमप्यूटर आदि,टाइल,बाउंड्री वाल निर्माण, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण,गोशाला में कटीला तार,प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 27/04/2025 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** — **अंजू**
**सचिव** — **मुकेश राव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत खिरई खिरवा**
**विकास खण्ड झंझरी, जनपद-गोण्डा**

**पत्रांकः मेमो राज्य वित्त आयोग,14 वा,15 वा वित्त आयोग,पंचम वित्त,केन्द्रीय वित्त,स्वच्छ भारत मिशन,आरजीएसए,मनरेगा योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड,निविदा वर्ष 2025-26 दिनांकः 20/04/25**

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खिरई खिरवा,विकासखंड झंझरी में वर्ष 2025.26 ग्राम निधि,राज्य वित्त,केंद्रीय वित्त,चौदहवाँ वित्त,पंद्रहवाँ बित्त,पंचम वित्त,स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, मनरेगा योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40 एम एम,पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप,इंटरलॉकिंग बिक्र,एलईडी लाइट,सोलर लाइट,स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत,रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड,नाली निर्माण,खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट,फंगिंग मशीन,कूड़ा दान,कूड़ा गाड़ी,कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण,आंगन वाड़ी भवन निर्माण, कायाकल्प,खेल मैदान निर्माण,प्राथमिक विद्यालय निर्माण,शौचालय निर्माण,दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण, पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा, कमप्यूटर आदि,टाइल,बाउंड्री वाल निर्माण, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण,गोशाला में कटीला तार,प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 27/04/2025 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** — **गायत्री देवी**
**सचिव** — **मुकेश राव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिसवरिया**
**विकास खण्ड झंझरी, जनपद-गोण्डा**

**पत्रांकःमेमो राज्य वित्त आयोग,14 वा,15 वा वित्त आयोग,पंचम वित्त,केन्द्रीय वित्त,स्वच्छ भारत मिशन,आरजीएसए,मनरेगा योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड,निविदा वर्ष 2025 -26 दिनांकः 20/04/25**

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिसवरिया विकासखंड झंझरी में वर्ष 2025.26 ग्राम निधि,राज्य वित्त,केंद्रीय वित्त,चौदहवाँ वित्त,पंद्रहवाँ बित्त,पंचम वित्त,स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, मनरेगा योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40 एम एम,पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप,इंटरलॉकिंग बिक्र,एलईडी लाइट,सोलर लाइट,स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत,रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड,नाली निर्माण,खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट,फंगिंग मशीन,कूड़ा दान,कूड़ा गाड़ी,कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण,आंगन वाड़ी भवन निर्माण, कायाकल्प,खेल मैदान निर्माण,प्राथमिक विद्यालय निर्माण,शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण, पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा, कमप्यूटर आदि,टाइल,बाउंड्री वाल निर्माण, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण,गोशाला में कटीला तार,प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 27/04/2025 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** — **हाजिरा बेगम**
**सचिव** — **मुकेश राव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत घरवासजोत**
**विकास खण्ड झंझरी, जनपद-गोण्डा**

**पत्रांकःमेमो राज्य वित्त आयोग,14 वां,15 वां वित्त आयोग, पंचम वित्त,केन्द्रीय वित्त,स्वच्छ भारत मिशन, आरजीएसए, मनरेगा योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड, निविदा वर्ष 2025 -26 दिनांकः 20/04/25**

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घरवासजोत विकासखंड झंझरी में वर्ष 2025.26 ग्राम निधि,राज्य वित्त,केंद्रीय वित्त,चौदहवाँ वित्त,पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त,स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस,मनरेगा योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40 एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम,सीमेंट,सरिया,बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई, ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग बिक्र, एलईडी लाइट,सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत,रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड,नाली निर्माण,खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगन वाड़ी भवन निर्माण, कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण,पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर, सी.सी कैमरा, कमप्यूटर आदि, टाइल, बाउंड्री वाल निर्माण,गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कटीला तार,प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 27/04/2025 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** — **विद्यावती उर्फ बड़का**
**सचिव** — **मुकेश राव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत गौरवा कानूनगो**
**विकास खण्ड झंझरी, जनपद-गोण्डा**

**पत्रांकः मेमो राज्य वित्त आयोग,14 वा,15 वा वित्त आयोग,पंचम वित्त,केन्द्रीय वित्त,स्वच्छ भारत मिशन,आरजीएसए,मनरेगा योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड,निविदा वर्ष 2025 -26 दिनांकः 20/04/25**

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गौरवा कानूनगो विकासखंड झंझरी में वर्ष 2025.26 ग्राम निधि,राज्य वित्त,केंद्रीय वित्त,चौदहवाँ वित्त,पंद्रहवाँ बित्त,पंचम वित्त,स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, मनरेगा योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40 एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू, लाल मोरंग, तालाब में पानी भराई, ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग बिक्र, एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड,नाली निर्माण,खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण, सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगन वाड़ी भवन निर्माण,कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण, पंचायत भवन निर्माण,पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा, कमप्यूटर आदि,टाइल,बाउंड्री वाल निर्माण, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कटीला तार,प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 27/04/2025 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** — **सुमन**
**सचिव** — **मुकेश राव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत नौबरा**
**विकास खण्ड झंझरी, जनपद-गोण्डा**

**पत्रांकः मेमो राज्य वित्त आयोग,14 वा,15 वा वित्त आयोग,पंचम वित्त,केन्द्रीय वित्त,स्वच्छ भारत मिशन,आरजीएसए,मनरेगा योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड,निविदा वर्ष 2025 -26 दिनांकः 20/04/25**

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नौबरा विकासखंड झंझरी में वर्ष 2025.26 ग्राम निधि,राज्य वित्त,केंद्रीय वित्त,चौदहवाँ वित्त,पंद्रहवाँ बित्त,पंचम वित्त,स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, मनरेगा योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40 एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप,इंटरलॉकिंग बिक्र,एलईडी लाइट,सोलर लाइट,स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत,रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड,नाली निर्माण,खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट,फंगिंग मशीन,कूड़ा दान,कूड़ा गाड़ी,कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण,आंगन वाड़ी भवन निर्माण, कायाकल्प,खेल मैदान निर्माण,प्राथमिक विद्यालय निर्माण,शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण, पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा, कमप्यूटर आदि,टाइल,बाउंड्री वाल निर्माण, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण,गोशाला में कटीला तार,प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 27/04/2025 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** — **गंगाजली**
**सचिव** — **मुकेश राव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सीहागाँव**
**विकास खण्ड झंझरी, जनपद-गोण्डा**

**पत्रांकः मेमो राज्य वित्त आयोग,14 वा,15 वा वित्त आयोग,पंचम वित्त,केन्द्रीय वित्त,स्वच्छ भारत मिशन,आरजीएसए,मनरेगा योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड,निविदा वर्ष 2025-26 दिनांकः 20/04/25**

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सीहागाँव विकासखंड झंझरी में वर्ष 2025.26 ग्राम निधि,राज्य वित्त,केंद्रीय वित्त,चौदहवाँ वित्त,पंद्रहवाँ बित्त,पंचम वित्त,स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, मनरेगा योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40 एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप,इंटरलॉकिंग बिक्र,एलईडी लाइट,सोलर लाइट,स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत,रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड,नाली निर्माण,खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट,फंगिंग मशीन,कूड़ा दान,कूड़ा गाड़ी,कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण,आंगन वाड़ी भवन निर्माण, कायाकल्प,खेल मैदान निर्माण,प्राथमिक विद्यालय निर्माण,शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण, पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा, कमप्यूटर आदि,टाइल,बाउंड्री वाल निर्माण, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण,गोशाला में कटीला तार,प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 27/04/2025 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** — **रामू**
**सचिव** — **मुकेश राव**

# उत्तराखंड के किसानों की बदल रही किस्मत, 253 किसानों ने पांच महीने में किया ढाई करोड़ से अधिक का कारोबार

एजेंसी

देहरादून। उत्तराखंड के किसानों की किस्मत बदल रही है। अभी प्रदेश के सीमांत जिलों में स्थित आईटीबीपी की बटालियनें अक्तूबर, 2024 तक मटन, चिकन और फिश सप्लाई के लिए बड़े शहरों पर निर्भर थीं। लेकिन उत्तराखंड पशुपालन विभाग और आईटीबीपी का अनुबंध पहाड़ी राज्य के किसानों के लिए सुखद और सकारात्मक परिणाम लेकर आया। इस अनुबंध के बाद शुरुआती पांच महीने में ही चार सीमांत जिलों के 253 किसान आईटीबीपी के साथ 2.6 करोड़ का कारोबार कर चुके हैं।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस योजना के बेहद सकारात्मक परिणाम आए हैं। सीमांत के किसानों की आय बढ़ने से गांवों में पलायन भी कम होगा। साथ ही वे आईटीबीपी के साथ मिलकर देश की रक्षा पंक्ति को मजबूत करने का काम भी करेंगे और आईटीबीपी को भी ताजा खाद्य सामग्री की आपूर्ति होगी।

पशुपालन विभाग ने गत 30 अक्तूबर को इस योजना को लेकर आईटीबीपी के साथ विधिवित अनुबंध किया। इसके तहत पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और चम्पावत जनपद के 10 सहकारी समितियों और एफपीओ से जुड़े 253 किसान आईटीबीपी की नजदीकी बटालियन को जिंदा मटन, चिकन, फिश की आपूर्ति कर रहे हैं। योजना के शुरुआती पांच महीने में ही ये किसान आईटीबीपी को कुल मिलाकर 79,530 किलो (42,748 किलो जिंदा भेड़- बकरी, 29,407 किलो चिकन और 7,374 किलो ट्राउट फिश) की सप्लाई कर चुके हैं। इस तरह उन्होंने आईटीबीपी के साथ कुल 2.6 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है।

सफल किसानों की कहानी-

पिथौरागढ़ जिले में मूनाकोट ब्लॉक के बड़ालू गांव के निवासी नरेंद्र प्रसाद भी जनवरी से आईटीबीपी को चिकन सप्लाई कर रहे हैं। 40 वर्षीय नरेंद्र प्रसाद बताते हैं कि उन्होंने 2022-23 में पशुपालन की कुक्कुट पालन योजना के तहत मुर्गी पालन का काम शुरू किया, अब वे प्रति माह करीब 16 कुंतल चिकन की सप्लाई करते हैं, जिससे आईटीबीपी को भी तीन कुंतल सप्लाई होती है। इसी तरह मूनाकोट ब्लॉक में ही देवदार गांव के निवासी प्रकाश कोहली भी जनवरी 2025 से आईटीबीपी को 11 कुंतल बकरी सप्लाई कर चुके हैं। इससे उन्हें 50 हजार का फायदा हुआ है। योजना का फायदा देखते हुए अब वो गोट वैली में भी आवेदन कर रहे हैं।

सालाना 20 करोड़ के कारोबार की उम्मीद-

पशुपालन विभाग के सचिव डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि योजना के तहत किसानों को सप्लाई के 24 घंटे के भीतर, डीबीटी के जरिए भुगतान किया जा रहा है। इसके लिए विभाग ने पांच करोड़ रुपये के रिवाल्विंग फंड की व्यवस्था की हुई है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत आईटीबीपी को सालाना 800 मीट्रिक टन मटन, चिकन, फिश सप्लाई की उम्मीद है, इससे किसानों को करीब 20 करोड़ का कारोबार होगा जो सीमांत किसानों की आजीविका में बड़ा बदलाव लाएगा।

## असम जेल में बंद अमृतपाल के विरुद्ध एनएसए एक साल के लिए बढ़ा

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने खडूर साहिब से कट्?टरपंथी सांसद अमृतपाल सिंह के विरुद्ध लगाया गया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) एक साल के लिए बढ़ा दिया है। जिसके बाद अमृतपाल सिंह अब एक साल और असम की डिब्रूगढ़ जेल में रहेंगे। यह अवधि 23 अप्रैल से लागू होगी। अमृतपाल सिंह 23 अप्रैल 2023 से हिरासत में है। उसकी गिरफ्तारी के तुरंत बाद ही उस पर एनएसए लगा दिया गया था और उसे असम की डिब्रूगढ़ जेल में भेज दिया गया था। सरकार ने उसकी गतिविधियों को राज्य की सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए एनएसए लगाया था।

पंजाब सरकार अमृतपाल के नौ साथियों पर लगाया एनएसए समाप्त करके उन्हें पंजाब की जेलों में शिफ्ट कर चुकी है। अमृतपाल के विरुद्ध लगाया गया एनएसए 22 अप्रैल को समाप्त होने जा रहा है, जिसके चलते यह अटकलें कई दिनों से लग रही थी कि सरकार अन्य की तरह अमृतपाल से भी एनएसए हटाकर उसे पंजाब की जेल में शिफ्ट कर सकती है। हालांकि सरकार ने अमृतपाल के एनएसए की अवधि को बढ़ाने का फैसला किया।

पंजाब सरकार की ओर से रविवार को एक पत्र मीडिया में जारी किया गया। जिस पर अमृतपाल सिंह ने 18 अप्रैल को हस्ताक्षर भी कर दिए हैं। नया एनएसए 23 अप्रैल से लागू होगा। अगर इसकी अवधि तीसरी बार बढ़ाई जाती है तो परिवार पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा सकता है।

## मेरठ के सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. उमंग मित्तल को रोबोटिक सर्जरी में मिली फ़ेलोशिप

नई दिल्ली। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाने-माने कैंसर विशेषज्ञों में शुमार सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. उमंग मित्तल ने रविवार को रोबोटिक सर्जरी में फ़ेलोशिप प्राप्त की। हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी कन्वेंशन हॉल में रविवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में डॉ. उमंग मित्तल को यह फ़ेलोशिप डिप्लोमा प्रदान किया गया। वे 6वें कैंसर समिट एंड अवॉर्ड्स 2025 में 'कैंसर केयर लीडरशिप अवॉर्ड-सर्जिकल ऑन्कोलॉजी' से भी सम्मानित हो चुके हैं।

डॉ. उमंग वर्ष 1999 से मेरठ और एनसीआर में प्रैक्टिस कर रहे सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट हैं। उन्होंने कैंसर के 20000 से अधिक मामलों का ऑपरेशन किया है और इस क्षेत्र में कैंसर के इलाज की नवीनतम तकनीकें लेकर आए हैं, जिसमें स्तन कैंसर में स्तन संरक्षण सर्जरी, मौखिक कैंसर के बाद जबड़े और जीभ का फ्री फ्लैप पुनर्निर्माण शामिल हैं। उन्होंने वक्ष कैंसर में न्यूनतम आक्रामक सर्जरी, ऑपरेशन के दौरान कैंसर सर्जरी की पूर्णता की पहचान करने के लिए फ्रोजन सेक्शन का उपयोग, सर्जरी के दौरान कैंसर के फैलाव की निगरानी करने में महत्वपूर्ण काम किया है। उन्होंने ऑपरेशन के बाद की जटिलताओं को रोकने और आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र को हटाने के लिए आईसीजी जासूसी कैमरा सर्जरी तथा सर्जरी के दुष्प्रभावों को कम करने पर काम किया है। इसके अलावा उन्होंने रिकवरी में सुधार करने और बेहतर कैंसर सर्जरी करने के लिए कैंसर में रोबोटिक सर्जरी शुरू की है।

## मप्र के दमोह में खाली पार्सल ट्रेन पटरी से उतरी, थर्ड लाइन और दमोह-सागर अप ट्रैक हुआ बाधित

दमोह । मध्य प्रदेश के दमोह रेलवे स्टेशन पर रविवार को एक बड़ा रेल हादसा टल गया। यहां मलैया मिल रेलवे फाटक के पास एक खाली पार्सल ट्रेन पटरी से नीचे उतर गई। गाड़ी के दो डिब्बे ट्रैक से नीचे आ गए और ट्रेन विद्युत पोल से टकरा गई। इससे थर्ड लाइन और दमोह सागर अप ट्रैक बाधित हो गया। इसके कारण यात्री सेवा प्रभावित हुई है। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी-कर्मचारी ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में जुट गए हैं। घटना रविवार दोपहर करीब 3:00 बजे की है। बताया गया कि कटनी से बीना जा रही एक खाली पार्सल ट्रेन की तीन बोगियों के पहिए पटरी से उतर गए। ट्रैक से नीचे उतरी ट्रेन की ये बोगियां विद्युत पोल से टकरा गई, जिससे विद्युत पोल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेन खाली होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। बताया जा रहा है कि मालगाड़ी ट्रेन थर्ड लाइन से अप ट्रैक की तरफ शिफ्ट हो रही थी। इस दौरान हादसा हो गया। इस हादसे से थर्ड लाइन और दमोह सागर अप ट्रैक बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रेल विभाग के टेक्निकल प्रभारी प्रवीण कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया। कलेक्टर सुधीर कोचर के निर्देश पर तहसीलदार मोहित जैन भी स्थिति का जायजा लेने रेलवे स्टेशन पहुंचे।

# पेज एक का शेष

### हावर्ट...

मुख्य मंडी है। यहां पर कपड़े का भी बड़ा व्यापार है। इसके चलते ट्रक रात भर खड़े रहते हैं। लोगों को जाम का सामना करना पड़ता है। दिन में भी आवागमन में दिक्कत होती है। पर, अब फोरलेन बन जाने पर दिन हो या रात लोग घर आ-जा सकेंगे और व्यापरियों के माल का आना जाना भी आसान हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पूरी परियोजना को लोक निर्माण विभाग और सेतु निगम कर रहे हैं और सिंचाई विभाग को भी जिम्मेदारी दी गई है कि वह बरसात से पूर्व रेगुलेटरों का अनुरक्षण कर ले। कोई समस्या हो तो समय रहते उसका समाधान कर लिया जाए ताकि शहर के अंदर जलजमाव की समस्या न होने पाए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राजघाट पुल से डोमिनगढ़ तक 4 किलोमीटर से अधिक की फोरलेन सड़क बनेगी, इस पर 195 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। ऐसे ही डोमिनगढ़ से माधोपुर तटबंध होते हुए महेसरा तक 10 किलोमीटर से अधिक मार्ग को फोरलेन किया जाएगा जिस पर लगभग 380 करोड़ रुपये खर्च होंगे। साथ ही डोमिनगढ़ में एक रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण होगा जिस पर 132 करोड़ रुपये खर्च होना है। यानी कुल 700 करोड़ रुपये के ऊपर का यह कार्य जनता के लिए स्वीकृत किया गया है। स्वीकृति के बाद यहां कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कार्यदायी संस्थाएं समय पर कार्य पूर्ण कर लेंगी और लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

सीएम योगी ने कहा कि इस कार्य के प्रारंभ होने से तात्कालिक रूप से कुछ लोगों को परेशानी हुई होगी। किसी का भी मकान या मंदिर, मार्ग में आ रहा हो तो उसके सम्मानजनक ढंग से पुनर्वास और मुआवजा की व्यवस्था प्रशासन सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि इस पूरे कार्यक्रम को आमजन और व्यापारियों की सुरक्षा व सुविधा के दृष्टिकोण से सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग अजय चौहान, जंगल कौड़िया के ब्लॉक प्रमुख बृजेश यादव, उत्तर प्रदेश मत्स्य निगम के अध्यक्ष रमाकांत निषाद, भाजपा के महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव, निवर्तमान अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### आकाशीय...

मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए। सभी जनपदों के अधिकारी इस महत्वपूर्ण विषय को ध्यान रखें।

### आयुष...

का भी प्रमाण है। योगी सरकार को पूरा भरोसा है कि आने वाले वर्षों में भी इस विधा के स्वीकार्यता और लोकप्रियता का यही सिलसिला जारी रहेगा। इसलिए सरकार का पूरा फोकस इस परंपरा को विज्ञान से जोड़ने का है। ताकि आयुर्वेद प्रदेश, देश और दुनिया को आरोग्य की राह दिखा सके। जब ऐसा होगा तब उत्तर प्रदेश इसका अग्रणी खिलाड़ी होगा। यही योगी सरकार की मंशा भी है। इसको केंद्र में रखकर इस विधा के प्रोत्साहन के लिए प्रयास भी किए जा रहे।

आयुष का बढ़ता बाजार भी इसकी लोकप्रियता और स्वीकार्यता का प्रमाण है। आंकड़े इसके गवाह हैं। वर्ष 2014 में आयुष उत्पादों का वैश्विक बाजार 2.85 अरब अमेरिकी डॉलर का था, जो 2024 में बढ़कर 43.4 अरब डॉलर का हो गया। यह 10 साल में 15 गुना से अधिक की वृद्धि है। 100 से अधिक देशों में भारत के बने हर्बल उत्पाद निर्यात किए जाते हैं। वैश्विक महामारी कोविड 19 के बाद इसमें अभूतपूर्व विस्तार हुआ। माना जा रहा है कि शैक्षिक और आर्थिक स्तर के बढ़ने के साथ लोग सेहत के प्रति और जागरूक होंगे। इससे आयुष का क्रेज और कारोबार दोनों बढ़ेगा।

आयुष के कारोबार में अभूतपूर्व वृद्धि और योग की वैश्विक लोकप्रियता इस बात का सबूत है कि आने वाला समय इलाज की इसी प्राचीन विधा है। चूंकि उत्तर प्रदेश धन्वंतरि की धरती है। योग को क्रियात्मक स्वरूप देकर इसे हर किसी के लिए उपयोगी बनाने का श्रेय गुरु गोरक्षनाथ को जाता है। इसलिए उत्तर प्रदेश में इसकी संभावना और बढ़ जाती है।

आयुष की यह लोकप्रियता और स्वीकार्यता हमारे संपन्न स्वदेशी ज्ञान और विरासत की संपन्नता का भी प्रमाण है। यही क्रम जारी रहा तो परंपरा और विज्ञान के इस संगम के जरिये आयुष पूरी दुनिया को आरोग्यता की राह दिखा सकता है। भविष्य की इन्हीं व्यापक संभावनाओं के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश को आयुष के लिहाज से देश में अग्रणी श्रेणी में लाना चाहते हैं। ऐसा होने पर उत्तर प्रदेश धार्मिक टूरिज्म के बाद हेल्थ और वेलनेस टूरिज्म का भी बड़ा बड़ा केंद्र बन जाएगा।

गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ के नाम से प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय लगभग बनकर पूरा है। इसमें नियमित कुलपति की नियुक्ति भी हो चुकी है। साथ ही ओपीडी का संचालन भी हो रहा है। यह विश्वविद्यालय गोरखपुर के पिपरी (भटहट) में स्थित है। विश्वविद्यालय में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा व डिग्री के कोर्स चलेंगे। योगी सरकार इलाज की इस विधा के प्रोत्साहन के लिए पहले ही आयुष बोर्ड का गठन कर चुकी है।

गोरखपुर के आयुष विश्वविद्यालय के अलावा अयोध्या में राजकीय आयुर्वेदिक और वाराणसी में राजकीय होम्योपैथिक कॉलेज भी शीघ्र संचालित होने लगेंगे। फिलहाल प्रदेश में इस समय 2110 आयुर्वेदिक, 254 यूनानी,1585 होम्योपैथिक चिकित्सालय हैं। इसके साथ आठ आयुर्वेदिक कॉलेज एवं इनसे संबद्ध चिकित्सालय, दो यूनानी कॉलेज और इनसे संबद्ध चिकित्सालय और 9 होम्योपैथिक कॉलेज उनसे संबद्ध चिकित्सालय और वेलनेस सेंटर भी हैं। आयुष के बढ़ते क्रेज और कारोबार से स्थानीय स्तर पर औषधीय खेती को प्रोत्साहन मिलेगा। इनके प्रसंस्करण के लिए स्थानीय स्तर पर कुटीर उद्योग लगेंगे। इनमें ग्रेडिंग, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, लोडिंग, अनलोडिंग और मार्केटिंग के लिए रोजी रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। लोग आसपास उगने वाली जड़ी-बूटियों का संग्रह कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। इसका सर्वाधिक लाभ स्थानीय किसानों और छोटे उद्यमियों को होगा।

### प्रधानमंत्री...

महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम पर सत्र की अध्यक्षता नीति आयोग के सीईओ सुब्रह्मण्यम करेंगे।कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण के अलावा पुरस्कार विजेता की पहलों पर बनी एक फिल्म भी दिखाई जाएगी। इस समारोह में केन्द्र के सचिव, अतिरिक्त सचिव, संयुक्त सचिव, उप सचिव, सहायक सचिव तथा राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी जिनमें मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान सचिव तथा केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थानों के प्रमुख, रेजिडेंट कमिश्नर, केंद्रीय सेवाओं के अधिकारी तथा जिला कलेक्टर शामिल होंगे।

### सपा...

2 जून को सपा नेतृत्व पर जानलेवा हमला, संसद में पदोन्नति में आरक्षण का बिल फाड़ना, संतों, गुरुओं व महापुरुषों के सम्मान में बनाए गए नए जिलों, पार्कों, शैक्षणिक व मेडिकल कॉलेजों के नाम बदलना आदि ऐसे घोर जातिवादी कृत्य हैं, जिन्हें माफ करना असंभव है। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि उनकी पार्टी अपने सतत प्रयासों से जाति व्यवस्था को खत्म करने व समाज में भाईचारा कायम करने के अपने मिशन में काफी हद तक सफल रही है, लेकिन समाजवादी पार्टी अपने संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए इसे हर तरह से बिगाड़ने में लगी हुई है, इससे लोगों को सावधान रहना चाहिए।

### शारिक ...

कि प्राइम प्रॉपर्टी खरीदी थी।

वर्तमान में जमीन की कीमत दो करोड़ 31 लाख रुपये है। वर्ष 2011 में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए संपत्ति को जिलाधिकारी कार्यालय अटैच किया गया था। आरोपितगण ये साबित नहीं कर पाये कि ये जमीन इन्होंने वैध तरीके से खरीदी थी। पिछले कुछ महीने में पैरवी करके पुलिस के द्वारा सेक्शन 15 में एडीजे गैंगस्टर कोर्ट के तहत इस जमीन को सरकार में निहित किया गया है। इस जमीन का उपयोग है लोक कल्याणकारी कार्य में किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़...

बालोद। एसआर भगत - पुलिस अधीक्षक, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही। विजय पाण्डे - पुलिस अधीक्षक, जांजगीर-चांपा।

### हिमाचल ...

वह दूसरों पर आरोप लगाए जा रहे है, जबकि खुद अव्यवस्था फैलाई जा रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहली बार सुनने को मिला कि हिमाचल जैसे राज्य में पहली बार ट्रेजरी बन्द रही है, जबकि नेशनल हेराल्ड जोकि प्रकाशित नहीं हो रही को करोड़ों के विज्ञापन जारी कर दिए गए हैं। इतना ही नहीं बेशर्मी दिखाते हुए कहा जा रहा है कि अपना पेपर है, मैं दूंगा।

नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार में पूर्व में उनके स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए मेडिकल डिवाइस पार्क बद्दी के लिए एक सौ करोड़ दिए थे, जिसमें इन्होंने 25 करोड़ जारी होने के बावजूद उसे वापिस कर कहा कि हमसे नहीं बन सकता है। देश भर में तीन बल्ग ड्रग पार्क केंद्र की ओर से जारी किए गए। जिसमें एक बल्ग ड्रग पार्क एक हजार करोड़ का हिमाचल को मिला है, जिसमें 225 करोड़ जारी होने पर भी खर्च ही नहीं किया गया है। हेल्थकेयर में 12 क्रिटीकल केयर दिए गए हैं, एक भी पूरा नहीं हो पाया है। साथ ही 11 मदर एंड चाईल्ड हॉस्टिपल दिए, शिलान्यास भी किए थे जो बंद पड़े हैं। इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब्स सहित अन्य पर काम ही नहीं किया गया।

स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि नेशनल सेंटर ऑफ डिजीज कंट्रोल एनसीडीसी दिया गया था, उसे याद दिलाने के बाद अब जमीन प्रदान की गई है। क्या ये सरकार के चलने का तरीका है। कुंभकर्ण की नींद में सरकार सोई है, कोई भी परफार्मेंस नहीं हो रही है। ऐसे में सरकार नहीं चल सकती। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने कोविड के समय में एम्स व पांच मेडिकल कॉलेज राज्य में चला दिए हैं। तीन साल इंडियन इंस्टीचयूट तीन धौलाकुंआ में दे सकते हैं, तो हम काम कर रहे हैं। लेकिन नॉन फरफॉर्मिंग गवर्नमेंट हिमाचल में देखने को मिल रही है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता बड़े दुखी मन से अपने निर्णय को लेकर पश्चताप कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पांच साल की टर्म पूरा करने की बात उन पर डिपेंड करती है, कि वह कर पाएंगे या नहीं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांगड़ा व हिमाचल के रेलवे को लेकर विस्तार पर सीरियस होकर काम किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि 1782 करोड़ आपदा के लिए हिमाचल में दिए गए थे, जो कि विभिन्न तिथियों में प्रदान किए गए। लेकिन सरकार से डिस्ट्रब्यूशन ही सही से नहीं किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से हिमाचल को अन्य मद्दों में प्रदान किए गए बजट को गिनाते हुए कहा कि हिमाचल के विकास कार्यों के लिए 11 हजार 806 करोड का बजट दिया है। टैक्स में 2024-25 में 31 मार्च तक 10 हजार 681 करोड में से आठ हज़ार 915 करोड़ 10 जनवरी 2025 तक दिए गए।

भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आकांक्षी जिला चंबा में महत्वपूर्ण बैठकें व समीक्षा की। 2018 में पीएम मोदी ने आकांक्षी जिलों के विकास की नींव रखी थी। इसके बाद से चंबा ने विभिन्न क्षेत्रों में अच्छी प्रगति की है। हालांकि कुछ कमियां भी सामने आई हैं, उन्हें दूर करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### डा. बिंदेश्वर...

बहुल लोग लेते हैं, लेकिन महात्मा गांधी के बताये रास्ते पर चलने वाले बिरले लोग ही मिलेंगे।

रक्षा मंत्री ने कहा कि पाठक ने समाज में बदलाव और लोगों की सोच बदलने का काम किया। सामाजिक भेदभाव को दूर करने के लिए सुलभ इंटरनेशनल का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से शौचालय की बात कर सुलभ इंटरनेशनल को मान्यता देने का काम किया। स्वच्छ भारत मिशन के शुरू होने के बाद 95 फीसदी से अधिक गांव ओडीएफ प्लस घोषित हो गए हैं। इसमें बिंदेश्वर पाठक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

कार्यक्रम के बाद राजनाथ सिंह लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल से मिलने उनके आवास पहुंचे। शनिवार को एक कार्यक्रम में महापौर के पैर में मोच आ गयी थी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, एमएलसी रामचन्द्र प्रधान, विधायक डॉ. नीरज बोरा, नित्या पाठक, पंकज जैन व फतेह बहादुर सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### कृषि ...

अधिकाधिक लाभान्वित किया जा सकें।

द्विपक्षीय बैठकों में जैव ईंधन ए जैव ऊर्जा ए आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण और कृषि मशीनरी के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा हुई हैए जिससे भारतीय किसानों को वैश्विक स्तर की तकनीक मिल सकेगी।

श्री चौहान ने कहा कि दोनों देशों के संयुक्त प्रयासों से वैश्विक खाद्य सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने ब्राजील के कृषि एवं पशुधन मंत्री कार्लोस हेनरिक बैकेटा फ़ेवरो और कृषि विकास एवं पारिवारिक कृषि मंत्री लुईज पाउलो टेक्सेरा के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी की। इन बैठकों में कृषि कृषि.प्रौद्योगिकी ग्रामीण विकास और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।उन्होंने साओ पाउलो में ब्राजील के कृषि व्यवसाय समुदाय के 27 सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान कृषि व्यापारए उत्पादन तकनीकए खाद्य प्रसंस्करण जैव ईंधन तकनीकी नवाचार और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण पर सहयोग की संभावनाओं पर विचार.विमर्श हुआ। केंद्रीय मंत्री ने ब्राजील के सोयाबीन उत्पादन संयंत्र टमाटर के खेत और अन्य संस्थानों का दौरा करके मशीनीकरण सिंचाई और खाद्य प्रसंस्करण जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को करीब से देखा।

### मुर्शिदाबाद ...

शिविर नहीं, डिटेंशन कैंपजिस स्कूल को शरण स्थल माना गया, वह कुछ ही घंटों में पुलिस की कैदगाह बन गया। कालियाचक के एसडीपीओ और आईपीएस अधिकारी फैसल रज़ा की निगरानी के नाम पर वहां रह रहे सैकड़ों लोगों को उनके परिवारजनों से मिलने तक नहीं दिया गया। बेटियों को मां से, पत्नियों को पति से और वृद्धों को उनके बच्चों से अलग कर दिया गया। पुलिस के जवान लगातार डरा-धमका कर उन्हें चुप रहने को मजबूर करते रहे। खाना मिला, लेकिन ऐसा जिसे देखकर भूख भी शर्म से सिर झुका ले।हिन्दुस्थान समाचार की टीम जब वहां पहुंची तो भीतर से चीखें सुनाई दीं। ''हमें यहां बंद कर दिया गया है, कोई सुनने वाला नहीं,'' ये शब्द सुमोना (परिवर्तित नाम) की जुबान से नहीं, उसकी आत्मा से निकले थे। उन्होंने कहा, ''हम मुस्लिम दंगाइयों से किसी तरह जान बचाकर भागे, लेकिन यहां पुलिस ने हमें फिर से कैद कर लिया।'' फैसल रज़ाः वर्दी में जहालत की मिसालसबसे चौंकाने वाली बात तब सामने आई जब मीडिया को अंदर जाने से रोका गया। आईपीएस फैसल रज़ा ने माननीय कोर्ट के आदेश का हवाला देकर कवरेज पर रोक लगाई, जबकि ऐसा कोई आदेश था ही नहीं। जब उनसे आदेश दिखाने को कहा गया तो वह धमकियों पर उतर आए। उनका लहजा ऐसा था, जैसे किसी गली का बदमाश पत्रकारों को डरा रहा हो। उन्होंने संविधान से नहीं, बल्कि शायद इस्लामिक कट्टरपंथी सोच से प्रेरणा लेकर अपने व्यवहार को गढ़ा था। शिविरों में रह रहे तपन (परिवर्तित नाम) ने कहा, ''हमने कभी नहीं सोचा था कि एक लोकतांत्रिक देश में अपने ही देश की पुलिस हमें कैद करेगी। हम तो बस जीना चाहते हैं, लेकिन क्या हिंदू होना ही हमारा गुनाह है ?''

राज्यपाल, मानवाधिकार व महिला आयोग के सामने भी शरणार्थियों ने खोले राजपुलिस की इस बर्बरता के खिलाफ कैंप में रह रहे लोगों ने शुक्रवार और शनिवार (18 और 19 अप्रैल) को तब भी गुस्सा जाहिर किया, जब उनसे मिलने के लिए राज्यपाल डॉक्टर सीवी आनंद बोस, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम पहुंची थी। लोगों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बताया कि किस तरह से उन्हें सुरक्षा के नाम पर उनके परिवार से अलग रखा गया। धमकी दी गई और जबरन घर ( मालदा से मुर्शिदाबाद) खदेड़ा गया। लोगों ने साफ-साफ यह बात कही है कि उन्हें एक तरह से कैद करके रखा गया और लगातार धमकियां मिली, जिससे यहां दंगा पीड़ितों के प्रति पुलिस की संवेदना के वजाय वर्दी में मौजूद दंगाई भीड़ के समर्थक अधिकारियों का वर्चस्व उजागर हुआ। डीएम और एसपी ने नहीं दिए कोई जवाब मालदा के स्कूल में शरणार्थियों को पुलिस की ओर से इस तरह से टॉर्चर किए जाने के बारे में शिकायत और मीडिया कवरेज में मदद के लिए गुरुवार (18 अप्रैल) की शाम कई बार मालदा के एसपी प्रदीप यादव और डीएम को फोन किया गया, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। कई सिनीयर अधिकारियों ने सीडीपीओ फैसल रजा का हवाला देकर बाद में फोन उठाना बंद कर दिया। हालांकि वहां मौके पर मौजूद स्थानीय युवाओं ने मीडिया कर्मियों की काफी मदद की और कैंप में रह रहे लोगों से दूसरे रास्ते से बात करवाया, जिसकी वजह से हकीकत खुलकर सामने आई। वहां स्थानीय लोगों ने भी पुलिस के प्रति गुस्सा जाहिर किया और कहा कि पुलिस का वर्ताव देखकर वे गुस्से में हैं, लेकिन कुछ कर नहीं पा रहे हैं। भाजपा-कांग्रेस ने लगाए गंभीर आरोपभाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने इन शिविरों को 'डिटेंशन कैंप' बताते हुए कहा कि सरकार ने इन्हें संवेदनशील शरणस्थल की जगह जेलखाना बना दिया है। उन्होंने कहा, ''करीब 400 लोग अपने घर छोड़कर भागे और अब उन्हें कैद कर रखा गया है। मीडिया और स्वयंसेवी संस्थाओं को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा।''उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस एनजीओ के दिए भोजन को भी जब्त कर स्थानीय गोदामों में भर रही है और जो मदद करने की कोशिश कर रहे हैं, उनके खिलाफ झूठे मुकदमे किए जा रहे हैं। कंग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि दंगा पीड़ितों को उनके घर तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। तृणमूल व पुलिस ने दी सफाई इन सबके बीच तृणमूल कंग्रेस के कुणाल घोष ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए भाजपा पर अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाया। उधर मालदा जिला पुलिस का कहना है कि शिविर में सभी के लिए बिना रोकटोक प्रवेश वहां मौजूद लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है, इसलिए प्रवेश को नियंत्रित किया गया है। साथ ही बड़ी संख्या में बाहरी लोगों की आवाजाही से स्थानीय इलाकों में डर, अफवाह और तनाव का माहौल बना है, जिससे न तो स्थानीय लोग सुरक्षित हैं और न ही विस्थापित लोग। लेकिन सवाल यह है कि क्या इन महिलाओं की चीखें, बच्चों की भूख और बुजुर्गों की विवशता भी कोई साजिश है? यह एक ऐसा मामला है जहां सरकार ने न सिर्फ संवैधानिक मूल्यों को रौंदा, बल्कि इंसानियत को भी तार-तार कर दिया। सवाल ये नहीं कि कौन भागा, सवाल ये है कि वो क्यों भागा और फिर क्यों कैद किया गया। अगर राज्यपाल, महिला आयोग और मानवाधिकार आयोग की मौजूदगी में भी पुलिस बर्बरता जारी है, तो फिर आम नागरिक किसके दरवाज़े जाए? सवाल ये है कि क्या राज्य सरकार वर्दी में मौजूद ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी जो संविधान की शपथ लेकर इस्लामी कट्टरपंथि के जिहादी मंसूबे को सकार करने में जुटे थे।

# कुंभ मेला आरक्षित बैरागी कैंप के अवैध कब्जाधारियों को नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। हरिद्वार स्थित बैरागी कैंप उत्तर प्रदेश के सिंचाई विभाग के स्वामित्व वाली कुंभ मेला के लिए आरक्षित भूमि है लेकिन बैरागी कैम्प मेला आरक्षित भूमि पर अतिक्रमण का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा हैं। मामला सुर्खियों में आने के बाद यूपी सिंचाई विभाग हरकत में आया हैं। जिसके चलते यूपी सिंचाई विभाग ने बैरागी कैंप मेला आरक्षित भूमि पर अतिक्रमण स्थलों को चिन्हित कर उन पर नोटिस चस्पा किए हैं। अतिक्रमण स्थल पर चस्पा नोटिस में यूपी सिंचाई विभाग ने आगाह किया है कि खुद अतिक्रमण न हटाने पर उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग द्वारा बलपूर्वक पुलिस व स्थानीय प्रशासन की मदद से अतिक्रमण हटाया जाएगा। जिसके बाद से बैरागी कैंप मेला आरक्षित भूमि पर अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मचा हुआ हैं। यूपी सिंचाई विभाग के एसडीओ भारत भूषण का कहना हैं कि बैरागी कैंप मेला भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए अतिक्रमण स्थलों पर नोटिस चस्पा किए गए हैं अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन से पुलिस बल की मांग की गई हैं तथा राजस्व विभाग से मेला आरक्षित भूमि की पैमाईश कराने के लिए पत्र लिखा गया हैं। मेला भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जो यूपी सिंचाई विभाग के स्वामित्व वाली भूमि हैं उन पर किए अतिक्रमण को कार्रवाई कर ध्वस्त किया जाएगा। वहीं बजरीवाला क्षेत्र में मेला आरक्षित भूमि की कई सौ बीघा जमीन पर चार दीवारी करते हुए अनाधिकृत कब्जा का मामला संज्ञान में आने के बाद यूपी सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने चार दीवारी निर्माण करा रहे व्यक्ति को निर्माण कार्य रोके जाने एवं भूमि से संबंधी अभिलेख प्रस्तुत किए जाने के लिए नोटिस जारी किया है।

# शिवसैनिकों ने फूंका सीएम ममता का पुतला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार एवं पलायन के विरोध में शिवसेना ने रविवार को प्रदर्शन कर सीएम ममता बनर्जी के खिलाफ प्रदर्शन कर उनका पुतला फूंका। शिवसेना ने पश्चिम बंगाल सरकार को बर्खास्त कर तत्काल वहां राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग की। शिव सेना ज्वालापुर विधानसभा प्रमुख रोहित चौहान के नेतृत्व में किए गए विरोध प्रदर्शन में भारी संख्या में शिव सैनिक बहादराबाद पृथ्वीराज चौराहे पर पहुंचे, जहां पर बनर्जी के पुतले को आग के हवाले किया। नारेबाजी करते हुए शिवसैनिकों ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग भी की।

इस दौरान जिला सचिव प्रवीन बठला ने कहाकि बंगाल में सुनियोजित तरीके से हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। यह सिर्फ बंगाल का नहीं, पूरे देश के हिंदुओं के सम्मान का सवाल है। अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मौके पर राजकुमार प्रजापति प्रदेश आईटी सचिव मुकेश उपाध्याय प्रदेश सचिव सोनू कन्नोजिया, नितिन चौहान, सचिन कुमार, रोहित चौहान, सतीश कश्यप, निशांत प्रजापति आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एनआरआई के घर हुई चोरी का खुलासा, पुलिस ने 20.70 लाख की चोरी का माल किया बरामद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवादा। नवादा में पुलिस ने रविवार को एनआरआई के घर हुई लाखों की चोरी के मामले का उद्भेदन करते हुए माल बरामद कर लिया है। नवादा में एसपी अभिनव धीमान के आदेश पर नवादा नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने तकनीकी सर्विलांस और मानवीय इंटेलिजेंस की मदद से बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने शहर के रामनगर गोनावां में एक एनआरआई संजीत सिंह के बंद घर से चोरी गए लाखों के गहने और मूर्तियां बरामद की हैं। पुलिस ने लाइन पार मिर्ज़ापुर इलाके में स्व. तपेश्वर प्रसाद के बेटे नीरज कुमार के घर पर छापेमारी की। यहां से चांदी की थाली, कटोरी, ग्लास, प्लेट, चम्मच और सिंदूर का डिब्बा बरामद किया गया। इसके अलावा तीन अंगूठियां, बजरंगबली और गणपति की धातु की मूर्तियां भी मिलीं। दो आभूषण विक्रेताओं को गिरफ्तार किया गया है। मां गायत्री ज्वेलर्स के संचालक राजू कुमार पांडेय और गढ़ पर के शुभम वर्मा को हिरासत में लिया गया है। शुभम पर चोरी के गहने खरीदकर गलाने का और राजू पर गहने खरीदने का आरोप है। पुलिस के अनुसार शुभम वर्मा के घर से की गई छापेमारी में एक सोने का गले का सेट और करीब एक किलोग्राम चांदी बरामद की गई थी। राजू को उसकी दुकान से और शुभम को बिहार बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया गया। यह मामला जनवरी और फरवरी में नगर थाना क्षेत्र में हुई आठ बंद घरों में चोरी से जुड़ा है। चोरी का मुख्य आरोपी नीरज कुमार अभी फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। एनआरआई के घर से हुई चोरी का मामला सुलझा लिया है।

इस मामले को सुलझाने के लिए पुलिस ने जेल में बंद दो आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की। इसके बाद अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 19 लाख रुपये की ज्वेलरी और 1.70 लाख रुपये नगद बरामद किए। पुलिस ने जेल में बंद राहुल कुमार और नवनीत कुमार उर्फ गोल्डन को 19 अप्रैल को 24 घंटे के लिए कोर्ट से रिमांड पर लिया। राहुल कुमार नगर थाना क्षेत्र के न्यू एरिया पातालपुरी का रहने वाला है। वह लखिन्द्र सहनी का बेटा है। नवनीत कुमार पकरीबरावां थाना क्षेत्र के डीहा गांव निवासी रंजीत कुमार का बेटा है।इससे पहले 16 मार्च को पुलिस ने इन दोनों को उनके दो अन्य साथियों के साथ गिरफ्तार किया था। अन्य आरोपियों में मिर्ज़ापुर निवासी अजय सिंह का बेटा राहुल कुमार और प्रसाद बिगहा के चुन्नू विश्वकर्मा का बेटा करण विश्वकर्मा शामिल हैं। सदर एसडीपीओ हुलास कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों की स्वीकारोक्ति के बाद विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। एक आरोपी के घर से एनआरआई के घर से चोरी किए गए गहने और अन्य सामान बरामद हुए।

# कविता संग्रह 'शब्दों का संसार भाव संग्रह' का लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र की ओर से रविवार को युवा कवियों की संस्था 'मंच' के माध्यम से एक साहित्यिक आयोजन किया गया। इस दौरान कविता संग्रह 'शब्दों का संसार भाव संग्रह' का लोकार्पण किया गया। इसमें देहरादून के उभरते कवियों की कविताओं को संकलित किया गया है। पुस्तक में संस्था से जुड़े कई नवोदित और प्रतिष्ठित रचनाकारों की भाव अभिव्यक्तियां इसमें प्रकाशित की गयी हैं। लोकार्पण के अवसर पर दिल्ली से मुख्य अतिथि क़े रूप में शायर अनुज कपूर एवं अतिथि शायर अनिमेष राजपूत शामिल रहे। लोकार्पण के बाद कविता पाठ में उभरते युवा कवियों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी। मंच संस्था के कुलदीप धरवाल ने कहा कि मंच संस्था न केवल युवाओं को लेखन के प्रति प्रोत्साहित करती है, बल्कि उन्हें साहित्यिक जगत में एक सशक्त पहचान दिलाने के उद्देश्य से भी कार्य करता है। इनकी स्वरचित साहित्यिक रचनाओं के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिये कविता पाठ के आयोजन किये जाते हैं। कार्यक्रम में अजय श्रीशवाल, पार्षद मोथरोवाला सोबत चंद रमोला, शायर अनुज कपूर एवं अतिथि शायर अनिमेष राजपूत ने भी अपने विचार व्यक्त किये। काव्य पाठ क़े दौरान संस्थापक कुलदीप सिंह ने 'चोट हो प्रहार हो केसरी दहाड़ हो, बाण ऐसे छोड़ो जिनसे चीख हो पुकार हो...' ,आकांक्षा वर्मा ने 'मुझको वहशत है रौनक से, मुझको सुनसान ही रहने दो, जहां दहशत हो मुझे अपनों से, मुझको गुमनाम ही रहने दो...से महफिल मैं रौनक बिखेर दी। कार्यक्रम में सबसे कम उम्र के बालक अधीराज पुंडीर के जोशीले शब्दों ने पूरे साभागर को ऊर्जा से संचारित कर दिया। कार्यक्रम में वृंदा वाणी, आकांक्षा वर्मा, भूपेंदर नेगी, बिन्नी गहलोत, बलजीत, शाह, मानसी, शिवानी साहू, विजयपाल कलुडा, राहुल नौटियाल, प्रखर पंत, अंशुल सिंह, नैन्सी आहूजा, वैरागी, अविरल माझी, धर्मेंद्र तनुज, नीलेश, अंकुर ने भी सुंदर काव्य पाठ किया. मंच क़े सह संस्थापक मीर ने कहा की हमारा शुरू किया गया प्रयास शायद अब सफल होता दिख रहा है, जब ऐसे कलाकार सामने आकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं तो वास्तव में कार्य सार्थक होता दीखता है। कविता पाठ के इस कार्यक्रम के दौरान दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र की प्रोग्राम एसोसिएट चंद्रशेखर तिवारी, जनकवि डॉ. अतुल शर्मा, आलोक सरीन, मेघा विलसन, विनय डबराल, राकेश कुमार, अवतार सिंह सहित अनेक साहित्य प्रेमी, लेखक और प्रबुद्ध जन व अनेक युवा कवि उपस्थित रहे।

# बंजारावाला में युवक पर गोली चलाने वाले आरोपितों का एक साथी गिरफ्तार

देहरादून। देहरादून के द्वारिका एनक्लेव बंजारा वाला में एक व्यक्ति को गोली मारने वाले एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य आरोपित अभी भी फरार चल रहे हैं। मामला 19 फरवरी का है। इस दिन मोइन पुत्र यासीन निवासी कुरडी, खेडा थाना सहारनपुर उत्तरप्रदेश जो वर्तमान समय में अपने जीजा साजिद मलिक के घर द्वारिका एन्क्लेव बंजारावाला में रह रहा था। उसके घर के सामने ही उसे आरोपितों ने गोली मार दी और फरार हो गए। मोइन के जीजा साजिद मलिक की तहरीर के आधार पर कोतवाली पटेलनगर में संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने आरोपितों के एक साथी आयुष सैनी पुत्र प्रमोद सिंह, निवासी ग्राम बनवाला, बुग्गावाला, हाल निवासी देहराखास थाना पटेलनगर को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में किसी युवती के कारण आरोपितों व पीड़ित के मध्य पुरानी रंजिश का होना प्रकाश में आया है।

# बैशासी पर्व खालसा जन्मदिन के रूप में मनाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। प्रेमनगर चौक स्थित निर्मल विरक्त कुटिया के ऐतिहासिक गुरुद्वारे में रविवार को बैसाखी खालसा जन्म दिवस के रूप में मनाया गया। बाबा सुखा सिंह करनाल वाले की ओर से आयोजित कार्यक्रम में एथल, दिनसरपुर, सहदेवपुर, लालढांग, ऋषिकेश और स्थानीय क्षेत्रों से हजारों की संख्या में संगत गुरुद्वारे पहुंचे और श्री गुरु ग्रन्थ साहिब के आगे माथा टेका। इस दौरान कथावाचक ज्ञानी मंजीत सिंह देहरादून वाले ने कथा, कविशर जत्था सुखदेव सिंह अमृतसर वाले ने कविताएं और भाई गुरवंत सिंह हजूरी रागी तख्त श्री हजूरी रागी ने कीर्तन सुनाकर संगत को निहाल किया। इस अवसर पर बाबा सुल्तान सिंह लाड़ी ने बैसाखी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दशम पिता गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ चलाकर जुल्म के खिलाफ लड़ना सिखाया। खालसा दिवस बहुत पवित्र दिन है। सभी के धर्म का सम्मान करो। बाबा पंडत ने कहा कि ऐतिहासिक गुरुद्वारे में प्रत्येक वर्ष बैसाखी धूमधाम से मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोबिंद सिंह का पूरा परिवार शहीद हुआ। इस अवसर पर सूबा सिंह ढिल्लो, हरविंदर सिंह, उज्जल सिंह, सतपाल सिंह, मंजीत सिंह, कुलविंदर सिंह, हरपाल सिंह, नैनी महेंद्रू, हरमीत कौर, रणवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, रोशन सिंह, सुखविंदर सिंह, हरपाल सिंह, सोनू सिंह, हरजीत सिंह, लखविंदर सिंह आदि हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# मुस्तफाबाद हादसे के दोषियों पर कार्रवाई और पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग महापौर ने की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के महापौर महेश कुमार खींची और आम आदमी पार्टी के नेता आदिल खान ने आआपा कार्यालय में रविवार को संवाददाता सम्मेलन करते हुए मुस्तफाबाद हादसे के दोषियों पर सख्त कार्रवाई और पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग की है। महापौर महेश कुमार खींची ने मुस्तफाबाद विधानसभा के दयालपुर इलाके में चार मंजिला इमारत गिरने और हादसे में जान गंवाने वालों लोगों के प्रति दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हादसा बेहद हृदयविदायक है और पीड़ितों के प्रति उनकी पूरी संवेदना है। महापौर ने कहा कि हादसे के दोषियों पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए दिल्ली नगर निगम आयुक्त का कहा था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यह बेहद दुख की बात है और पूरा तंत्र ही भ्रष्टाचार में लिप्त है। उन्होंने कहा कि हादसे के दोषी अधिकारी पर सख्त कार्रवाई और उन्हें निलंबित करने को लेकर दिल्ली नगर निगम को पत्र लिख रहे हैं। महापौर ने कहा कि हादसे के बाद वह घटना स्थल पर मौजूद रहे और बचाव को तेजी लगने के भी कहा। उन्होंने कहा कि हादसे के दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। आम आदमी पार्टी के नेता आदिल खान ने दिल्ली सरकार द्वारा अभी तक मुआवजे की घोषणा न करने की निंदा की है। उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मृतकों के परिजनों को दस-दस लाख रुपये और घायलों को पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इमारते के मलबे से 22 लोगों को निकाला गया, जिसमें 11 लोगों की मौत और छह गंभीर रूप से घायल है।

# जन अधिकार पार्टी के विजय जिलाध्यक्ष व दीपक महानगर अध्यक्ष बने

हरिद्वार। इंडस्ट्रियल एरिया में जन अधिकार पार्टी (जनशक्ति) की कार्यकारणी के विस्तार को लेकर एक बैठक राष्ट्रीय महासचिव हेमा भण्डारी के नेतृत्व में हुई। बैठक में हरिद्वार कार्यकारणी का विस्तार किया गया। इस अवसर पर करन विजय सिंह को जिलाध्यक्ष हरिद्वार जोन, खालिद हसन जिला उपाध्यक्ष, मौहम्मद मोहसिन जिला उपाध्यक्ष, दीपक राज भट्ट महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा, संध्या विधानसभा अध्यक्ष महिला मोर्चा हरिद्वार ग्रामीण और सोनिया कामरा को विधानसभा उपाध्यक्ष महिला मोर्चा हरिद्वार बनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अली, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक बहुगुणा, प्रदेश उपाध्यक्ष ममता सिंह एवं प्रदेश सचिव प्रियंका रानी द्वारा सभी को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ हरिद्वार विधानसभा से दर्जनों युवाओं और महिलाओं ने पार्टी की सदस्यता ली। राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अली एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक बहुगुणा ने कहा कि पार्टी 2027 के विधानसभा चुनावों को मजबूती से लड़ेगी, जिसकी तैयारी बूथ स्तर से शुरू हो गईं हैं। पार्टी हर जनहित के मुद्दे उठाएगी और सड़क से सदन तक जनता की लड़ाई लड़ेगी।

# मोतिहारी में 6 साइबर फ्रॉड गिरफ्तार, पाकिस्तान एवं नेपाल से कनेक्शन आया सामने

■ करोड़ों के लेन-देन के मिले सबूत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूर्वी चंपारण। जिला साइबर थाना की पुलिस की टीम ने पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर पूर्वी चंपारण जिला के पहाड़पुर स्थित सिसवा बाजार से साइबर फ्रॉड करने वाले एक बड़े गिरोह का खुलासा करते हुए गिरोह के छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है।बताया गया है,कि इस गिरोह का नेटवर्क नेपाल से लेकर पाकिस्तान तक फैला है,जिसका बड़ा सबूत भी पुलिस को मिला है। पुलिस टीम इस गिरोह के सभी लिंकेज को खंगालने में जुटी है।पुलिस ने इन अपराधियों के पास से 10 स्मार्ट फोन, एक की-पैड फोन, 8 एटीएम कार्ड, 19 सिमकार्ड, विभिन्न बैंकों के 15 पासबुक व 66 हजार चार सौ रुपये नगद बरामद किया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि बदमाशों के पास से बरामद सिमकार्ड व पासबुक को लेकर देश के कई राज्यों में शिकायत दर्ज है। पकड़े गये अपराधियो की पहचान पहाड़पुर के सिसवा बाजार निवासी अभिमन्यु कुमार उर्फ लालू, इमामुद्दीन अंसारी, क्यामू अंसारी, सहजाद आलम, सरवर सुलतान व मनोवर आलम के रूप में हुई है,जिसने पूछताछ के दौरान नेपाल और पाकिस्तान से कनेक्शन होने का खुलासा किया है।इसके साथ ही इनलोगो ने विदेश में बैठे साइबर फ्रॉड के एक मास्टर माइंड मोहम्मद इब्राहिम के नाम का भी खुलासा किया है। एसपी ने बताया कि अपराधियो के पास से मिले पासबुक से अब तक करोड़ों के फ्रॉड किये जाने का सबूत मिला है।इन पैसो से यह गिरोह क्रिप्टो कैरेंसी खरीद कर यूएस डॉलर में तब्दील करते थे।जिसके लिए यह गिरोह बिमेन एप से यूएसडीटी में बदलकर क्राप्ट ट्रेडिंग कर रहे थे।फिलहाल पुलिस इस अंतर्राष्ट्रीय साइबर फ्रॉड गिरोह से आवश्यक पूछताछ कर रही है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063